विषयसूची

	अध्याय	पृष्ठ संख्या
	2016-17 – एक परिप्रेक्ष्य	1
I	कार्यकारी सारांश	5
II	बोर्ड का गठन एवं प्रकार्य	15
III	प्रशासन एवं स्थापना	17
III (क)	दिव्यांग कर्मचारियों का विवरण	27
IV	कॉफी अनुसंधान	28
V	विस्तारण तथा विकास	41
VI	विकास एवं संसाधन हेतु समर्थन	51
VII	निर्यात संवर्धन	58
VIII	बाज़ार अनुसंधान एवं आसूचना	69
IX	लेखा एवं वित्त	71

2016-17 एक परिप्रेक्ष्य

वर्ष 2016-17 के कॉफ़ी बोर्ड की 77 वीं वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए मुझे अत्यंत प्रसन्नता हो रही है।

वैश्विक कॉफी पतिदृश्य :

वर्ष के दौरान, कॉफ़ी का वैश्विक उत्पाद 153.9 मिलियन बैग्स था जिसमें विगात वर्ष के उत्पादन 151.6 मिलियन बैग्स की तुलना करें तो 1.51% की वृद्धि हुई है।

दूसरी और, वैश्विक कॉफी उपभोग, उत्पादन से अधिक बढ़ गया है तथा 2016 - 17 के दौरान 155.1 मिलियन बैग्स था जिसमें विगत वर्ष के उपभोग 151.5 मिलियन बैग्स की तुलना करें तो 0.3% की कमी हुई है।



अंतरराष्ट्रीय मूल्य :

यद्यपि आपूर्ति से अधिक माँग थी, वैश्विक स्तर पर कॉफ़ी मूल्य बेहत्तर मूल्य दृष्टि के साथ परिवर्तनशीलता दर्शाया है तथा मार्च 2016 से ही पुनरुत्थान की प्रवृत्ति दिखाने लगी है। वर्ष के दौरान अन्य मृदु अरेबिका (अंतरराष्ट्रीय बाज़ार में भारतीय अरेबिका की वर्गीकृत श्रेणी) का मूल्य 167.54 यूएस सेंट्स/एलबी के औसत के साथ 154.22 यूएस सेंट्स/एलबी से 184.22 यूएस सेंट्स/एलबी की श्रेणी में रहा था जो विगत वर्ष की तुलना में 9.27% अधिक था। समानत: रोबस्टा का मूल्य 96.69 यूएस सेंट्स/एलबी के औसत के साथ 80.18 यूएस सेंट्स/एलबी से 108.32 यूएस सेंट्स/एलबी की श्रेणी में रहा था जो विगत वर्ष की तुलना में 16.92 % अधिक था।

वित्तीय वर्ष 2016-17 का औसत आईसीओ संयोजित सूचकांक मूल्य 133.18 यूएस सेंट्स/एलबी पर था जो 2015-16 के दौरान 118.35 से 12.53% कम था।

हालांकि, विगत वर्ष (2015-16) के अधिकांश समय के दौरान 2009-10 के समान निम्नतम स्तर पर रहने के कारण इस प्रकार की वापसी बहुत ही स्वाभाविक है।



भारतीय परिदृश्य :

वर्ष 2016-17 के दौरान, परंपरागत कॉफ़ी क्षेत्रों में जो देश के कॉफी उत्पादन का 97% है, ग्रीष्मकाल के दौरान दिन व रात्रि तापमान में वृद्धि दिखाई दी तथा गैरा - परंपरागत व पूर्वोत्तर क्षेत्रों में मौसम संतोषजनक था। सभी परंपरागत क्षेत्रों में विलंबित व छितराए हुए मानसून मध्यम स्तर का था। केवल चिक्कमगलूरु क्षेत्र में संतोषजनक पुष्पण एवं समर्थन वर्षा प्राप्त हुई। जबकि, परंपरागत क्षेत्र के अन्य अधिकांश कॉफ़ी उपजाने वाले क्षेत्रों में पुष्पण एवं समर्थन वर्षा अपर्याप्त थी। हालांकि, जिन उपजकर्ताओं के पास ऊपरी सिंचाई की सुविधा उपलब्ध थी उन्होंने पुष्पण एवं समर्थन सिंचाई की। मध्यम वर्षा की प्राप्ति से अधिकांश क्षेत्रों में प्राकृतिक झरने का रूपायन नहीं हुआ

तथा इससे एस्टेट स्तर पर जल भंडारण स्तर निम्नस्तरीय रहा है। मध्यम स्तर की वर्षा से ब्लैक रोट, स्टॉक रोट एवं बेरी पतन जैसे रोग उत्पन्न नहीं होते। हालांकि, पूर्वोत्तर मानसून काल के दौरान भी मौसमी परिस्थिति व वर्षापात कमजोर थे।

उत्पादन तथा निर्यात :

वर्ष के दौरान, कॉफ़ी उत्पादकता (मानसूनोत्तर) 95,000 मे.ट अरेबिका व 2,17,000 मे.ट रोबस्टा को सम्मिलित करते हुए 3,12,000 मे.ट है जो विगत वर्ष (2015-16) की तुलना में कम थी।

वर्ष के दौरान, बोर्ड ने 113 देशों पर 3,56,020 मे.ट कॉफ़ी का निर्यात किया, जो देश द्वारा अब तक की गई सर्वाधिक मात्रा है। इसमें 48,344 मे.ट अरेबिका, 1,99,865 मे.ट रोबस्टा तथा 1,07,811 मे.ट इंस्टेंट एवं आर व जी कॉफ़ी सम्मिलित हैं । वर्ष के दौरान निर्यात से यूएस $ 842 मिलियन अर्जित हुए जो विगत वर्ष के दौरान यूएस $ 792.21 मिलियन थे । यह अर्जन ₹5,642 करोड के समतुल्य है जो विगत वर्ष के दौरान ₹5,179 करोड था। इटली, जर्मनी, रूसी संघ, बेलजियम तथा तुर्की पाँच प्रमुख आयातक देश थे।

स्वदेशी मूल्य :

अंतरराष्ट्रीय मूल्य के समान स्वदेशी बाज़ार ने भी मिश्रित प्रवृत्ति दर्शाई है। अरेबिका (प्लांटेशन 'ए') का मूल्य ₹225.37/किलो के औसत के साथ ₹213/किलो एवं ₹239/किलो की श्रेणी में रहा था जो विगत वर्ष प्राप्त मूल्य की तुलना में 16.16% कम था तथा रोबस्टा (चेरी-एबी) का मूल्य ₹133.18/किलो के औसत के साथ ₹109/किलो एवं ₹151/किलो की श्रेणी में रहा था जो विगत वर्ष प्राप्त मूल्य की तुलना में 11.91% अधिक था।

नीलामी मूल्य - आईसीटीए (बेंगलूरु) में प्राप्त औसत मूल्य

वित्तीय वर्ष	2010-11	2011-12	2012-13	2013-14	2014-15	2015-16	2016-17
प्लांट .ए	203.94	270.37	192.02	194.14	278.97	261.80	225.37
रोब.(चेरी-एबी)	84.20	113.51	144.78	122.16	144.96	119.01	133.18

कॉफी बोर्ड के कार्यक्रम:

वर्ष के दौरान बोर्ड ने निम्न घटकों के साथ कॉफ़ी के उत्पादन, उत्पादकता एवं गुणता के सुधारण के लिए 'एकीकृत कॉफ़ी विकास परियोजना" नामक XII वीं योजना स्कीम का कार्यान्वयन जारी रखा है यथा, अनुसंधान एवं विकास, प्रौद्योगिकी के अंतरण एवं क्षमता निर्धारण कार्यक्रम, परंपरागत क्षेत्रों में कॉफ़ी के विकास समर्थन, गैर-परंपरागत क्षेत्रों एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र में कॉफ़ी के विकास कार्यक्रम आदि। कॉफ़ी उपजकर्ताओं को पुष्पण/समर्थन बौच्छार एवं वर्षा के विपरीत प्रभाव से आश्वासन देने के लिए कॉफ़ी बोर्ड ने कॉफ़ी के लिए वर्षापात बीमा योजना (आरआईएससी) का कार्यान्वयन जारी रखा है। कॉफ़ी एस्टेट प्रचालनों के श्रमिकों की कमी दूर करने के लिए यंत्रीकरण हेतु समर्थन, निर्यात प्रोन्नयन, बाज़ार विकास तथा मूल्यक संवर्धन हेतु समर्थन प्रदान किया गया है।

परंपरागत क्षेत्रों में घटक विकास समर्थन के अधीन उपदान आवेदनों के प्रापण, संसाधन एवं संस्वीकृति के लिए ऑनलाइन सुविधा उपलब्ध है।

स्वदेशी उपभोग में 5 से 6% की सशक्त वृद्धि पाई गई है। उपभोग में वृद्धि प्राप्त करने के लिए बोर्ड द्वारा किए गए व्यय आय वृद्धि, केफ़े संस्कार के प्रसार तथा प्रोन्नयन प्रयासों के लिए आभार प्रकट किया जाता है। वर्तमान में 1,15,000 मे.ट के स्वदेशी उपभोग का अनुमान किया गया है। कॉफ़ी उद्योग की दीर्घकालीन धारणीयता बनाए रखने के लिए उपभोग का ग्राफ़ उत्तर भारत की ओर खिंचना चाहिए। इससे उतार-चढाव भरे स्वदेशी बाज़ार से उपजकर्ताओं को सहारा प्राप्त होगा। स्वदेशी उपभोग में वृद्धि से अत्यधिक रोज़गार के अवसर, उद्यमों के लिए प्रोत्साहन तथा मूल्य शृंखला में समग्र विकास प्राप्त होंगे। विकासशील बाज़ार के समर्थन के लिए बोर्ड ने अनेक पहलुओं का प्रारंभ किया है जिसमें बारिस्ता निपुणता एवं कॉफ़ी से संबंधित प्रशिक्षण के साथ-साथ रोस्टिंग के लिए समर्थन, ग्राइंडिंग व पैकैजिंग क्षेत्र के लिए प्रत्येक एकक, "मूल्य संवर्धन के समर्थन" के अधीन सहयोगी संस्थाएं, स्वयं सहायक समूह/ उपजकर्ता समूह/ सहकारी सामितियाँ व निगम सम्मिलित हैं।

निर्यात के क्षेत्र में, कॉफी बोर्ड ने वैश्विक बाज़ार में बाज़ार संपर्क का विस्तारण तथा उत्तम गुणता व उन्नत मूल्य की कॉफ़ी के अजेय निर्यातक के रूप में देश का प्रतिनिधित्व स्थापित करने के उद्देश्य से 'निर्यात प्रोन्नयन' घटक के अधीन दूरवर्ती बाज़ारों में मूल्य संवर्धित कॉफ़ी एवं उच्च मूल्य कॉफ़ी के निर्यात के समर्थन विस्तारण का कार्य जारी रखा है।

बोर्ड ने आई सी ए आर एवं अन्य राष्ट्रीय संस्थानों के सहयोग से प्रवर्धित अनुसंधान प्रयासों तथा उपजकर्ताओं को इस रोग से संयोधन के लिए सक्षम बनाकर सफेद तना छेदक (डब्ल्यू एस बी) संयोधन के लिए प्रभावी समाधान प्राप्त करने के लिए अत्यधिक प्राथमिकता दी है। संस्थागत स्तर पर, सफेद तना छेदक के आविर्भाव रोकने के लिए गण्णी बैग्स स्ट्रिप्स से मुख्य तना एवं सघन शाखाओं के आवरण तथा क्लोरोपिरीफोस 5-ई + साइपरमेत्रीन 5-ईसी के छिड़काव का परीक्षण किया गया जिससे वयस्क डब्ल्यू एस बी अत्यधिक संख्या में मारे गए हैं।

राष्ट्रीय मृदा सर्वेक्षण एवं भूमि उपयोग योजना (एनबीससएस व एलयूपी) बेंगलूरु के सहयोग से मृदा उर्वरता मूल्यांकन एवं मृदा स्वास्थ्य अनुवीक्षण परियोजना के अधीन कर्नाटक, केरल व तमिला नाडु के परंपरागत कॉफ़ी रोपण क्षेत्रों से 13 रसायनिक पैरामीटर्स के लिए कुल 6,556 मृदा प्रतिमानों का विश्लेषण किया गया तथा इसके अधीन परंपरागत कॉफ़ी रोपण राज्यों के 60 स्थाई मृदा अनुवीक्षण स्थान पूरे किए गए हैं तथा इस परियोजना के अधीन उर्वरता स्टेटस पर अधरित विशिष्ट स्थान उर्वरक संस्तुति के साथ 6,330 कॉफी उपजक्रर्ता ओं को मृदा स्वास्थ काई वितरित किए हैं। भारतीय सूचना प्रौदयोगिकी एव प्रबंध संस्थान - केरल - तिरूवनंरपुरम के सहयोग से कापी मृदा अनुवीक्षण एवं प्रबंधन (क्षेमम) (www.indiacoffeesoils.net) नामक वेब पोर्रल विकासित करते हुए निर्मोचित किया गया है, जिससे उपजकर्ता अपने एस्टेटों से संबद्ध मृदा स्वास्थ कार्ड का अभिगम कर सकते हैं।

भारतीय कॉफ़ी के प्रोन्नयन के लिए बोर्ड ने आई बी एफ़ के सहयोग से फेसबुक, ट्विटर एवं इंस्टाग्राम के माध्यम से डिजिटल मीडिया अभियान में सम्मिलित हुआ है। बोर्ड ने 1 अक्तूबर 2016 को दूसरा अंतरराष्ट्रीय कॉफ़ी दिवस मनाया है।

डबलिन, आयरलैंड में 23 से 25 जून 2016 तक "फ़लैवर ऑफ़ इंडिया- फ़ाइन कप पुरस्कार 2016" के अंतिम चरण का आयोजन किया गया जिसमें अंतरराष्ट्रीय निर्णायकों के

एक पैनल द्वारा अंतिम प्रविष्टियों का मूल्यांकन करने के बाद विभिन्न श्रेणियों के अधीन पुरस्कार विजेता कॉफ़ी का चयन किया गया। बोर्ड ने विश्व बारिस्ता प्रतियोगिता के निर्णायकों को नियम व विनियम के प्रशिक्षण दिलाने के लिए निर्णायक प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया।

अंतरराष्ट्रीय बाज़ार में भारतीय कॉफ़ी की अद्वितीयता के प्रोन्नयन के लिए बोर्ड ने मेसर्स एनडीटीवी के सहयोग से 'कॉफ़ी वी बिलीव इन' नामक फिल्म तथा तीन वाणिज्यक फिल्मों जैसे i) भारतीय कॉफ़ी- प्रकृति के संरक्षक ii) यौवन के लिए कॉफ़ी पिएं iii) एक बूंद कॉफ़ी खुशियों का खजाना का निर्माण किया है। महत्वपूर्ण गंतव्य-स्थानों पर भारतीय कॉफ़ी ब्रैंड के प्रोन्नयन के लिए बोर्ड ने 11 समुद्रपारीय प्रदर्शनियों/मेलाओं में भाग लिया। स्वदेशी बाज़ार में कॉफ़ी उपभोग के प्रोन्नयन के लिए बोर्ड ने 28 प्रदर्शनियों/मेलाओं में भाग लिया।

दिसंबर 2017
बेंगलुरु

श्रीवत्स कृष्ण
सचिव एवं सी ई ओ
कॉफ़ी बोर्ड

****

अध्याय - I

कार्यकारी सारांश

उत्पादन :

- 2016-17 के अंतिम फसल प्राक्कलन 3,12,000 मेट्रिक टन था जिसमें 95,000 मेट्रिक टन अरेबिका (कुल का 30%) तथा 2,17,000 मेट्रिक टन रोबस्टा (कुल का 70%) सम्मिलित हैं। यह विगत वर्ष के 3,48,000 मे.ट के उत्पादन से कम है।
- कॉफ़ी की समग्र फार्म उत्पादकता 761 कि.ग्रा./हे. था।
- कॉफ़ी के कुल रोपित क्षेत्र लगभग 4.49 लाख हेक्टेयर था जिसमें से कुल फलन क्षेत्र लगभग 4.10 लाख हेक्टयर था।
- देश में लगभग 3,52,694 कॉफ़ी जोत थे जिसमें से 10 हेक्टयर से भी कम के छोटे जोत लगभग 3,49,833 थे तथा यह कुल जोत का लगभग 99% है।

निर्यात :

- वर्ष के दौरान निर्मोचित निर्यात परमिट के अनुसार, ₹5,642 करोड एवं यूएस $842 मिलियन के मूल्य पर 48,344 मे.ट अरेबिका, 1,99,865 मे.ट. रोबस्टा तथा 1,07,811 मे.ट. इंस्टेंट एवं रोस्टड व ग्राइंडड कॉफ़ी को सम्मिलित करते हुए कुल 3,56,020 मे.ट कॉफ़ी (78,044 मे.ट. के पुन:निर्यात सहित) 113 देशों पर निर्यात की गई है।
- इटली, जर्मनी, रुस संघ, बेलजियम तथा तुर्कि पाँच प्रमुख आयातक देश थे।
- एकक मूल्य में निर्यातित सभी प्रकार की कॉफ़ी का समष्टिक मूल्य ₹1,58,474/- प्रति मेट्रिक टन था जो विगत वर्ष ₹1,62,737/- प्रति मेट्रिक टन था।
- कॉफ़ी बोर्ड के पंजीकृत निर्यातकों की कुल संख्या 764 हैं (वर्ष 2016-17 के दौरान 78 नए पंजीकरण सहित) जो पिछले वर्ष 686 थी।
- कुल 11,416 निर्यात परमिट (भारतीय मूल की कॉफ़ी के 9745 तथा पुन:निर्यातित-1671) एवं 193 पंजीकृत कॉफ़ी निर्यातकों को आई सी ओ मूल प्रमाण पत्र जारी किए गए हैं जो विगत वर्ष 11,051 परमिट थे।

XII वीं योजना :

- 'एकीकृत कॉफ़ी विकास परियोजना' शीर्षक की XII वीं योजना स्कीम (2012-17) में 10 घटक सम्मिलित हैं यथा, (1) धारणीय कॉफ़ी उत्पादन हेतु अनुसंधान एवं विकास, (2) प्रौद्योगिकी का अंतरण एवं क्षमता निर्धारण कार्यक्रम, (3) परंपरागत क्षेत्रों में विकास समर्थन, (4) गैर-परंपरागत क्षेत्रों में कॉफ़ी विकास कार्यक्रम, (5) पूर्वोत्तर क्षेत्र में कॉफ़ी विकास कार्यक्रम (6) कॉफ़ी के लिए वर्षापात बीमा योजना (आरआईएससी), (7) कॉफ़ी एस्टेट प्रचालनों के यंत्रीकरण हेतु समर्थन, (8) निर्यात प्रोन्नयन, (9) बाज़ार विकास तथा (10) मूल्य संवर्धन हेतु समर्थन।

अनुसंधान :

- कोलंबियन काटीमोर संकरों के विभिन्न तीन एफ$_2$ पौदों का मूल्यांकन किया गया, जिनमें से एस.5040 एवं एस.5044 की तुलना में एस.5039 (कोलंबियन काटीमोर x एस.1934) ने पत्ती किट्ट एवं बीन श्रेणियों के प्रति मृदु संवेदनशीलता, उन्नत क्षेत्र प्रतिरोध दर्शाया है।

- संकलन 7.4 एवं एस.3822 (एस.4889,एस.4890 एवं एस.4891) के बीच प्रगत पौदों का विकास किया, जिन्होंने पत्ती किट्ट के प्रति उन्नत क्षेत्र प्रतिरोध, उत्पादन क्षमता एवं बडे बीन आकार के साथ प्रगतिशील निष्पादन दर्शाया है।

- सीआरएसएस, चेट्टल्ली में अंतर-प्रजातीय संकरों के क्षेत्र मूल्यांकन से यह सूचना प्राप्त हुई है कि एस.4877 (एस.795 x एसएलएन.9) ने 77% ए ग्रेड बींस व 91,015 कि.ग्रा./हे. के अधिकतम फसल के साथ उत्तम निष्पादन प्रदर्शित किया है।

- आरसीआरएस, थांडीगुडी में, एस.5149 (काविमोर) किट्ट की ओर उत्तम क्षेत्र प्रतिरोध के साथ-साथ 1,086 कि.ग्रा. क्लीन कॉफ़ी/हे. के सुस्थिर औसत उपज निष्पादन रिकॉर्ड प्राप्त करता आ रहा है। सीज़न 2016 के दौरान, एस.5149 के स्व-बीज परंपरागत कॉफ़ी क्षेत्रों के 15 स्थानों में परीक्षणार्थ रोपित किए गए हैं।

- संकलन 10 x एस.4808 (कटुआ x एचडीटी), एस.5059 (एच डी टा x कटुआ-4/5 x संकलन 10-1/8) के बीच के संकरों से विकसित एफ़$_1$ हाइब्रिडों ने 2% संवेदनशीलता के साथ पत्ती किट्ट के प्रति उन्नत क्षेत्र प्रतिरोध के साथ 1,019 कि.ग्रा.क्लीन कॉफ़ी/हे. के अधिकतम उत्पादन क्षमता के प्रगतिशील निष्पादन दर्शाया है।

- 26 स्थानों (कर्नाटक में 15, तमिल नाडु में 6, केरल में 2 व एनटीए में 3) में तीन उदीयमान जेनोटाइप्स (एस.4814, एस.4817 व एस.5146) के साथ रोपित विस्तारित परीक्षण स्थानों के अनुवीक्षण ने उत्तम पौधों की स्थापना स्पष्ट की है। जेनोटाइप्स की तरुण प्रबलता का मूल्यांकन जेनोटाइप्स की जाँच के साथ प्रगति के पथ पर है।

- विभिन्न अर्ध-बौना जीन प्रारुप के पौधों के एसएच$_3$ जीन के समयुग्मज पौधों तथा एसएलएन.10 (एस एच$_3$ जीन की दाता के रुप में प्रयुक्त) के अनुवीक्षण करने हेतु किट्ट प्रतिरोध के लिए एस एच$_3$ जीन से संयोजन के साथ अनुक्रमिक संप्रतीक प्रवर्धित संकेतक (एससीएआर) में परीक्षण किया गया है।

- प्राकृतिक परिस्थितियों में प्रतिरोध क्षमता के मूल्यांकन के लिए 2016 मौसम के दौरान सफेद तना छेदक से प्रभावित क्षेत्रों के 15 प्रत्याशित उपजकर्ताओं को एस.4595 की बीज सामग्रियाँ वितरित की गई हैं।

- आरसीआरएस, आर.वी.नगर एवं टी ई सी, मिनिमुलूरु में सफेद तना छेदक के विरुद्ध एस.4595 के क्षेत्र निष्पादन का अनुवीक्षण जारी रखा है। आरसीआरएस, आर.वी.नगर में सफेद तना छेदक का आक्रमण शून्य था तथा टी ई सी, मिनिमुलूरु के पौधों में 0.4% संभाव्यता दर्शाई है।

- विश्व कॉफ़ी अनुसंधान (डब्ल्यूसीआर), टेक्सास के साथ हुए सहयोगी कार्यक्रम के अधीन, अभी तक सी सी आर आई के अंतरराष्ट्रीय बहु-स्थानीय भिन्नता परीक्षण (आईएमएलवीटी) स्थल पर स्थापित करने हेतु तीन बैचों में अरेबिका विभेदों के 28 इनविट्रो प्रजनित पौदे (19 अर्ध-बौने एवं 9 लंबे विभेद) प्राप्त हुए हैं। इनमें से, 18 विभेद (13 अर्ध-बौने व 9 लंबे विभेद) 2016 मौसम के दौरान क्षेत्र में रोपित किए गए हैं। शेष 10 विभेद (6 अर्ध-बौने व 4 लंबे विभेद) 2017 मौसम के दौरान क्षेत्र रोपण के लिए तैयार किए जा रहे हैं।

- वर्ष 2016-17 के दौरान, कुल 5,659.25 कि. ग्रा. बीज कॉफ़ी (अरेबिका- 3,810.75 कि.ग्रा; रोबस्टा-1,848.5 कि.ग्रा) विस्तारण नेटवर्क द्वारा परंपरागत उत्पादक क्षेत्रों के उपजकर्ताओं को वितरित किए गए। इसके अनुवर्तन में, गैर-परंपरागत क्षेत्रों के हितैषियों को अरेबिका के 9,458 कि.ग्रा. बीज कॉफ़ी की आपूर्ति की गई। इसके अलावा, 2,993 कि.ग्रा. अरेबिका तथा 550 कि.ग्रा. रोबस्टा बीज पूर्वोत्तर क्षेत्र में वितरित किए गए।

- 2016-17 के सीजन के दौरान 3 अनुसंधान फ़ार्म्स एवं 5 प्रौद्योगिकी मूल्यांकन केंद्रों से क्षेत्र रोपण के लिए सी x आर के लगभग 52,838 जड़ सहित संकर 190 उपजकर्ताओं को वितरित किए गए।

- सी x आर के जड़ सहित क्लोान का ऑन-फ़ार्म उत्पादन प्रोत्साहित करने के लिए, कर्नाटक तथा केरल में 16 प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

- साचीमोर के पत्ता विस्तारण द्वारा उच्च आवृत्ति सोमैटिक एम्ब्रयोजेनिसिस विकसित करने के लिए प्रोटोकोल विकसित किया गया तथा ऐसे एम्ब्रयोस से प्राप्त ऊतक संवर्धित पौधों को विकास के लिए रखा गया है।

- साचीमोर एवं सी x आर कल्टिवर्स के ऊतक संवर्धित पौधों के एसआरएपी मार्कर द्वारा प्रजनन शुद्धता परीक्षण ने यह स्थापित किया है कि ऊतक संवर्धित पौधों में उन्नत प्रजनन समानताएँ हैं। ऊतक संवर्धित अरेबिका पौधों (संकलन.9) के एसआरएपी मार्कर एवं एससीओटी द्वारा प्रजनन शुद्धता परीक्षण जैन इरिगेशन प्राइवट लिमिटेड द्वारा किया गया था, जिसके द्वारा जी$_4$ एवं जी$_7$ की होमोलजी क्रमश: 94% व 97% होने का संकेत प्राप्त हुआ है।

- संकलन.10 व चंद्रगिरि के बीच संकर से लगभग 58 एफ़$_1$ हाइब्रिड संकर प्रजनित किए गए तथा एस एच$_3$ जीन के पारस्परिक संकर परीक्षणों से 35 हाइब्रिडों का परीक्षण सकारात्मक रहा है तथा जीन हेट्रोज़ाइगस स्थिति में पाया गया है।

- निम्न केफ़ीन तत्व व समय पूर्व पकने की विशेषता के साथ सी.रेसमोसा x संकलन.3आर (सी.कोंजेनिसिस x सी. कनेफोरा)) सहित अंतर-विनिर्धारित कॉफ़ी विभेद विकसित किए गए हैं।

- एस सी ओ टी प्राइमर्स द्वारा अरेबिका जीन बैंक में उपलब्ध संकलनों के प्रजनन भिन्नताओं का अध्ययन किया गया।

- "परंपरागत कॉफ़ी के उपज क्षेत्रों में से मिट्टी की उर्वरता के मूल्यांकन एवं गुणता तथा मिट्टी की सशक्तता के अनुवीक्षण" पर एनबीएसएस व एलयूपी, बेंगलूरु के साथ अंतर-संस्थागत सहयोगी परियोजना के अधीन पुनरीक्षण वर्ष के दौरान कुल 6,550 मिट्टी के प्रतिमानों के पीएच, जैव कार्बन, उपलब्ध फ़ोसफोरस, पोटाशियम, सल्फर व बोरॉन का विश्लेषण किया गया था।

- मृदा, पत्ता एवं कार्षिक रसानयनिक विश्लेषण व सलाहकारी सेवा के अधीन कुल 1,395 उपजकर्ताओं से प्राप्त कुल 6,396 मृदा, 475 पत्ता व 561 कार्षिक रसायनिकों का विश्लेषण किया गया तथा उनकी रिपोर्ट उपजकर्ताओं को भेज दिया गया।

- हाल ही में निरंतर चार वर्षों से "अरेबिका एवं रोबस्टा कॉफियों के एकीकृत पोषण प्रबंधन" पर बहु-स्थानीय परीक्षणों से यह संकेत प्राप्त हुआ है कि निर्धारित अकार्बनिक उर्वरकों की मात्रा (120:90:120 कि.ग्रा.एनपीके/हे.) में कटौती के बाद उपज एवं मृदा पोषण स्थिति में विशेष कमी के बिना 1.5 टन/हे. की दर से 30% से 50% के फार्म यार्ड खाद एवं सूक्ष्मजैविक टीकाओं का उपयोग किया जा सकता है।

- सी सी आर आई एवं आर सी आर एस, आर.वी. नगर में "अरेबिका एवं रोबस्टा कॉफ़ियों के मृदा तत्व, उपज व गुणता पर विभिन्न जैव एवं अजैव पोषण स्रोतों के प्रभाव" पर बहु-स्थानीय परीक्षण ट्रायल जारी रखा गया है। इस उपचार से संस्तुत उर्वरकों की 100% तथा 1.25 मे.ट./हे. की दर से वर्मी-कंपोस्ट के मिश्रण के साथ संस्तुत उर्वरकों की 50% प्राप्त होने से ऐसा उपज प्राप्त हुआ है, जो किसी भी अन्य उपचार से अधिक था।

- यंत्रीकरण द्वारा श्रमिक सक्षमता के सुधारण कार्यक्रम के अधीन सीसीआरआई में फुहारण एवं अन्य फार्म प्रचालनों के लिए विविधोपयोगी ट्रैक्टर वाहन (एमयूटीवी) का मूल्यांकन किया गया।

- पुनरीक्षण वर्ष दौरान असम के दिमा हसाओ जिलाओं के जैव कॉफ़ी उपजकर्ताओं (23) को लाभ पहुँचाने हेतु "पूर्वोत्तर क्षेत्र में जैव कॉफ़ी उत्पादन का प्रोन्नयन" पर योजना परियोजना के अधीन "जैव कॉफ़ी उत्पादन की विभिन्न पहलुओं व नाशिकीटो के प्रबंधन एवं प्रमाणन तथा जैव कॉफ़ी एस्टेटों पर रोग संक्रमण" पर दो प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

- विभिन्न नए अरेबिका एवं रोबस्टा जेनोटाइपों का अध्ययन किया गया, कोलंबियन काटीमोर x संकलन.9, कोलंबियन काटीमोर x संकलन.5बी, चंद्रगिरि x पेड कॉफ़ी संकर एवं सी x आर एवं उगांडा (1979) ने अनावृष्टि के प्रति बेहत्तर प्रतिरोध क्षमता दर्शाई है।

- सीआरएसएस, चेट्टल्ली में एस.4877 व एचडीटी x 5बी के जैविक व अजैविक तत्वों के विकास, उपज तथा अनावृष्टि के प्रतिरोध से संबंधित संकर परीक्षण किया गया।

- कर्नाटक के कोडगु जिला के विभिन्न संपर्क क्षेत्रों के अरेबिका एवं रोबस्टा कॉफ़ी क्षेत्रों में बेरी पतन

अनुवीक्षण जारी रखा है। विगत वर्ष की तुलना में मौसम 2016-17 के दौरान अरेबिका एवं रोबस्टा कॉफ़ी बागानों में बेरी पतन कम था।

- 2016 मौसम के दौरान उन्नतांश एवं छाया की श्रेणी पर ध्यान दिए बिना मानासूनोत्तर काल के दौरान कर्नाटक के चिक्कमगलूरु क्षेत्र के अधिकांश बागानों में पत्ती किट्ट के आक्रमण का प्रतिशत 26% था। पूर्वोत्तर राज्यों में पत्ती किट्ट का प्रकोप 25% से 86% तक की श्रेणी में है।
- सी सी आर आई तथा सी आर एस एस, चेट्टल्ली के फ़ार्मों में रोपित नए अरेबिका संकरों एफ$_1$ एवं एफ$_2$ के पत्ती किट्ट रोग के क्षेत्रीय प्रभाव की संभाव्यता के अध्ययन द्वारा मूल्यांकन किया गया।
- सी सी आर आई के जीन बैंक संग्रहण में उपलब्ध 242 अरेबिका संग्रहणों से 8 तथा रोबस्टा के 79 से 41 संग्रहण कॉफ़ी पत्ती किट्ट रोग के विरुद्ध प्रतिरोधी पाए गए हैं।
- रस्ट रेस फ़्लोरा के संक्रमण के अनुवीक्षण के लिए कर्नाटक में रोपित कॉफ़ी पत्ती किट्ट विभेदक तथा 'ए' टाइप पौधों के रस्ट नाश्कीटों के प्रति प्रतिरोध क्षमता का सावधिक पडताल की गई है।
- कॉफ़ी पत्ती किट्ट के विरुद्ध नई फफूँदी अणु (बीएएस-703-02-एफ़-500 एससी) का विभिन्न मिश्रणों के साथ क्षेत्र मूल्यांकन ने यह संकेत दिया है कि अनुपचारित कंट्रोल (35.41%) की तुलना में बीएएस-703-02-एफ़-500 एससी @ 0.6 मि.ली/लि के प्रयोग से केवल 1.8% किट्ट संक्रमण हुआ है।
- वर्ष 2016-17 के दौरान कॉफ़ी सफेद तना छेदक के विरुद्ध प्रभावी प्रबंधन के लिए उपजकर्ताओं को कुल 8,495 फेरोमोन ट्रेप्स वितरित किए गए।
- कॉफ़ी बेरी बोरर के प्रबंधन हेतु कर्नाटक और केरल के कॉफ़ी उपजकर्ताओं को चुग्गे के साथ 54,185 ब्रोका ट्रैप्स वितरित किए गए। इसके अलावा, वितरित ब्रोका ट्रैप्स के साथ 1,49,958 बोतल चुग्गे सामग्रियाँ वितरित की गई हैं। इसके बाद, कॉफ़ी बेरी बोरर के नियंत्रण के लिए केरल के कॉफ़ी उपजकर्ताओं को 537 किलो फफूँदि स्पोर्स वितरित किए गए।
- सूक्ष्म कीटाणुओं की उपस्थिति की जाँच के लिए 137 मृदा प्रतिमानों का परीक्षण किया गया।
- केरल के उपजकर्ताओं को मीली बग्स संक्रमण के नियंत्रण के लिए पारिस्थितिक उपाय के रूप में 1,15,850 पैरासिटोइड्स वितरित किए गए।
- "मादा फेरोमोन के निर्धारण एवं सफेद तना छेदक द्वारा होस्ट पौधा चयन के लिए उत्तरदाई केरोमोन की पहचान के लिए उसकी भूमिका पर मेसर्स भारतीय कीटनाशक नियंत्रण के जैव-नियंत्रण अनुसंधान प्रयोगशाला लिमिटेड, बेंगलूरु द्वारा प्रायोजित परियोजना के अधीन प्रयोगशाला एवं क्षेत्र दोनों स्तर पर नए चुग्गों का परीक्षण किया गया।
- सी सी आर आई में मेसर्स भारतीय कीटनाशक नियंत्रण, लिमिटेड, बेंगलूरु के बी आर सी एल से प्राप्त फेरोमोन ब्लेंड्स के क्षेत्र मूल्यांकन से यह संकेत मिलता है कि उत्पाद कोड बी45 के कीटों के प्रति

ट्रैप कैच अधिक था, उसके बाद 58 व 44 में भी अधिक पाया गया।

- सफेद तना छेदक व कॉफ़ी बेरी बोरर पर प्रभाव की जाँच के लिए नए कीटनाशक अणुओं का परीक्षण किया गया।
- कर्नाटक के 23 व केरल 1 के कॉफ़ी एस्टेटों में "इकालॉजिकल कॉफी वेट मिल" के निष्पादन का मूल्यांकन किया गया। इससे एक किलो फल के पल्पिंग तथा उनकी लासा निकालने के लिए, अरेबिका फल के लिए 0.4 से 1 ली./कि. तक तथा रोबस्टा के लिए 0.7 से 1.4 ली./कि. तक पानी ही चाहिए जबकि परंपरागत पल्पर के लिए 3 से 5 ली/कि. तक पानी आवश्यक है। स्वदेशी इको-पल्पर का निष्पादन आयातित इको-पल्पर के बराबर पाया गया।
- कॉफ़ी में प्रदूषण निर्मूलन पर किए गए परीक्षणों से यह स्पष्ट हुआ है कि रसायनिक एवं जैविक पद्धतियों की तुलना में प्रदूषित जल का भौतिक उपचार पद्धति प्रभावकारी है।
- रोपक समुदाय से प्राप्त 15 प्रदूषित कॉफ़ी प्रतिमानों के प्रदूषण मापदंडों का विश्लेषण किया गया तथा रोपकों उससे संबंधित सुझाव प्रदान किए गए।
- कायिक व कप गुणता मापदंडों के निर्धारण लिए कुल 553 कॉफ़ी प्रतिमानों (330 वाणिज्यिक एवं 223 आर & डी प्रतिमान) का विश्लेषण किया गया।
- विश्लेषिक प्रयोगशाला में बीआईएस/एफएसएसएआई मापदंडों के निर्धारण के लिए 8 इंस्टेंट कॉफ़ी प्रतिमानों, केफ़ीन तत्व 4 आर व जी कॉफ़ी प्रतिमानों तथा नमी तत्व की उपस्थिति की जाँच के लिए 3 आर व जी कॉफ़ी प्रतिमानों का परीक्षण किया गया। इसके अलावा, कॉफ़ी शेयरधारकों से प्राप्त 108 नमी-मापनों का व्यास-मापन किया गया है।
- कॉफ़ी की रोस्टिंग एवं ब्रूइंग पर पाँच (5) 'कापी शास्त्र' प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें 103 प्रतिभागी उपस्थित थे।
- आंध्र प्रदेश, अह्मदाबाद एवं गुवाहाटी में कॉफ़ी उद्यमों के लिए तीन (3) अल्पकालीन कार्यकारी कार्यक्रम (स्टेप) आयोजित किए गए, जिनमें 32 प्रशिक्षार्थियों को रोस्टिंग व फुटकर व्यापार संबंधी प्रशिक्षण दिया गया।
- बारिस्ता निपुणता (एस्प्रेस्सो कॉफ़ी ब्रूइंग तकनीक) पर आयोजित अल्पकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम में 16 प्रशिक्षार्थियों को प्रशिक्षण दिया गया।
- कॉफ़ी गुणता प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम के 2015-16 बैच के दस (10) विद्यार्थियों ने सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूरा कर दिया है। 2016-17 के दौरान कुल बारह (12) ग्यारह विद्यार्थी इस पाठ्यक्रम में सम्मिलित हुए हैं तथा सी सी आर आई में इसका प्रथम तिमाही सत्र पूरा किया गया है और दूसरा तिमाही सत्र कॉफ़ी बोर्ड के मुख्य कार्यालय, बेंगलूरु में चल रहा है।
- डबलिन, आयरलैंड में 23 से 25 जून 2016 तक आयोजित "एस सी ए आई" विश्व कॉफ़ी सम्मेलन -2016 " के दौरान अंतरराष्ट्रीय निर्णायकों के एक पैनल द्वारा "फ़्लैवर ऑफ़ इंडिया- फ़ाइन कप पुरस्कार

2016" के कप्पिंग के अंतिम चरण के लिए चयनित 38 कॉफी प्रतिमानों का मूल्यांकन किया गया।

- बोर्ड ने अक्तूबर 2016 के दौरान विश्व बारिस्ता प्रतियोगिता के निर्णायकों को नियम व विनियम समझाने के लिए 2 दिवसीय "एन बी एस निर्णायक परीक्षण" कार्यशाला का आयोजन किया, जिसमें 24 चयनित सहभागियों ने भाग लिया।

- राष्ट्रीय बारिस्ता प्रतियोगिता - 2017, दो चरणों में आयोजित की गई: इसका प्रथम चरण दिसंबर 2016 के दौरान नई दिल्ली में तथा जनवरी 2017 के दौरान बेंगलूरु में आयोजित किया गया। राष्ट्रीय बारिस्ता प्रतियोगिता के सेमी-फ़ाइनल व फ़ाइनल राउंड फरवरी 2017 के दौरान बेंगलूरु में आयोजित किए गए।

- मुल्य संवर्धन हेतु समर्यन के अधीन उपदान प्रदान करने के लिए उद्योग/शेयरधारकों के स्वामित्वाधीन इकतालीस (41) रोस्टिंग एककों का निरीक्षण किया गया तथा लाइसेंस नवीकरण के लिए छह (6) क्यूरिंग वर्क्स का भी निरीक्षण किया गया।

विस्तारण एवं विकास :

परंपरागत क्षेत्र :

- कॉफ़ी कृषि की विभिन्न पहलुओं पर किसानों को प्रशिक्षित करने के लिए विस्तारण कार्मिकों ने 27,518 एस्टेट दौरा, 7,740 क्षेत्र निदर्शन, 97 ग्राम स्तरीय समूह बैठकें/संगोष्ठियाँ, 21 समूह संचार/संपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया तथा 3,157 सलाहकारी पत्र जारी किए गए।

- 'परंपरागत क्षेत्रों में कॉफ़ी के लिए विकास समर्थन' घटक के अधीन 2,388 हे. क्षेत्र पुनर्रोपण/विस्तारण, 2,434 एकक जल आवर्धन, 1,699 एकक गुणता प्रोन्नयन तथा 29 एकक प्रदूषण उपशमन कार्यक्रम के अधीन लाने के लिए समर्थन विस्तारित किया गया।

- "कॉफी एस्टेट प्रचालनों के यंत्रीकरण हेतु समर्थन" घटक के अंतर्गत 3,636 मशीनरियों के लिए समर्थन विस्तारित किया गया जिससे 3,281 उपजकर्ता लाभान्वित हुए।

- श्रम कल्याण उपाय के अंतर्गत 3,682 विद्यार्थियों को ₹ 1.01 करोड की राशि की सहायता प्रदान की गई।

गैर-परंपरागत क्षेत्र (आंध्र प्रदेश एवं उडिशा) :

- कॉफ़ी उपजकर्ताओं के हित के लिए विस्तारण कार्मिकों ने 2,338 कॉफ़ी जोतों का दौरा, 725 क्षेत्र निदर्शनों तथा 111 समूह बैठकों का आयोजन किया।

- कॉफ़ी कृषि की विभिन्न पहलुओं की शिक्षा प्रदान करवाने के लिए 558 जनजातीय कॉफ़ी उपजकर्ताओं को सम्मिलित करते हुए सत्रह (17) गुणता जागरूकता अभियान का आयोजन किया।

- आई टी डी ए के समर्थन द्वारा 4000 हे. कॉफ़ी कृषि के अधीन लाया गया। 1,355 ड्राइंग यार्ड के निर्माण तथा 240 बेबी पल्पर्स के प्रापण हेतु समर्थन दिया गया।

- श्रम कल्याण उपाय के अंतर्गत 448 जनजातीय विद्यार्थियों को ₹ 9.16 लाख की सहायता प्रदान की गई।

पूर्वोत्तर क्षेत्र :

- कॉफ़ी कृषि के विभिन्न पहलुओं पर कॉफ़ी उपजकर्ताओं को प्रशिक्षित करने के लिए बोर्ड के विस्तारण कार्मिकों ने 2,803 कॉफ़ी जोतों का दौरा, 1,983 क्षेत्र निदर्शनों, 187 समूह बैठकें, 56 गुणता जागरुकता अभियानों का आयोजन किया।
- भारतीय बागान प्रबंधन संस्थान, बेंगलूरु के सहयोग से जोरहाट एवं कोलासिब में आयोजित रीच-आउट कार्यक्रम में 35 जनजातीय उपजकर्ताओं ने भाग लिया।
- कॉफ़ी विस्तारण के अधीन 482 हे., समेकन के अधीन 41 हे. तथा 144 ड्राइंग यार्ड के निर्माण लिए समर्थन विस्तारित किया गया।
- श्रम कल्याण योजना के अंतर्गत 83 विद्यार्थियों को ₹ 1.89 लाख की वित्तीय सहायता प्रदान की गई।

प्रोन्नयन :

- बोर्ड ने 11 समुद्रपारीय प्रदर्शनियों में भाग लिया तथा भारतीय कॉफ़ी निर्यातकों की सक्रिय सहभागितायुक्त कार्यक्रमों के साथ 2 विशेष कार्यक्रमों/कप्पिंग सत्रों के साथ-साथ दो क्रेता-विक्रेता मिलन समारोह का आयोजन किया।
- डबलिन, आयरलैंड में जून 2016 के दौरान कॉफ़ी बोर्ड ने प्रतिष्ठित कार्यक्रम "फ़लैवर ऑफ़ इंडिया- फाइन कप पुरस्कार 2016" का आयोजन किया।
- बोर्ड ने देश में कॉफ़ी सेवन के प्रोन्नयन के संभावित क्षेत्रों के निर्धारण के बाद 28 प्रतिष्ठित स्वदेशी प्रदर्शनियों में भाग लिया।
- मूल्य संवर्धन हेतु समर्थन के अधीन अनुदान प्रदान करने के लिए 41 रोस्टिंग एकक तथा छह (6) क्यूरिंग वर्क्स का निरीक्षण किया गया ।
- आंध्र प्रदेश, अहमदाबाद एवं गुवाहाटी में कॉफ़ी उद्यमों के लिए सीआईई-आईआईपीएम के सहयोग से उद्यमिता विकास कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें 32 प्रशिक्षार्थियों ने भाग लिया।
- 103 लाभार्थियों के लिए पाँच (5) 'कापी शास्त्र' प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

बाज़ार अनुसंधान एवं आसूचना :

- वार्षिक फसल प्राक्कलन, बाज़ार रुझानों का विश्लेषण, कॉफ़ी पर डेटाबेस का अनुरक्षण तथा सावधिक अनुसंधान रिपोर्ट के कार्य किए गए।
- डब्ल्यू टी ओ एवं कॉफ़ी की व्यापार-नीति से संबंधित मामलों पर आर्थिक तथा विश्लेषणात्मक समर्थन प्रदान किया।
- 2016-17 के दौरान विभिन्न विपणन संस्थाओं को सम्मिलित करते हुए भारतीय कृषि बीमा कंपनी लि.के द्वारा कर्नाटक, केरल तथा तमिल नाडू में कॉफ़ी के लिए वर्षापात बीमा योजना (आरआईएससी) का कार्यान्वयन किया गया। 2016-17 के दौरान 726 हे. को समनुयोजित करवाते हुए 220 कॉफ़ी उपजकर्ताओं ने इय योजना में भाग लिया।
- एकक ने भारतीय कॉफ़ी पर लघु फ़िल्म के निर्माण व टी वी सी से संबंधित गतिविधियों का समन्वय किया तथा मेसर्स एनडीटीवी के सहयोग से कॉफ़ी बोर्ड ने भारतीय कॉफ़ी पर टीवीसी' स का निर्माण किया।

प्रशासन :

- "कॉफी (संशोधन) नियमावली, 2016" के नाम पर दिनांक 5 जुलाई 2016 के भारत के असाधारण राजपत्र द्वारा कॉफ़ी नियमावली, 1955 का संशोधित रूप प्रकाशित किया गया है।
- यथा 31.03.2017 को बोर्ड की स्टाफ संख्या 834 थी जिसमें 93 'क' श्रेणी के अधिकारी, 199 'ख' श्रेणी के अधिकारी तथा 542 'ग' श्रेणी के कर्मचारी सम्मिलित थे।
- वर्ष के दौरान कॉफ़ी बोर्ड (संवर्ग एवं भर्ती) नियमावली, 2014 की अधिसूचना के बाद, बोर्ड ने 70 अधिकारियों/ कर्मचारियों की नियुक्ति की तथा 83 अधिकारियों/ कर्मचारियों की पदोन्नति की है।

सतर्कता एवं कानूनी :

- वर्ष के दौरान सतर्कता प्रभाग ने 20 मामलों में से चार (4) मामलों को दंड देकर निपटाया।
- 17 मामले निपटान के लिए शेष हैं।
- 13 मामलों के निपटान के बाद 63 न्यायालय के विचाराधीन मामले लंबित हैं।

सूचना का अधिकार :

- प्राप्त 121 आवेदनों में से 118 आवेदन निपटाए गए। वर्ष के दौरान प्राप्त 21 अपीलों का निपटान किया गया।

इंजीनियरिंग एकक :

- बोर्ड के इंजीनियरिंग प्रभाग ने ₹ 2.66 करोड के व्यय के विभिन्न अंतरसंरचनात्मक विकास एवं अनुरक्षण कार्य किए हैं।

राजभाषा कार्यान्वयन :

- राजभाषा अधिनियम 1963 की धारा 3 (3) का अनुपालन सुनिश्चित किया गया तथा निर्धारित द्विभाषी प्रारूपों में केंद्र सरकार को प्रेषित की गईं।
- राजभाषा के प्रगतिशील प्रयोग से संबंधित समेकित ऑन-लाइन तिमाही प्रगति रिपोर्ट राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, नई दिल्ली को प्रेषित की गई।
- कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु एवं आंध्र प्रदेश राज्यों में स्थित 16 उप-कार्यालयों में राजभाषा कार्यान्वयन से संबंधित सावधिक निरीक्षण किया गया।
- भारतीय स्वतंत्रता की स्वर्णजयंती के उपलक्ष्य में एक चल वैजयंती की स्थापना की गई थी जिसके अधीन 10.08.2016 को आयोजित भाषण प्रतियोगिता में बेंगलूरु शहर के 22 विभिन्न सरकारी कार्यालयों/ सार्वजनिक उपक्रमों के 29 अधिकारियों/कर्मचारियों ने भाग लिया तथा वायु सेना, जालहल्ली ने चल वैजयंती जीती।
- अर्धवार्षिक हिंदी गृह पत्रिका "अंकुर" का मुद्रण किया गया तथा उसका निर्मोचन किया जाना है।

- कॉफ़ी गाइड का हिंदी अनुवाद पूरा किया गया है।

ई-पहल :

- निर्यात परमिट तथा मूल प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए हस्त प्रणाली को ऑन लाइन मोड्यूल से प्रतिस्थापित किया गया तथा उसे सशक्त बनाया जा रहा है।
- "एकीकृत कॉफ़ी विकास परियोजना" के अधीन परंपरागत क्षेत्रों में कॉफ़ी विकास कार्यक्रम घटक के विभिन्न उपघटकों के लिए उपदान आवेदन प्राप्त करने, संसाधन एवं संस्वीकृति के लिए ऑन लाइन मोड्यूल का परीक्षण अंतिम चरण पर है।

महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ :

- वर्ष के दौरान ₹ 5,642 करोड़ के $ 842 मिलियन के समतुल्य मूल्य की 3,56,020 मे.ट. कॉफ़ी 113 देशों में निर्यात किया गया, जो देश द्वारा निर्यातित सर्वोत्तम परिमाण है।
- परंपरागत क्षेत्र में, उत्तम उपज, रोग प्रतिरोधक विभेदों के साथ 2,388 हे. का क्षेत्र विस्तारण के अधीन लाया गया।
- गैर-परंपरागत क्षेत्रों (आंध्र प्रदेश एवं उडिशा) में कॉफ़ी कृषि के अधीन 4,000 हे. के क्षेत्र काम में लाया गया।
- पूर्वोत्तर क्षेत्र में पौधों की संख्या के प्रवर्धन एवं उपज के सुधारण हेतु कॉफ़ी कृषि के अधीन 481 हे. के नवीन क्षेत्र जोडे गए तथा 41 हे. क्षेत्र का समेकन किया गया।
- भारतीय कॉफ़ी के प्रोन्नयन के लिए बोर्ड ने साइबर माध्यम के सहयोग से फेसबुक, ट्विटर एवं इंस्टाग्राम के माध्यम से डिजिटल मीडिया अभियान में सम्मिलित हुआ है।

****

अध्याय - II

बोर्ड का गठन एवं प्रकार्य

कॉफ़ी बोर्ड, संसद द्वारा अधिनियमित कॉफ़ी अधिनियम 1942 के अधीन संस्थापित वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार के नियंत्रण अधीन एक सांविधिक संगठन है।

बोर्ड में, अध्यक्ष एवं सचिव (जो कॉफ़ी बोर्ड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी है) को सम्मिलित करते हुए 33 सदस्य हैं तथा सांसदों, कॉफ़ी उद्योग के विभिन्न हितैषी सदस्यों से सम्मिलित 31 सदस्यों की नियुक्ति भारत सरकार द्वारा की जाती है।

07.01.2014 से तीन वर्ष की अवधि के लिए वर्तमान बोर्ड पुनर्गठित किया गया है। हालाँकि 15 दिसंबर 2015 के राजपत्र की अधिसूचना के माध्यम से कॉफ़ी अधिनियम 1942 (1942 का VII) की धारा 4 की उप-धारा (2) एवं कॉफ़ी नियमावली 1955 के नियम 3 व 4 के उप-नियम (1) के साथ पठित नियम द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग तथा भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के 07.01.2014 की अधिसूचना का अधिक्रमण करते हुए भारत सरकार ने अधिसूचना की तारीख से अर्थात 15.12.2015 से तीन वर्ष की अवधि के लिए बोर्ड का पुनर्गठन किया गया।

हालाँकि, दिनांक 07.01.2014 की पूर्व अधिसूचना द्वारा नियुक्त 12 सदस्यों ने कर्नाटक उच्च न्यायालय में प्रत्येक रिट याचिका प्रस्तुत की तथा तदनुसार याचिकाकर्ताओं ने 15.12.2015 की अधिसूचना पर स्थगन आदेश प्राप्त किया। 06 जनवरी 2017 के अदेश द्वारा "अनुपयुक्त होने से याचिकाएँ रद्द की गई" की अभ्युक्ति के साथ इस मामले का निपटान किया गया है।

इसके अनुवर्तन में 09.03.2017 की अधिसूचना के द्वारा बोर्ड में 09 सदस्य नियुक्त किए गए हैं।

तत्पश्चात, कॉफ़ी अधिनियम, 1942 (1942 का VII) की धारा 48 की उप-धारा (2) में निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए भारत सरकार ने दिनांक 04.07.2016 की अधिसूचना द्वारा कॉफ़ी नियमावली, 1955 के कुछ विनिर्धारित प्रावधानों का संशोधन किया।

बोर्ड के प्रकार्य

बोर्ड को सौंपे गए प्रमुख कार्य इस प्रकार हैं :

1. कॉफ़ी उद्योग के हित में कृषि एवं प्रौद्योगिक अनुसंधान का संवर्धन
2. कॉफ़ी एस्टेटों के विकास हेतु सहायता
3. भारत में उत्पादित कॉफ़ी की भारत में तथा अन्यत्र बिक्रय एवं उपभोग का संवर्धन
4. बेहत्तर कार्य-परिस्थिति की संरक्षा तथा कामगारों के लिए सुविधाओं एवं प्रोत्साहनों के प्रावधान एवं सुधारण

कॉफ़ी अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार अन्य सभी प्रचालनों का प्रबंधन

इसके अलावा, बोर्ड कॉफ़ी उद्योग से संबंधित सांख्यिकीय और अन्य संगत आंकडे संग्रहीत करते हुए उद्योग के विभिन्न क्षेत्रों में सूचना प्रसारित भी करता है; बोर्ड कॉफ़ी उद्योग की तरफ से सरकार, माध्यम, व्यापार तथा जनसाधारण के लिए

मान्यताप्राप्त प्रवक्ता के रुप में कार्य करता है और देश में कॉफ़ी उद्योग के संपूर्ण प्रवर्धन तथा विकास के लिए मार्गदर्शन देता है।

कॉफ़ी बोर्ड, अंतरराष्ट्रीय कॉफ़ी संगठन, अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक संगठनों, विशिष्ट कॉफ़ी संघों जैसे अंतरराष्ट्रीय फोरम में भारतीय कॉफ़ी उद्योग का प्रतिनिधित्व करता है तथा कॉफ़ी उद्योग के लाभ के लिए उनके साथ कार्यरत है।

सांविधिक समितियाँ

बोर्ड अपनी छ: सांविधिक समितियों के माध्यम से काम करता है। एक वर्ष की अवधि के लिए प्रत्येक समिति नियुक्त की जाती है। कॉफ़ी अधिनियम के अनुसार प्रत्येक समिति के कार्य निम्नानुसार हैं :

क्र.सं	समिति का नाम	प्रकार्य
1.	कार्यकारी समिति	कॉफ़ी नियमवाली के अधीन विशेषतया सौंपे गए कार्य निपटाती है। इसके अतिरिक्त प्रचार, विपणन, अनुसंधान या बोर्ड द्वारा गठित किसी अन्य समिति को विशेषतया न सौंपे गए कार्य निपटाती है।
2.	प्रचार समिति	भारत में तथा अन्यत्र उत्पादित कॉफ़ी के बिक्रय का प्रोन्नयन तथा उपभोग के प्रवर्धन से संबंधित मामले निपटाती है।
3.	विपणन समिति	अधिनियम तथा नियमावली में निर्धारित कॉफ़ी विपणन योजना के अनुसार कार्य करती है।
4.	अनुसंधान समिति	भारत में कॉफ़ी उद्योग के हित में कृषि एवं प्रौद्योगिकीय अनुसंधान के प्रोन्नयन से संबंधित कार्य करती है।
5.	विकास समिति	कॉफ़ी एस्टेटों के विकास हेतु क्रियान्वित उपायों से संबंधित कार्य करती है।
6.	गुणवत्ता समिति	भारत में उत्पादित कॉफ़ी की गुणता में सुधारण से संबंधित सभी कार्य निपटाती है।

गैर-सांविधिक समितियाँ

बोर्ड में लेखा परीक्षा समिति के नाम से एक गैर-सांविधिक समिति भी है, जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

क्र.सं	समिति का नाम	प्रकार्य
1.	लेखा परीक्षा समिति	यह वार्षिक लेखा से संबंधित सभी कार्य करती है तथा लेखा संबंधी लेखा परीक्षा रिपोर्ट की स्थिति का अध्ययन भी करती है।

01.04.2016 से 31.03.2017 तक की अवधि के दौरान बोर्ड, सांविधिक समितियों तथा गैर-सांविधिक समितियों की बैठकों का विवरण

क्र. सं	समिति का नाम	प्रकार्य
1.	बोर्ड की बैठक :-	दिनांक 15.12.2015 की अधिसूचना को चुनौती देते हुए रिट याचिका के लंबित होने के कारण उक्त अवधि के दौरान कोई बैठक आयोजित नहीं की गई।
2.	सांविधिक समितियों की बैठकें:-	
3.	गैर-सांविधिक समितियों की बैठकें:-	

अध्याय-III

प्रशासन एवं स्थापना

कॉफ़ी बोर्ड, कॉफ़ी अधिनियम, 1942 (1942 का VII) के अंतर्गत संस्थापित एक सांविधिक निकाय है जिसका निरंतर उत्तराधिकार तथा सामान्य मोहर है एवं अपनी संपत्ति के ग्रहण तथा उसका स्वामित्व, संविदाकरण, मुकदमा चलाने एवं चलवाने का अधिकार प्राप्त है।

पुनरीक्षण वर्ष के दौरान, कॉफ़ी नियमावली, 1955 का संशोधन दिनांक 5 जुलाई 2016 "कॉफी (संशोधन) नियमावली, 2016" के नाम पर के भारत के असाधारण राजपत्र (भाग-II-खंड.3(1). में प्रकाशित किया गया है। तत्पश्चात, संवर्ग व भर्ती नियमावली 2014 का संशोधन करते हुए 8 सितंबर 2016 के भारत के असाधारण राजपत्र द्वारा प्रकाशित किया गया।

अध्यक्ष

1. श्रीमती लीना नायर, आई ए एस - 04.05.2016 तक
2. डॉ. एम.के.शन्मुगा सुंदरम - 18.05.2016 से रिपोर्ट की अवधि तक

विभागों के प्रधान

रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान, निम्नलिखित विभागों के प्रधान उनके नामों के सामने दर्शाए गए पदों पर कार्यरत थे।

1. श्री एम.चन्द्रशेखर, आई टी एस - सचिव - 22.08.2016 तक
2. डॉ.आरती दीवान गुप्ता, आई डी ए एस - वित्त निदेशक
3. डॉ.वाई.रघुरामुलु - अनुसंधान निदेशक

विभिन्न विभागों को सौंपे गए उत्तरदायित्व निम्नानुसार हैं :

1. सचिवालय विभाग

सचिवालय विभाग सभी प्रशासनिक (स्टाफ तथा कार्यालय स्थापना) तथा सतर्कता मामले, बोर्ड के विभिन्न प्रभागों/एककों में कार्य आबंटन और सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अंतर्गत सूचना प्रस्तुत करने के अनुपालन के अनुवीक्षण के लिए उत्तरदाई है। यह विभाग श्रम कल्याण उपाय संबंधी योजना के अनुवीक्षण के अलावा बोर्ड तथा सांविधिक समितियों की बैठकें आयोजित करने का कार्य भी करता है।

सचिवालय विभाग के अधीन निम्न छह (6) एकक कार्यरत हैं :-

i) प्रशासन एकक
ii) राजभाषा एकक
iii) सतर्कता एकक
iv) कानूनी एकक
v) इंजीनियरिंग एकक तथा
vi) सूचना का अधिकार एकक

2. अनुसंधान विभाग

पौधा प्रजनन, फसल प्रबंधन, रोग एवं नाशिकीट प्रबंधन, पौधा संरक्षण, फार्म संबंधी संसाधन की फसलोत्तर कार्य-प्रणाली, प्रदूषण उपशमन आदि विभिन्न पहलुओं से संबंधित अनुसंधान गतिविधियों के कार्यान्वयन का दायित्व अनुसंधान विभाग को सौंपा गया है। अनुसंधान विभाग रोपण समुदाय को सलाहकारी

सेवाएं प्रदान करने के साथ-साथ विभिन्न शेयरधारकों के हित के लिए अनेक प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित करता है। विश्लेषिक प्रयोगशाला तथा गुणता प्रभाग, अनुसंधान विभाग के अन्य एकक हैं जिनके द्वारा कॉफ़ी उद्योग के गुणता मूल्यांकन के लिए सहयोग प्रदान किया जाता है।

3. विस्तारण तथा विकास विभाग

बोर्ड के विस्तारण विभाग ने कॉफ़ी की उत्तम उत्पादकता तथा गुणता स्तर प्राप्त करने के उद्देश्य से निरंतर प्रौद्योगिकी के अंतरण हेतु अनुसंधान समुदाय तथा कॉफ़ी उपजकर्ताओं के बीच आपसी संबंध स्थापित किया है। यह विभाग कॉफ़ी कृषि, उत्पादन एवं गुणता सुधारण से संबंधित विभिन्न गतिविधियों पर कॉफ़ी उपजकर्ताओं को विकास समर्थन भी प्रदान करता है।

4. बाज़ार विकास एवं प्रोन्नयन विभाग

निर्यातकों के पंजीकरण, पंजीकरण का नवीकरण, निर्यात परमिट का निर्मोचन, भारत से कॉफ़ी के निर्यात के लिए आई.सी.ओ मूल प्रमाणपत्र, मंत्रालय को आवधिक रिपोर्ट की प्रस्तुति तथा भारत से निर्यातित कॉफ़ी पर आई.सी.ओ प्रमाणपत्र जारी करने आदि का दायित्व विभाग के निर्यात एकक को सौंपा गया है। इसके साथ ही दूरस्थ बाज़ारों को उत्तम मूल्य कॉफ़ी के निर्यात हेतु प्रोत्साहन व समर्थन देने तथा इंडियन ब्रैंड के माध्यम से मूल्य संवर्धित कॉफ़ी के निर्यात का प्रवर्धन एवं कॉफ़ी निर्यातों में सर्वोत्तम निष्पादन का निर्धारण करते हुए निर्यात पुरस्कार प्रदान करने का काम भी करता है। अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन, कार्यक्रम, अंतरराष्ट्रीय कॉफ़ी संगठन के विचार-विमर्श में सहभागिता तथा ब्रैंड प्रोन्नयन गतिविधियाँ बाह्य प्रोन्नयन के लिए आवश्यक है। स्वदेशी प्रोन्नयन के अंतर्गत संवर्धनीय गतिविधियों में स्वदेशी कार्यक्रमों में सहभागिता, माध्यम अभियान तथा कॉफ़ी रोस्टिंग, ग्राइंडिंग, तथा पैकेजिंग एकक स्थापित करने के लिए प्रगामी उद्यमियों का प्रशिक्षण सम्मिलित हैं। इस प्रशिक्षण से प्रसंस्करण एककों की स्थापना की योजना का समर्थन प्राप्त होता है।

बाज़ार अनुसंधान तथा आसूचना एकक ने कॉफ़ी निर्यात के संबंध में उद्योग के सुविधाकारक के रुप में बोर्ड की भूमिका निभाते हुए अपनी बाज़ार सूचना तथा आसूचना गतिविधियाँ जारी रखी हैं। यह एकक फसल की परिस्थिति, फसल अनुमान तथा बाज़ार आँकडे/सूचना, उद्योग से संबंधित निर्यात एवं उपयोगी व्यापार संबधी आँकडे का दैनिक आधार पर अनुवीक्षण करते हुए उनकी इनपुट देता है।

5. लेखा व वित्त विभाग

बोर्ड का लेखा एवं वित्त विभाग, बोर्ड की निधियों का आबंटन/प्रशासन, बोर्ड की लेखा का प्रबंधन तथा वित्त प्रबंधन से संबंधित सभी मामलों को निपटाता है। बोर्ड की आंतरिक लेखापरीक्षा पार्टी (आई ए पी) इस विभाग का एक अंश है जो कार्यालय के कार्यों और रिकार्डों के अनुरक्षण में सुगमता सुनिश्चित करने हेतु मुख्य कार्यालय तथा उप-कार्यालयों के वित्त एवं लेखा की आंतरिक जाँच करती है।

सचिवालय विभाग

प्रशासन एकक

(क) भर्ती

वर्ष के दौरान कॉफ़ी बोर्ड की सेवाओं के लिए विभिन्न संवर्गों में कुल 70 कार्मिकों की भर्ती हुई जिसका विवरण निम्नलिखित है :

क्र.सं.	भर्ती किए गए संवर्ग	भर्ती किए गए कार्मिकों की सं.
1.	विशेष ड्यूटी पीआर अधिकारी, नई दिल्ली	1
2.	उप निदेशक (राजभाषा)	1
3.	वस्तु विषय विशेषज्ञ	1
4.	जन संपर्क अधिकारी	1
5.	कनिष्ठ संपर्क अधिकारी	20
6.	विस्तारण निरीक्षक	45
7.	कनिष्ठ सहायक	1
	कुल:	70

(ख) पदोन्नतियाँ :

वर्ष के दौरान, कुल 83 कार्मिकों को पदोन्नत किया गया जिसका विवरण निम्नलिखित है:

क्र. सं.	किस संवर्ग से पदोन्नत हुआ	किस संवर्ग पर पदोन्नत हुआ	पदोन्नत अधिकारियों/ कर्मचारियों की सं
1.	प्रभागीय प्रधान	संयुक्त निदेशक (अनुसंधान)	1
2.	उप निदेशक (विस्तारण)	संयुक्त निदेशक (विस्तारण)	2
3.	विषय वस्तु विशेषज्ञ	प्र.प्र- कीटविज्ञान	1
4.	विषय वस्तु विशेषज्ञ	उप निदेशक (अनुसंधान)	4
5.	वरिष्ठ संपर्क अधिकारी	उप निदेशक (विस्तारण)	4
6.	सहायक विशेषज्ञ	विषय वस्तु विशेषज्ञ	1
7.	कनिष्ठ संपर्क अधिकारी	वरिष्ठ संपर्क अधिकारी	5
8.	सहायक सचिव (एम)	उप सचिव (एम)	1
9.	विस्तारण निरीक्षक	सहायक विस्ता. अधिकारी श्रेणी-1	38
10.	वरिष्ठ सहायक	सहायक सचिव (एम)	13
11.	कनिष्ठ आशुलिपिक	सहायक सचिव (आशुलिपिक)	1
12.	ड्राइवर-श्रेणी-I	ड्राइवर विशेष श्रेणी	1
13.	ड्राइवर-श्रेणी-II	ड्राइवर-श्रेणी -I	3
14.	कनिष्ठ सहायक	वरिष्ठ सहायक	7
14.	ड्राइवर-सामान्य श्रेणी	ड्राइवर-श्रेणी-II	1
		कुल	**83**

(ग) संशोधित सुनिश्चित कैरियर प्रोन्नयन योजना (एम ए सी पी एस):

वर्ष 2016-17 के दौरान संशोधित सुनिश्चित कैरियर प्रोन्नयन योजना (एम ए सी पी एस) के अंतर्गत कुल 85 कार्मिकों को वित्तीय प्रोन्नयन प्रदान किया गया।

(घ) संशोधित नम्य पूरक योजना (एम एफ सी एस):

वर्ष के दौरान संशोधित नम्य पूरक योजना (एम एफ सी एस) के अंतर्गत किसी भी अधिकारी/कर्मचारी को यथावत पदोन्नति नहीं दी गई ।

ङ) कैरियर प्रोन्नयन योजना (सी आई एस):

कैरियर प्रोन्नयन योजना (सीआईएस) के अंतर्गत किसी भी अधिकारी/कर्मचारी को वित्तीय प्रोन्नयन प्रदान नहीं किया गया।

च) स्थानांतरण तथा तैनातियाँ

वर्ष 2016-17 के दौरान सामान्य स्थानांतरण मार्गदर्शनों के आधार पर कुल 179 कार्मिकों को स्थानांतरित किया गया। इसका विवरण निम्नलिखित है :

क्र. सं.	संवर्ग/श्रेणी	स्थानांतरित/तैनात अधिकारियों/ कर्मचारियों की सं
1.	श्रेणी 'क'	25
2.	श्रेणी 'ख'	33
3.	श्रेणी 'ग'	121
	कुल	**179**

कर्मचारी कल्याण उपाय : (01.04.2016 से 31.03.2017 तक)

i) 7 अधिकारियों / कर्मचारियों [6+1=7] को ₹ 30,000/- व ₹ 24,000/- की दर से वाहन क्रय अग्रिम के रूप में कुल ₹ 2,04,000/- की राशि मंजूर की गई है।

ii) 22 अधिकारियों/कर्मचारियों को ₹ 30,000/- की दर से कुल ₹ 6,60,000/- की राशि वैयक्तिक कंप्यूटर अग्रिम के रूप में मंजूर की गई है।

iii) रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान किसीको भी भवन निर्माण संबंधी अग्रिम स्वीकृत नहीं किया गया।

iv) बोर्ड, भारतीय जीवन बीमा निगम के सहयोग से 'सामूहिक बचत सहबद्ध बीमा योजना' संचालित करता है। मार्च 2017 तक योजना में विभिन्न श्रेणी के 709 कर्मचारी इस योजना के सदस्य के रूप में नामांकित हैं तथा वित्त वर्ष 2016-17 के दौरान 49 सदस्यों को ₹ 23,45,851/- की राशि का निपटान किया गया।

श्रम कल्याण उपाय

क) शैक्षणिक छात्रवृत्ति :- शैक्षणिक वर्ष 2015-16 में एस एस एल सी परीक्षा उत्तीर्ण विद्यार्थियों तथा शैक्षणिक वर्ष 2016-17 में एस एस एल सी के पश्चात प्रथम वर्ष पी यू सी, पॉलीटेकनीक/व्यावसायिक प्रशिक्षण जैसे उच्च अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों को क्रमश: ₹ 1500/- एवं ₹ 2250/- प्रति विद्यार्थी (सामान्य / अ.ज.जा श्रेणी के लिए) तथा (अ.जा.श्रेणी के लिए) की दर से छात्रवृत्ति दी गई।

ख) प्रोत्साहन पुरस्कार :- शैक्षणिक वर्ष 2015-16 में एस एस एल सी की परीक्षा में उच्चतम अंक प्राप्त करते हुए प्रगामी अध्ययन जारी रखने के लिए एक छात्रा एवं एक छात्र को क्रमश: ₹1500/- तथा ₹1,000/- का प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किया गया।

ग) वित्तीय सहायता :- व्यावसायिक पाठ्यक्रम का अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों के अलावा स्नातक अध्ययनरत विद्यार्थियों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से कार्यान्वित योजना 2009-10 से संशोधित की गई। प्रदत्त वित्तीय सहायता का विवरण निम्नानुसार है :-

वित्तीय सहायता :

विवरण	₹ प्रति छात्र/छात्रा	
	अ.जा.श्रेणी	सामान्य /अ.ज.जा.
वित्तीय सहायता		
क) स्नातक कला, विज्ञान व वाणिज्य	3,750/-	2,500/-
ख) स्नातकोत्तर	7500/-	5,000/-
व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के लिए वित्तीय सहायता		
चिकित्सा विज्ञान, कृषि एवं अनुप्रयुक्त अध्ययन / पशुपालन / इंजिनीयरिंग / फार्मेसी / नर्सिंग तथा अन्य समस्तरीय पाठ्यक्रम	7,500/-	5,000/-

वित्त वर्ष 2016-17 के दौरान निधि की उपयोगिता

विवरण	लाभार्थियों की सं.	रकम (₹ में)
शैक्षणिक छात्रवृत्ति	2,116	36,97,500/-
प्रोत्साहन पुरस्कार	15	17,500/-
वित्तीय सहायता		
(i) स्नातक	976	30,65,000/-
(ii) स्नातकोत्तर	245	15,40,000/-
(iii) व्यावसायिक पाठ्यक्रम	330	18,47,500/-
महायोग	**3,682**	**1,01,67,500/-**
सामान्य	1,670	39,23,000/-
अनुसूचित जनजाति	609	12,61,500/-
अनुसूचित जाति	1,403	49,83,000/-
महायोग	**3,682**	**1,01,67,500/-**

वर्ष 2016-17 के दौरान बोर्ड ने श्रम कल्यापण उपाय के अंतर्गत 3,682 लाभार्थियों को ₹1,01,67,500/- की राशि प्रदान की।

31.03.2017 को यथास्थिति कॉफ़ी बोर्ड की कुल स्टाफ संख्या

यथा 31.03.2017 को कॉफ़ी बोर्ड के अनुसूचित जाति व अनुसूचित जन-जाति तथा महिला कार्मिकों की संख्या के साथ वर्ग/संवर्गवार स्टाफ संख्या का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है:-

क्र.सं	कुल		अ.जा/अ.ज.जा				महिला	
	वर्गीकरण	कर्मचारियों की संख्या	अ.जा	अ ज.जा	अ.जा/अ.ज.जा के प्रतिनिधित्व का %		कार्मिकों की सं.	महिला प्रतिनिधित्व का %
					अ.जा	अ ज.जा		
1	श्रेणी 'क'	93	13	7	13.98	7.53	17	18.28
2	श्रेणी 'ख'	199	37	14	18.59	7.04	51	25.63
3	श्रेणी 'ग'	542	99	30	18.27	5.54	125	23.06
	कुल	**834**	**149**	**51**	**17.87**	**6.12**	**193**	**23.14**

राजभाषा स्कंध

- राजभाषा स्कन्ध ने राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम के अनुसार निर्धारित लक्ष्य प्राप्त किया।
- राजभाषा अधिनियम 1963 की धारा 3 (3) के अधीन 11,986 दस्तावेज जारी किए गए एवं नियम 5 का अनुपालन किया गया, मूल पत्राचार के अधीन 70% व टिप्पण में 30-50% के बीच का लक्ष्य प्राप्त किया है।
- कार्यशालाओं व तिमाही बैठकों का आयोजन, तिमाही रिपोर्टों का ऑनलाइन प्रेषण आदि नियमानुसार किया गया है। बोर्ड के वार्षिक व लेखा-परीक्षा रिपोर्ट, विभिन्न संसदीय समितियों व स्थाई समितियों से संबंधित अनुवाद कार्य यथासमय पूरा कर दिया।
- बोर्ड के मुख्य कार्यालय में प्रत्येक तिमाही के दौरान हिंदी कार्यशालाओं का आयोजन किया गया तथा वर्ष के दौरान इन कार्यशालाओं में कुल 60 अधिकारियों/ कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया। केंद्रीय कॉफ़ी अनुसंधान संस्थान में दिनांक 15.07.2016 को विशेष हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें 95 अधिकारियों/ कर्मचारियों ने भाग लिया। ऐसे ही दिनांक 24.11.2016 को ऊतक संवर्धन केंद्र, मैसूरू; 01.12.2016 को आर सी आर एस, थांडिगुडी; 02.12.2016 को उप निदेशक (विस्तारण) का कार्यालय, कोयंबत्तूर; 27.01.2017 को संयुक्त निदेशक(वि) व उप निदेशक (वि) के कार्यालय; 16.02.2017 को आर सी आर एस, आर.वी.नगर, विशाखपट्टनम तथा 09.03.2017 को आर सी आर एस, चुंडेल में हिंदी कार्यशालाएँ आयोजित की गईं।
- बोर्ड द्वारा हिंदी में अपना मूल कार्य करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए क्रियान्वित प्रोत्साहन योजना इस वर्ष भी जारी रखा। इस योजना के अनुसार बोर्ड के कोई भी अधिकारी/कर्मचारी फ़ाइल/ रजिस्टर/कंप्यूटर पर अपना मूल कार्य करने पर प्रत्येक वर्ष के दौरान 5000 शब्द के लिए ₹2500/- की राशि पाने के लिए हकदार होते हैं। संबंधित वर्ष के दौरान 08 अधिकारियों/कर्मचारियों ने इस योजना में

भाग लिया तथा उन्हें पुरस्कृत किया गया।

- राजभाषा विभाग के दिशा-निदेशानुसार मुख्य कार्यालय के सभी अनुभागों तथा आंध्र प्रदेश, कर्नाटक केरल, तमिल नाडु स्थित 16 उप-कार्यालयों में राजभाषा से संबधित निरीक्षण किया गया
- भारतीय स्वतंत्रता की स्वर्णजयंती के उपलक्ष्य में सन् 1997 में कॉफ़ी बोर्ड द्वारा चल वैजयंती योजना प्रारंभ की गई थी, जिसके अधीन बोर्ड द्वारा प्रति वर्ष बेंगलूरु शहर में स्थित विभिन्न केंद्र सरकार के कार्यालयों/सार्वजनिक उपक्रमों में कार्यरत अधिकारियों/ कर्मचारियों के लिए अंतर-कार्यालयीन भाषण प्रतियोगिता का आयोजन करता आ रहा है। विचाराधीन वर्ष के दौरान भी 10 अगस्त 2016 को यह प्रतियोगिता आयोजित की गई थी, जिसमें 22 कार्यालयों से 29 सहभागी उपस्थित हुए। इस बार वायुसेना स्टेशन, जालहल्ली, बेंगलूरु ने चल वैजयंती जीती थी तथा इसके पुरस्कार हिंदी दिवस समारोह के अवसर पर वितरित किए गए।
- बोर्ड के मुख्य कार्यालय में 01 से 14 सितंबर 2016 तक विभिन्न प्रतियोगिताओं के साथ हिंदी पखवाडे का आयोजन किया गया। 14 सितंबर 2016 को आयोजित हिंदी दिवस समारोह में पुरस्कार विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए।
- तकनीकी विषयों पर विशेष व्याख्यान के अधीन 'माइक्रोसॉफ़्ट एक्सल' पर दिनांक 20.10.2016 को मुख्य कार्यालय के नीलामी कक्ष में विशेष व्याख्यान आयोजन किया गया। समानत: इसी विषय पर केंद्रीय कॉफ़ी अनुसंधान केंद्र, चिक्कमगलूरु में 20.02.2017 विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया।
- सी सी आर आई, बालेहोन्नूर मे प्रत्येक माह के दौरान हिन्दी में तकनीकी सेमिनार का आयोजन किया गया।
- राजभाषा स्कन्ध के वरिष्ठ अधिकारी एवं प्रतिनिधियों ने वर्ष के दौरान आयोजित दोनों नराकास (कार्यालय), बेंगलूरु की बैठकों में भाग लिया।
- नराकास (कार्यालय), बेंगलूरु के तत्वावधान में अपने सदस्य कार्यालयों के लिए आयोजित संयुक्त हिंदी दिवस समारोह के अंतर्गत कॉफ़ी बोर्ड के मुख्य कार्यालय में दिनांक 07.11.2016 को "तस्वीर देखें कविता लखे" प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु बेंगलूरू स्थित विभिन्न सदस्य कार्यालयों में से 26 प्रतिभागी उपस्थित हुए।
- केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण उपसंस्थान, राजभाषा विभाग, केंद्रीय सदन, बेंगलूरु में दिनांक 05.12.2016 से 09.12.2017 तक तथा 26.12.2017 से 30.12.2017 तक आयोजित आधारभूत कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम में राजभाषा स्कंध के दो अधिकारियों ने भाग लिया।
- केंद्रीय कॉफ़ी अनुसंधान संस्थान, बालेहोन्नूर में दिनांक 20.12.2016 से 22.12.2016 तक राजभाषा स्कंध के हिन्दी अनुवादक द्वारा हिंदी एवं कन्नड़ भाषा में त्रिदिवसीय यूनिकोड प्रशिक्षण का संचालन किया गया जिसमें 19 प्रशिक्षार्थियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।
- दिनांक 21.12.2016 को हैदराबाद में आयोजित दक्षिण-पश्चिमी एवं दक्षिण क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन

में राजभाषा स्कंध के दो अनुवादकों ने कॉफ़ी बोर्ड का प्रतिनिधित्व किया।

- राष्ट्रीय वांतरिक्ष प्रयोगशाला, बेंगलूरु में संयुक्त हिंदी दिवस के पुरस्कार वितरण समारोह में राजभाषा स्कन्ध के तीन अनुवादक उपस्थित हुए ।
- दिनांक 27.12.2016 को इसरो में "अंतरिक्ष विभाग में तकनीकी साहित्य एवं गतिविधियाँ" विषय पर आयोजित एक राजभाषा तकनीकी संगोष्ठी में राजभाषा स्कंध के उप निदेशक (रा.भा) उपस्थित हुए।
- वर्ष के दौरान कॉफ़ी बोर्ड की वेबसाइट का हिंदी संस्करण जनसाधारण के लिए होस्ट किया गया है।
- कॉफ़ी बोर्ड की संपूर्ण गाइड "कॉफी गइड" का हिंदी अनुवाद लगभग पूरा कर लिया गया है। प्रकाशन का कार्य प्रगति के पथ पर है।
- हिंदी अर्धवार्षिक गृह पत्रिका "अंकुर" का प्रकाशन प्रगति के पथ पर है। इसका निर्मोचन किया जाना है।

सतर्कता एकक

प्रकार्य

सतर्कता एकक को निम्न लिखित प्रकार्यों के निष्पादन का दायित्व दिया गया है:-

- शिकायतों की प्राप्ति तथा उन पर कार्रवाई का निर्धारण
- बोर्ड की सेवा के लिए नियुक्त व्यक्तियों के चरित्र तथा पूर्ववृत्तय का सत्यापन तथा वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार को सावधिक विवरणी की प्रस्तुति
- कॉफ़ी बोर्ड के अधिकारियों/कर्मचारियों के विभिन्न प्रयोजनों से संबद्ध सतर्कता निकासी का निर्मोचन
- बोर्ड के अधिकारियों/कर्मचारियों के चल एवं अचल तथा संपत्ति की प्राप्त के लिए प्रस्तुत आवेदन का संसाधन और वर्ग 'क' एक वर्ग 'ख' अधिकारियों की अचल संपत्ति विवरणी की संवीक्षा
- उप-कार्यालयों/मुख्य कार्यालय के विभिन्न अनुभागों की आकस्मिक सतर्कता जाँच
- अनुशासनात्मक कार्यवाही से संबंधित फ़ाइलों का संसाधन

सतर्कता मामलों का विवरण

1	यथा वर्षारंभ में अर्थात् 01.04.2017 को लंबित मामले	20 मामले
2	वर्ष के दौरान संयोजित नए मामले	01 मामले
3	वर्ष के दौरान निपटाए गए मामलों की संख्या	04 मामले
4	यथा 31.03.2016 को निपटान हेतु लंबित मामलों की संख्या	17 मामले

कानूनी एकक

कानूनी प्रकोष्ठ को निम्नलिखित कार्यों का दायित्व सौंपा गया है:-

- विपणन/स्टाफ/बिक्रय/क्रय/सेवा कर तथा श्रम आदि से संबंधित बोर्ड के सभी कानूनी विषयों का निपटान
- भारत के उच्चतम न्यायालय, संबंधित राज्यों के उच्च न्यायालय, श्रम न्यायालय, निम्न न्यायालय तथा विक्रय कर अपीलीय फोरम जैसे विभिन्न न्यायालयों के समक्ष लंबित मुकदमों का निपटान

- वाद-पत्र/प्रतिदावा तथा विवादों के तैयारीकरण के लिए बोर्ड के वकीलों को संगत अभिलेख देते हुए समन्वय एवं सहायता प्रदान करना
- कर (विक्रय कर/ क्रय कर दोनों एवं सेवा कर), सेवा संबंधी मामले, कॉफ़ी अधिनियम के संशोधन तथा कानूनी मामलों पर वाणिज्य मंत्रालय से पत्राचार
- वैट, सेवा कर, वृत्ति कर आदि के अधीन सावधिक विवरणी प्रस्तुति से संबंधित कार्यों का निपटान तथा प्रदेय करों का भुगतान
- बोर्ड के निर्यात, पेंशन, इंजीनियरिंग, प्रशासन जैसे विभिन्न अनुभागों द्वारा संदर्भित फाइलों पर अपना अभिमत प्रदान करना

न्यायालय के विचाराधीन मामलों की स्थिति

वर्षारंभ में 54 मामले लंबित तथा 21 नए मामले जोडे गए थे। इन 75 मामलों में से 42 सेवा संबंधी मामले (एस एल पी मामले सहित), 5 विपणन तथा सी डी आर पी मामले, 5 श्रम मामले तथा 23 अन्य मामलों से संबंधित थे। वर्ष के अंत में 13 मामलों के निपटाने के बाद 62 मामले लंबित हैं।

क्रय कर विवाद की स्थिति

तमिलनाडु सरकार

बोर्ड ने कर / दंड / ब्याज के बकाया के निपटान के लिए समाधान योजना बनाई है तथा 12 करोड रुपए और ब्याज/ दंड की मांग से संबंधित 6.80 करोड़ रुपए का पूर्ण व अंतिम निपटान किया। बोर्ड ने मूल्याँकन वर्ष 1983/84, 1987/88 से 1996/97 तक के लिए घटाए गए कर प्रदेय के निपटान के बाद प्रदेय शेष कर तथा ब्याज की छूट पर पुष्टि प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए तमिल नाडु सरकार के संबंधित प्राधिकारियों से संपर्क किया। पुष्टि प्रमाणपत्र की प्राप्ति की प्रतीक्षा की जा रही है।

केरल सरकार :

केरल उच्च न्यायालय ने अपने आदेश दिनांक 29.8.2008 के अधीन वर्ष 1984/85 से 1990/91 व 1994/95 से 1996/97 तक के लिए केंद्रीय विक्रय कर संबंधी आरोपण की पुष्टि में एस टी ए टी द्वारा जारी किए आदेश अस्वीकृत कर दिया तथा नियमानुसार मामले की पुन: जांच करने के लिए निर्धारण अधिकारी को प्रेषित कर दिया। ऐसे ही, सी एस टी के अधीन वर्ष 1991/92 से 1993/94 एवं 2000/01 तथा के जी एस टी के अधीन वर्ष 1991/92 से 1993/94, 1996/97 एवं 1997/98 से सम्बन्धित अपीलों को एस टी ए टी ने अपने दिनांक 26.9.2012 के आदेश के अधीन आकलन अधिकारी को प्रतिप्रेषित कर दिया। बोर्ड ने मांग की छूट के लिए उपलब्ध संगत रिकार्ड प्रस्तुत किया। आकलन अधिकारी ने वर्ष 1984/85 से 1990/91, 1994/95 से 1996/97 के लिए सी एस टी के आरोपण की पुष्टि करते हुए दिनांक 11.3.2013 को सूचना जारी की। कथित सूचना के अनुक्रम में बोर्ड ने एक विस्तृत उत्तर प्रस्तुत किया है। निर्धारण अधिकारी ने वर्ष 1984/85 से 1990/91, 1994/95 तथा 1995/96 के लिए ₹ 34.53 करोड की सी एस टी मांग और ₹ 174.09 करोड़ का ब्याज, कुल मिलाकर ₹ 208.62 करोड़ की मांग की है। बोर्ड ने एसटीएटी, पालक्काड,केरल के समक्ष प्रथम तथा द्वितीय अपीलें प्रस्तुत की हैं। मामले की विस्तृत सुनवाई के बाद एसटीएटी ने 20.05.2016 क़ो एक आदेश पारित करते हुए निर्धारण अधिकारी को कॉफ़ी बोर्ड को अभिलेख प्रस्तुत करने तथा व्यक्तिगत रूप से सुनवाई के लिए निदेश दिया। हालाँकि, केरल राज्य ने केरल उच्च

न्यायालय के समक्ष पुनरीक्षण याचिका प्रस्तुत किया है, जो निपटान के लिए लंबित है।

इंजीनियरिंग प्रभाग

संपूर्ण देश के बेंगलुरु, मैसूरु, चिक्कमगलूरु & हासन (कर्नाटक); चेन्नई, बोदिनायक्कनूर (तमिल नाडू); गुवाहाटी, सिलचर (असम); चिंतापल्ली, अरकुवैली (आ.प्र,) जैसे विभिन्न स्थानों पर कॉफ़ी बोर्ड के अपने कार्यालयीन भवन हैं तथा नई दिल्ली, बेंगलुरु, हासन (कर्नाटक); बोदिनायकनूर (तमिलनाडु); गुवाहाटी,सिलचर (असम); चिन्तपल्ली, अरकुवैली (आ.प्र,) आदि में आवासीय फ्लैट्स हैं।

इसके अलावा, कर्नाटक के चिक्कमगलूरु जिले में केंद्रीय कॉफ़ी अनुसंधान संस्थान के अनुसंधान केंद्र व आवासीय क्वार्टर्स; चेट्टल्ली में (मडिकेरी के पास) कॉफ़ी अनुसंधान उप स्टेंशन, केरल के चुंडेल, तमिल नाडु के थांडीगुडी, आंध्र प्रदेश के आर.वी.नगर तथा असम के डीफू में क्षेत्रीय कॉफ़ी अनुसंधान स्टेशन हैं। कर्नाटक, तमिल नाडु, केरल, आंध्र प्रदेश, उडिशा राज्य तथा भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र अर्थात असम, अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा एवं मिज़ोरम, नागालैंड राज्यों में विस्तारण विभाग द्वारा अनुरक्षित प्रौद्योगिकी मूल्यांकन केंद्र भी हैं। बेंगलूरु के इंडिया कॉफ़ी हाउस तथा भोपाल के इंडिया कॉफ़ी सेंटर का स्वामित्व व अनुरक्षण भी कॉफ़ी बोर्ड द्वारा किया जाता है।

इंजीनियरिंग प्रभाग, भवनों के अनुरक्षण के साथ-साथ आधारिक संरचना विकास के अधीन प्रत्यक्ष रुप से भवन निर्माण का कार्य भी कर रहा है।

व्यय संबंधी विवरण

वित्तीय वर्ष के दौरान पूंजीगत कार्य के लिए ₹1,68,07,068/- तथा अनुरक्षण कार्य के लिए ₹98,87,437/- की रकम का व्यय हुआ ।

सूचना का अधिकार

वर्षारंभ में सूचना का अधिकार अधिनियम - 2005 के अधीन भारत के नागरिकों से सूचना/दस्तावेज की मांग करते हुए 110 आवेदन प्राप्त हुए, विगत वर्ष के अधिशेष 11 मामलों को जोडकर कुल 121 अवेदनों का निपटान किया जाना है। वर्ष के दौरान 121 अवेदनों में से 118 आवेदनों का निपटान किया गया तथा 03 आवेदन लंबित हैं।

2016-17 के दौरान कुल 20 अपीलें प्राप्त हुई थीं, जिनमें विगत वर्ष का एक लंबित मामला भी सम्मिलित है। वर्ष के दौरान 21 अपीलें निपटान के लिए शेष थीं तथा रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान सभी का निपटान किया गया ।

ई-कार्यालय

बोर्ड कार्यालयीन कार्य में पारदर्शिता एवं उत्तरदायित्व के अलावा दक्षता सुधारण, स्थिरता व प्रभावात्मकता लाने हेतु एन आई सी के सहयोग से ई-कार्यालय के कार्यान्वयन के लिए प्रयासरत है। बेंगलूरु के मुख्य कार्यालय में यह परीक्षणाधीन है। प्रारंभतया ई-कार्यालय संपूर्ण मुख्यालय पर क्रियान्वित किया जाएगा तथा बाद में उप-कार्यालयों में भी इसे लागू किया जाएगा।

****

अध्याय III (क)

दिव्यांग कार्मिकों का विवरण

रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान आठ (8) दिव्यांग कार्मिक (पीडब्ल्यूडी) की भर्ती की नहीं हुई है। बोर्ड में 17 शारीरिक रुप से दिव्यांग कर्मचारी कार्यरत हैं जिनका संवर्गवार विवरण निम्नानुसार है:

क्र. सं.	संवर्ग	वर्ग	वर्तमान कर्मबल	दिव्यांग व्यक्तियों की संख्या		श्रेणीवार अपंग कर्मचारी		
				सं	कुल %	अना	अ.जा	अ.ज.जा
1.	उप निदेशक (अनुसंधान)	क	5	1	20.00	1	-	-
2.	कनिष्ठ संपर्क अधिकारी	ख	27	1	3.70	1	-	-
3.	अनुसंधान सहायक श्रे-I	ख	31	3	9.68	3	-	-
4.	सहायक सचिव (अनु.)	ख	55	1	1.82	1	-	-
5.	क.हिन्दी अनुवादक	ख	4	1	25.00	1	-	-
6.	विस्तारण निरीक्षक	ग	122	2	1.64	2	-	-
7.	वरिष्ठ सहयक	ग	92	1	1.09	1	-	-
8.	कनिष्ठ सहायक	ग	27	6	22.22	6	-	-
9.	बहु कार्य कर्मचारी	ग	252	1	0.40	1	-	-
	कुल		**615**	**17**	**2.76**	**17**	**-**	**-**

****

अध्याय - IV

कॉफ़ी अनुसंधान

चालू वर्ष 2016-17 के दौरान कॉफ़ी बोर्ड के अनुसंधान विभाग ने XII योजना स्कीम यथा, "एकीकृत कॉफ़ी विकास परियोजना" के अंतर्गत अनेक अनुसंधान अध्ययनों को क्रियान्वित किया है।

अनुसंधान परियोजनाओं का कार्यान्वयन केन्द्रीय अनुसंधान संस्थान (सी सी आर आई) के चेट्टल्ली (कोडगु,कर्नाटक), चुंडेल (वयनाड, केरल), तांडीगुडी (पलनीज़, तमिलनाडु), आर.वी.नगर (विशाखापटनम जिला, आंध्रप्रदेश), डिफू (करबी आंगलांग जिला, असम) और पौधा ऊतक संवर्धन एवं जैव-प्रौद्योगिकी केंद्र, मैसूरु और कॉफ़ी गुणता प्रभाग, बेंगलूरु में स्थित अनुसंधान स्टेशनों के नेटवर्क के द्वारा किया गया। इसके अलावा, कॉफ़ी सफेद तना छेदक से प्रभावित संवेदनशील क्षेत्र में भारतीय विज्ञान संस्थान, बेंगलूरु; राष्ट्रीय जीव-विज्ञान केंद्र, बेंगलूरु तथा मेसर्स टाटा कैमिकल्स नविनीकरण केंद्र, पुणे के साथ सहयोगात्मक अनुसंधान परियोजनाओं के द्वारा भी अध्ययंन किए गए।

वर्ष 2016-17 के दौरान विभिन्न अनुसंधान परियोजनाओं के अधीन महत्वपूर्ण निष्कर्ष तथा अन्य कृत क्रियाकलापों का विवरण निम्नानुसार हैं :

योजना : एकीकृत कॉफ़ी विकास परियोजना

घटक 1: धारणीय कॉफ़ी उत्पादन हेतु अनुसंधान एवं विकास

उप-घटक 1.1: परंपरागत प्रजनन एवं जैव-प्रौद्योगिकीय दृष्टिकोण के द्वारा स्थाई प्रतिरोध तथा प्रवर्धित उत्पादकता हेतु पौधा सुधारण

पौधा प्रजनन एवं आनुवंशिकी प्रभाग :

अरेबिका कॉफ़ी प्रजनन कार्यक्रम का प्रमुख अवधारण नर अनुर्वर श्रेणी के साथ-साथ दूरस्थ पराग सेचक के प्रयोग द्वारा विषमजातीय संकर, विभिन्न कार्षिक पर्यावरणिक क्षेत्रों में अनुकूल जीन आकृतियों का क्षेत्र मूल्यांकन तथा स्थाई किट्ट प्रतिरोधक एवं सफेद तना छेदक संवेदिता हेतु प्रजनन के विकास पर था।

2015 के मौसम के दौरान प्रभावित दो नर अनुर्वर पौधों (विदेशज अरेबिका कॉफ़ी संकलनों से एस.2660 एवं एस.2678) तथा चार पराग सेचकों (कावीमोर, एस.2577, एस.2593 व एस.4595) के बीच के संकरों से प्राप्तर छह एफ1 मिश्रित पौदों की तरुण विशेषताओं से संबद्ध मूल्यांकन किया गया और उन्हें 2017 के मौसम में क्षेत्र रोपण हेतु सी सी आर आई के नर्सरी में रखा गया है। इन संकरों के नर्सरी मूल्यांकन ने यह स्पष्ट किया है कि नर अनुर्वर x एस.2577 एवं अनुर्वर x एस.4595 के संकर संयोगों से उत्कृष्ट पौद प्रबलता प्राप्त हुई है। 2016 के मौसम के दौरान सी सी आर आई में नर अनुर्वर पौधों (एस.2660 एवं एस.2678) तथा दो दूरवर्ती पराग सेचक एस.2577 (एस.333 x एच डी टी - 832/2) तथा कावीसारी संकर के बीच संकरण पुनर्जनित किए गए और उन्हें 2017 के मौसम में क्षेत्र रोपण हेतु नर्सरी में रखा गया है।

बहु-स्थानीय परीक्षण हेतु 26 विभिन्न स्थनों (कर्नाटक-15; तमिलनाडु-6; केरल-2 व एनटीए-3) में स्थापित तीन

उदीयमान जीन प्रकारों यथा, एस.4814, एस.4817 एवं एस.5146 का अनुवीक्षण किया गया तथा संबंधित क्षेत्र में इन सामग्रियों ने अच्छी प्रतिष्ठा का प्रदर्शन किया। परीक्षणाधीन जीन प्रकारों के साथ इन जीन प्रकारों की तरुण प्रबलता की तुलना मूल्यांकन के अधीन है।

सी सी आर आई में, संकलन.10 x एस.4808- (काटुआ x एच डी टी) के बीच संकरों से प्राप्तु पाँच पारस्परिक एफ$_1$ संकर पौदों (एस.5052 एस.5053, एस.5057, एस.5058 व एस.5059) का क्षेत्र मूल्यांकन जारी रखा है। इन संकरों में से एस.5059 (एच डी टी x काटुआ-4/5 x संकलन.10-1/8) ने 1,019 कि.ग्रा. क्लीन कॉफ़ी/हे. के अधिकतम प्रक्षेपित फसल तथा 2% संवेदी जीवसंख्या के साथ पत्ती किट्ट के प्रति उन्नत प्रतिरोध क्षमता प्रदर्शित की।

विभिन्न उदीयमान जीन प्रकारों (एस.5149, उस.5327, एस.5328, एस.5329, एस.5146 एवं एस.4932) का क्षेत्र निष्पादन सुदृढ़ करने के उद्देश्य, से विभिन्न स्थानों (कर्नाटक-15, तमिलनाडु-7, केरल-2) के 24 रोपकों को इन जीन प्रकारों की बीज-सामग्री वितरित की गई।

सी सी आर आई में अरेबिका जीन बैंक का समेकन तथा जीन बैंक में वर्तमान विविधता के प्रवर्धन का प्रयास किया जा रहा है। सी सी आर आई के जीन बैंक में पुष्पण मौसम 2016 के दौरान वर्तमान विविधता के प्रतिनिधित्व करते हुए 66 इथियोपियन संकलनों के साथ कुल 138 पौधे संरक्षित हैं। सी सी आर आई के जीन बैंक में रोपने के लिए ये पौद प्रजनित किए गए हैं। इसके अनुवर्तन में, सी आर एस एस फार्म में रोपने के लिए सी आर एस एस, चेट्टल्ली को 48 इथियोपियन संग्रहणों के बीजों की आपूर्ति की गई है।

सी सी आर आई, सी.आर.एस.एस, चेट्टल्ली व आर.सी. आर.एस, थांडिगुडी में कोलंबियन काटीमोर संकर (एस.5039, एस.5040 व एस.एस.5044) के एफ2 पौदों के क्षेत्र निष्पादन का अनुवीक्षण किया गया। इन पौदों में से एस.5039 व एस.5040 (कोलंबियन काटीमोर x एस.1934) ने किट्ट के प्रति उच्च क्षेत्र प्रतिरोध, तरुण प्रबलता व बीन श्रेणी से संबंधित सर्वोत्तम निष्पादन दर्शाया है। इन पौदों में से एस.5039 (एस.4817 2/9) ने 828 कि.ग्रा./हे. के अनुमानित उपज तथा उच्च पत्ती किट्ट प्रतिरोध (3% सुस्थिर क्षेत्र संवेदनशीलता) दर्शाया है तथा 64.2% 'ए' ग्रेड बींस प्रदान किया है। पुष्पण मौसम 2017 के दौरान एफ़$_3$ पौदों के प्रजनन के लिए उत्तम कार्षिक प्रकृति के छह पौधे लगाए गए हैं।

सी सी आर आई में 2012 के दौरान रोपित सहज संकर कॉफ़ी पेड (टी सी एच) एवं चंद्रगिरि के बीच पारस्परिक संकरों से सृजित दो एफ़$_1$ पौदे एस.5081 व एस.5082 के क्षेत्र निष्पादन का आकलन किया गया। ये पौद, पौधा . फेनोटाइप, उर्वरता स्थिति, फसल संभाव्यता एवं फली गुणता विशेषता के संबंध में अत्यधिक विविधतापूर्ण पाए गए। वर्ष 2016 के दौरान, उर्वरता की स्थिति प्रत्यावर्तित करने के उद्देश्य से चयनित एफ$_1$ एस को चन्द्रगिरि में पूर्व संकरित किया गया। 2017 में क्षेत्ररोपण हेतु पूर्व संकर पौदों को उगाकर रखा गया है।

संकलन 7.4 एवं एस.3822 के बीच संकरण से प्राप्त एस.5327 (एस.4889-23/11), एस.5328 (एस.4889-24/2) तथा एस.5329 (एस.4890-25/1) संकरों का क्षेत्र निष्पादन आशाजनक पाया गया। 2016-17 के मौसम के दौरान, प्रबल अर्ध-बौना फ़ेनोटाइप के साथ इन पौदों ने 1528 कि.ग्रा./हे. (एस.5327), 1758 कि.ग्रा./हे. (एस.5328)

तथा 1126 कि.ग्रा./हे. (एस.5329) के अनुमानित फसल के साथ 1.57 से 2.45 कि.ग्रा. तक औसत फल उपज रिकार्ड किया है। विशेषतया एस.5327 में फली के आकार बड़े एवं 74% से अधिक 'ए' श्रेणी के होते हैं, जो लगभग 42% 'एए' श्रेणी का प्रतिनिधित्व करते हैं। 2.5 कि.ग्रा. के फल/पौधा उपज के कुल 28 उत्तम पौधे चिह्नित किए गए तथा 2017 के मौसम के दौरान क्षेत्र रोपण के लिए अनुरक्षित पौद उगाए गए और वर्ष 2017 के दौरान, बहु-स्थानीय मूल्यांकन हेतु सात स्थानों में इनके बीजों की आपूर्ति की गई।

सी आर एस एस, चेट्टल्ली में अंतर-प्रजातीय संकरों का मूल्यांकन जारी रखा है। विभिन्न पौदों में से, एस.4877 (एस.795 x संकलन.9) ने 77% 'ए' श्रेणी फली के साथ 1015 कि.ग्रा. क्लीन कॉफ़ी /हे. के अधिकतम अनुमानित फसल का सर्वोत्तम निष्पादन रिकार्ड किया।

सी सी आर आई में सार्चिमोर (एस.3822) एवं संकलन.10 के बीच एफ1 संकरों में तरुण प्रबलता, फसल, क्षेत्र प्रतिरोध का मूल्यांकन किया गया। चार जेनोटाइप (एस.5083 से 5086 तक) में से, एस.5083 में 1,146 कि.ग्रा./हे. का अधिकतम अनुमानित फसल तथा उसके बाद 5084 में (1,125 कि.ग्रा. क्लीन कॉफ़ी/हे.) रिकार्ड किया गया है। एस.5086 (चंद्रगिरि x संकलन.10) 3% तथा एस.5085 (संकलन.10 x चंद्रगिरि) में 5% तक की दर में किट्ट संवेदी पौधे उपलब्ध थे। आर सी आर एस, थाण्डीगुडी में समरूपी संकर प्रजनित किए गए और 2011 में प्रजनित 11 पौदों का मूल्यांकन किया गया। इन 11 जीन प्रकारों में से, एस.5319 [एस.3822 (15/11) x संकलन.10 (2/5)] ने उच्च फसल (1.7 कि.ग्रा. फल/पौधा), बड़ी फलियाँ ('ए' श्रेणी फलियों का 77%) और पत्ती किट्ट से मुक्त सर्वोत्तम निष्पादन किया। आर सी आर एस, थाण्डीगुडी में, एस.5149 (कावीमोर) ने किट्ट के प्रति उच्च क्षेत्र निष्पादन के साथ 1086 कि.ग्रा. क्लीन कॉफ़ी/हे. के औसत फसल का निरंतर निष्पादन रिकार्ड जारी रखा है। 2016 के मौसम के दौरान, प्रगामी मूल्यांकन हेतु परीक्षणात्मक स्थल स्थापित करने के लिए परंपरागत कॉफ़ी क्षेत्रों के 15 स्थानों में एस.5149 के अनुरक्षित बीजों का वितरण किया गया।

आर.सी.आर.एस, आर.वी.नगर में संकलन 5ए तथा अगरो के बीच आपसी संकर से प्राप्त एफ1 पौदों का मूल्यांकन किया जा रहा है। इन पौधों में से, अगरो-1 x एस.2971 ने 828.5 कि.ग्रा. क्लीन कॉफ़ी/हे. का अधिकतम फसल रिकार्ड किया, उसके बाद एस.2831 x अगरो –2 (680 कि.ग्रा./हे.) ने विगत तीन वर्षों के औसत फसलों की तुलना पर एस.2831 x अगरो –2 ने 673 कि.ग्रा/हे. के औसत फसल का उत्तम निष्पादन उपलब्ध किया। बीन मापदंडों के संबंध में, संकलन.4 (अगरो) x संकलन 5ए (एस.2971) ने वर्ष के दौरान, 51.58% 'ए' ग्रेड बींस रिकार्ड किया है, जबकि पारस्परिक संकर ने 49% 'ए' ग्रेड बींस रिकार्ड किया है।

इसके आगे, संकलन.5ए एवं संकलन.3-4 के बीच प्रजनित एफ1 संकरों में से, संकलन.3-4 x संकलन.5ए (एस.2831) के संकर के पौद ने 806 कि.ग्रा. क्लीन कॉफ़ी/हे. का अधिकतम फसल तथा उसके बाद, संकलन.5ए (एस.2831) x संकलन.3-4 ने 796.5 कि.ग्रा./हे. का फसल रिकार्ड किया। संकलन.5ए (एस.2831) x सनकल.3-4 के पौदों में 41% पौधे संवेदी पाए गए, जबकि पारस्परिक संकरों में पत्ती किट्ट का आक्रमण 35.71% था। वर्ष 2016 के दौरान, उपरोक्त संकर संयोगों को समाकलित करते हुए चौदह एफ$_2$ पौदे आर सी आर एस, आर वी नगर में रोपे गए।

विभिन्न अर्ध-बौने जीन प्रकार एवं संकलन 10 (एस एच$_3$ जीन के दाता के रूप में प्रयुक्त) संकरों द्वारा सृजित पौद समूहों के विनिर्धारण के लिए एस एच$_3$ जीन से संबद्ध एस सी ए आर संकेतक के प्रयोग द्वारा नियमित रूप से संकेतक समर्थित चयन का प्रयुक्त किया गया है।

सी सी आर आई के कीट विज्ञान प्रभाग के संयुक्त सहयोग से सफेद तना छेदक (डब्ल्यू एस बी) के प्रतिरोधी जेनोटाइप (एस.4595) का जैव-परीक्षण किया गया। 2016-17 के दौरान, एस.4595 के 12 पौधों का जैव-परीक्षण किया गया, जिनमें से नौ पौधों में से पाँच पौधों के प्रभावित भाग में प्रारंभिक फीडिंग के तुरंत बाद कैलस सृजन के बाद लार्वा में मृत्यु दर देखी गई। प्रतिरोधी पौधों में जीवित लार्वा का पुनरुत्थान नहीं पाया गया। शेष चार पौधों में अंडे नहीं फूटे। वर्ष 2016 के दौरान, प्राकृतिक परिस्थिति में प्रतिरोध क्षमता के मूल्यांकन के लिए डब्ल्यू एस बी संक्रमित क्षेत्र के 15 प्रत्याशित रोपकों को एस.4595 की बीज सामग्री की आपूर्ति की गई।

आर सी आर एस, आर.वी.नगर तथा टी ई सी, मिनीमुलूरु में डब्ल्यू एस बी के विरुद्ध एस.4595 के क्षेत्र निष्पादन का अनुवीक्षण जारी रखा है। आर सी आर एस, आर.वी.नगर में डब्ल्यू एस बी का आक्रमण नही पाया गया, जबकि टी ई सी, मिनीमुलूरु में कुल पौधों की जीवसंख्या के 0.4% में संवेदिता रिकार्ड की गई है।

रोबस्टा सुधारण की दिशा में, अनावृष्टि संवेदी श्रृंखला की पहचान/विकास का कार्य जारी रखा है। पूर्व में डी बी टी प्रायोजित परियोजना से प्राप्त मार्गदर्शन तथा फेनोटाइप एवं कायिक पैरामीटर्स के आधार पर आर सी आर एस, चुंडेल में एस.880, एस.1932, एस.3399 जैसे विजातीय रोबस्टा संकलनों का निर्धारण किया गया तथा अनावृष्टि प्रतिरोध क्षमता, उत्पादन एवं गुणता से संबंध क्षमता हेतु उनके संकरों के मिश्रण का मूल्यांकन के प्रस्ताव रखे गए। रिपोर्ट की अवधि के दौरान, चयनित पौधों के बीच संकर प्रजनित किए गए तथा यह पाया गया कि चयनित पौधों के बीच संकर अनुरुपता सामान्य फल सेट के साथ अच्छा था।

विश्व कॉफ़ी अनुसंधान (डब्ल्यू सी आर), टेक्सास के साथ सहयोगात्मक पहल के अधीन, सी सी आर आई में अंतरराष्ट्रीय बहु-स्थानिक विभेद परीक्षण (आई एम एल वी टी) की स्थापना हेतु अब तक तीन बैचों में 28 अरेबिका विभेद (19 अर्ध-बौना एवं 9 लंबे विभेद) के इनविट्रो पौद प्राप्त हुए। 2016 के मौसम में इनमें से 18 विभेद (13 अर्ध-बौने एवं 5 लंबे विभेद) रोपे गए। वर्ष 2017 के दौरान, तीसरे बैच के क्षेत्र रोपण हेतु कुल 10 विभेद (6 अर्ध-बौने एवं 4 लंबे विभेद) के पौद तैयार किए जा रहे हैं।

2016-17 के मौसम के दौरान, कॉफ़ी विस्तरण नेटवर्क के द्वारा परंपरागत क्षेत्रों के उपजकर्ताओं को 3810.75 कि. ग्रा. अरेबिका तथा 1848.5 कि.ग्रा.रोबस्टा सम्मिलित करते हुए कुल 5,659.25 कि.ग्रा. बीज वितरित किया गया। इसके बाद, गैर-परंपरागत क्षेत्रों के पणधारियों को 9,458 कि.ग्रा.अरेबिका बीज कॉफ़ी वितरित की गई। इसके अलावा, पूर्वोत्तर क्षेत्र में 2,993 कि.ग्रा. अरेबिका तथा 550 कि.ग्रा. रोबस्टा वितरित किए गए।

2016-17 के दौरान, तीन अनुसंधान फार्म तथा पाँच प्रौद्योगिक मूल्याांकन केन्द्रों से रोबस्टा की कृंतक उत्पत्ति के मापन हेतु अग्रणी कार्यक्रम के अधीन सी x आर विभेद के 52,838 जड़युक्त कृंतक 190 उपजकर्ताओं को वितरित किए गए।

फार्म पर कृंतकों के उत्पादन पर अधिक बल दिया गया है तथा कर्नाटक एवं केरल क्षेत्रों को सम्मिलित करते हुए कृंतक उत्पादन प्रौद्योगिकी की कुल 16 क्षेत्र प्रदर्शनियों का आयोजन किया गया।

ऊतक संवर्धन एवं जैव-प्रौद्योगिकी प्रभाग, मैसूरु

ऊतक संवर्धन तकनीक के द्वारा समूह गुणन प्रौद्योगिकी के प्रोन्नयन के लिए सार्चिमोर, बी बी टी सी x चन्द्रगिरि संकरों तथा कोलंबियन काटीमोर संकर (कोल.काटीमोर x एस.1934; कोल.काटीमोर x संकलन.5बी) की उत्तम श्रृंखलाओं से कुल 6,500 पत्ती एक्सप्लांट्स के संवर्धन किए गए और इन संकरों में कायिक भ्रूण रचना सफल रहा है।

सार्चिमोर के पत्ती एक्सप्लांट्स के द्वारा उच्च आवृत्ति की कायिक भ्रूण रचना के लिए प्रोटोकॉल विकसित किया गया। कायिक भ्रूणों का गुणन करते हुए पौद विकसित किए गए। नर्सरी बैगों में पुनरुत्पन्न पौधों का एक छोटा बैच तैयार किया जा रहा है।

एस.795, कावेरी एव सी x आर कर्षणों के पत्ती एक्सप्लोंट्स से कायिक भ्रूण संरचना के द्वारा पौधा पुनरुत्पाद प्राप्त किए गए तथा उनके गुणन द्वारा पौदों में विकसित किया गया।

एस आर ए पी मार्कर्स के द्वारा क्षेत्रों में रोपित सार्चिमोर एवं सी x आर कर्षणों के ऊतक संवर्धित पौधों के आनुवंशिक शुद्धता पर हुए अध्ययनों ने ऊतक संवर्धित पौधों में उच्च आनुवंशिक समानताएँ दर्शाई हैं। समानत: एस आर ए पी और एस सी ओ टी मार्कर्स के माध्यम से जैन इरिगेशन प्राइवट लिमिटेड द्वारा वितरित अरेबिका एवं रोबस्टा के ऊतक संवर्धन से प्रजनित पौधों के आनुवंशिक शुद्धता का परीक्षण किया गया। अरेबिका पौधों (संकलन.9) में जी$_4$ एवं जी$_7$ प्रजातियों में क्रमश: 94% तथा 97% समानता पाई गई है।

सी सी आर आई से प्राप्त संकलन.10 x चन्द्रगिरि तथा पारस्परिक पौधों को सम्मिलित करते हुए विकसित नए एफ1 संकर श्रेणियों को एसएच3 जीन के लिए परीक्षित किया गया। पैंतीस (35) संकर सकारात्मक पाए गए तथा इन संकरों में जीन विषमगुणी स्थिति में पाया गया।

सफेद तना छेदक के प्रति सहिष्णुता के विभिन्न स्रोतों के विनिर्धारण पर कार्यक्रम के अधीन 17 विभिन्न प्रजातियों को सम्मिलित करते हुए 21 कॉफ़ी जीन प्रकारों में सात भिन्नरूपी अभिव्यंजक जीन परिवर्धित किए गए। इन जेनोटाइपों में से छह जीनों के प्रथमकों ने अच्छा परिवर्धन दर्शाया तथा पाँच ने जीन आकृतियों के बीच बहुरुप दर्शाए। छह अवरोध जीन विशिष्ट प्रथमकों में से एक प्रथमक विभिन्न ऊतकों से पृथक्कीकृत सी डी एन ए प्रतिमानों में सफलतापूर्वक परिवर्धित हुआ है।

विभिन्न स्रोतों से सफेद तना छेदक हेतु प्रतिरोधक के विनिर्धारण के उद्देश्य से बेसिलस थुरिंजेनसिस (बीटी) को चुना गया। 150 बीटी वंशों के जेनोमिक डी एन ए पृथक्कीकृत करते हुए वि.प एवं क्राई3 जीन विशिष्ट प्रथमकों के साथ स्क्रीन करने के बाद दोनों वि.प तथा क्राई3 जीन के लिए दो बीटी वंशों के प्रभाव का परीक्षण प्राथमिक जैव- मापन अध्ययनों में किया गया और आशाजनक पाए गए।

सफेद तना छेदक संक्रमण के बाद अरेबिका एवं रोबस्टा पौधों में विभेदक जीन अभिव्यंजन के अध्ययन पर अध्ययन किए गए। अरेबिका एवं रोबस्टा पौधों के छाल ऊतक पर नवजात सफेद तना छेदक का लार्वा निर्मोचित किए गए तथा विभिन्न समय अंतरालों (96 घंटों तक) में सफेद तना छेदक के लार्वा

के संक्रमण पर कुल आर एन ए को पृथक्कीकृत किया गया। आर एन ए को सी डी एन ए में परिवर्तित किया गया तथा सफेद तना छेदक के संक्रमण पर विभिन्न समय अंतरालों पर दो प्रतिरक्षा जीन के अभिव्यंजन स्तरों के अध्ययन के लिए आर टी पी सी आर किए गए।

निम्न केफ़ीन तत्व एवं शीघ्र पकने के विभेदों के विकसित करने के उद्देश्य से आर सी आर एस, चुंडेल में सी रेसमोसा x संकलन.3आर (सी.कॉनजेनसिस x सी.केनेफोरा) के अंतरविशिष्ट संकर विकसित किए गए। इन पौधों का पुनरुत्पादन किया गया तथा किण्वन एवं अनुवर्ती कायिक भ्रूण संरचना के द्वारा प्रत्यक्ष अंकुरण और अप्रत्यक्ष दोनों विधियों के माध्यम से भ्रूण रक्षा विधि द्वारा उनका गुणन किया गया।

सी आर एस एस, चेट्टल्ली में अनुरक्षित कॉफ़ी जनितक द्रव्य संकलनों में एस सी ओ टी प्रथमकों के द्वारा आनुवंशिक भिन्नता के प्राक्कलन हेतु अध्ययन किए गए।

एफ़ टी एवं टी एफ़ एल जीन के द्वारा विभिन्न कॉफ़ी प्रजातियों में पुष्पण पद्धति के निर्धारण के लिए अध्ययन जारी रखे गए। एफ़ टी-ए, एफ़ टी-बी एवं टी एफ़ एल1 जीन के लिए परीक्षित 18 कॉफ़ी प्रजातियों में से एफ़ टी-ए जीन परिवर्धित होने में विफल रहा, जबकि एफ़ टी-बी जीन ने सभी प्रजातियों में खंड आकार 450 बी पी का प्रवर्धन दर्शाया। जीन विशिष्ट प्रथमक टी एफ़ एल 1ए तथा टी एफ़ एल 1बी के साथ किए गए टी एफ़ एल 1 जीन परिवर्धन ने परीक्षित सभी 18 प्रजातियों से क्रमश: टी एफ़ एल 1 ए से संगत 1.5 के बी के परिवर्धित उत्पाद तथा टी एफ़ एल 1 बी से संगत 1.4 के बी खंड दर्शाया।

कॉफ़ी पौधे की फलियों के विभिन्न स्तरों के साथ उनके विभिन्न ऊतकों जैसे पत्ती, छाल, किण, भ्रूण एवं जड़ से आर एन ए के पृथक्कीकरण हेतु प्रोटोकॉल का मानकीकरण किया गया तथा सी डी एन ए में परिवर्तित किया गया। पत्ती, छाल, किण, भ्रूण एवं जड़ जैसे विभिन्न ऊतकों से पाँच सी डी एन ए पृथक्कीककृत किया गया तथा अरेबिका जेनोमिक डी एन ए द्वारा पी सी आर किया गया है और टी एफ़ एल 1 ए एवं टी ए. फ एल 1 बी जीन विशिष्ट प्रथमक से परीक्षित किया गया है। दोनों जीनों के प्रयोग से सफल परिवर्धन प्राप्त किया गया है।

जेनोमिक डी एन ए कॉफ़िया कोनजेनसिस के साथ परिवर्धित टी एफ़ एल ए जीन उत्पाद (1.5 के बी) के अनुवर्तन के सूखा विश्लेषण ने 80% अनुवर्तन समानता तथा जेनस कॉफ़िया में सी टी आर एस टी एफ़ एल 1-जैसे प्रोटीन के साथ 87.72% अमीनो एसिड विनिर्धारण दर्शाया।

उप घटक 1.2: प्रवर्धित मृदा स्वास्थ्य, फसल कृषिकर्म एवं यंत्रीकरण द्वारा उत्पादकता सुधारण

सस्य विज्ञान प्रभाग

सी सी आर आई तथा क्षेत्रीय स्टेशनों में नए रोपण डिज़ाइन एवं चन्द्रगिरि में छंटाई विधियों पर अध्ययन जारी रखे गए हैं। वर्ष के दौरान, सी सी आर आई में क्विनकंकस डिज़ाइन (मध्य पौधे के साथ चौकोर) में रोपण ने सार्थक रुप से अधिक क्लीन कॉफ़ी उपज (2,120 कि.ग्रा./हे) रिकार्ड किया, जो नियंत्रण (6" x 6" अंतराल + एकल तना ट्रेनिंग + नियमित हल्का. छंटाई पर चौकोरे रोपण प्रणाली) की तुलना में युग्मित क्यारी प्रणाली + एकल तना ट्रेनिंग + रॉक-एन-रोल छंटाई (1,980 कि.ग्रा. क्लीन कॉफ़ी/हे.) के समतुल्य था, जिससे 1,126 कि.ग्रा. क्लीन कॉफ़ी/हे. रिकार्ड किया गया। कॉफ़ी पत्ती किट्ट और सफेद तना छेदक का आक्रमन चक्रीय रॉक-एन-रोल प्रणाली के साथ रोपण के झाड़ी क्यारी

प्रणाली में सार्थक रुप से कम था। सी आर एस एस, चेट्टल्ली में झाड़ी प्रणाली (6" x 3") + हर दूसरी क्यारी के रॉक एन रोल छंटाई (1,033 कि.ग्रा. क्लीन कॉफ़ी/हे.) के साथ सार्थक रुप से अधिक फसल रिकार्ड किया गया। आर सी आर एस, ताण्डीगुडी में मध्य/ रोपण के साथ क्विनकंक्स रोपण ने सार्थक रुप से अधिक क्लीन कॉफ़ी फसल (1,922 कि.ग्रा. क्लीन कॉफ़ी/हे.) रिकार्ड किया, जो एकल तना (6" x 3") पर झाड़ी क्यारी प्रणाली + हर दूसरी क्यारी के रॉक एन रोल छंटाई (1,628 कि.ग्रा. क्लीन कॉफ़ी/हे.) के समान था।

कर्नाटक के चिक्कमगलूरु तथा हासन के एक-एक एस्टेट में किए गए अध्ययनों ने यह संकेत दिया है कि रोपण के परंपरागत चौकोर रोपण प्रणाली की तुलना में अधिक गहन रोपण ने अधिक पौधों के कारण अधिक क्लीन कॉफ़ी फसल रिकार्ड प्राप्त हुआ है।

सी सी आर आई में सुस्थापित पुरानी रोबस्टा के साथ 2013-14 के दौरान प्रारंभ किए गए 'उर्वरीकरण तकनीकों के मानकीकरण' पर क्षेत्र परीक्षण ने दर्शाया है कि उर्वरक के 125% अनुशंसित खुराक (धुलनशील उर्वरक के रुप में) के प्रयोग से सार्थक रुप में उच्च क्लीन कॉफ़ी (1,278 कि.ग्रा. क्लीन कॉफ़ी/हे.) प्राप्त होती है, उसके बाद नियंत्रण (मिट्टी प्रयोग के रुप में 100% आर डी एफ और पुष्पण एवं समर्थन हेतु छिडकाव सिंचाई) की तुलना में जल धुलनशील उर्वरक के रुप में अनुशंसित 100% उर्वरक खुराक (860 कि.ग्रा. क्लीन कॉफ़ी/हे.) से अधिक फसल प्राप्त होता है।

सी सी आर आई में छिड़काव एवं अन्य फार्म संक्रियाओं के लिए बहु-उपयोगिता परिवहन वाहन (एम यू टी वी) के मूल्यांकन ने संकेत दिया है कि डायफ्रम पम्प छिडकाव प्रणाली (बी एम छिडकाव के लिए 4 लैंस एवं 10 श्रमिकों के साथ 2,909 से 3,889 लीटर/हे. तक की दर पर छिडकाव विलय के सेवन सहित 0.34 हे. से 0.49 हे./घंटा) की तुलना में एम यू टी वी (बी एम छिडकाव के लिए 4 लैंस और 10 श्रमिकों के साथ 2,000 से 2,292 लीटर/हे. तक की दर पर छिडकाव विलय के उपयोग से 0.48 हे. से 0.57 हे./घंटा) सार्थक रुप से उच्च क्षेत्र उपभोग क्षमता दर्शाई है। इसके अनुवर्तन में, एस्टेटों के अंदर भार वाहक एम यू टी वी के मूल्यांकन ने दर्शाया है कि ट्रेक्टर के साथ ट्रॉली तथा मानव सिर पर भार लादने की तुलना में एम यू टी वी अधिक दक्षतापूर्ण है।

चिक्कमगलूरु जिला के मुडिगेरे क्षेत्र के कॉफ़ी फार्मों की विविधता पर अध्ययन ने यह संकेत दिया है कि 6 x 6 फीट के अंतराल के साथ 4 एकड़ की धर्ती में चन्द्रगिरि अरेबिका रोपण के साथ-साथ इलाइची (सं.500), संतरा (सं.200), अवोकेडो (सं.75), चीकू (सं.20), कृष्णा फल (पैशन फ्रूट) (सं.10), रम्बूतान (सं.6) तथा पाँच-पाँच स्टार सेब + अमरुद + कश्मीरी सेब जैसे अन्य फसलों के साथ 675 काली मिर्च, 100 सुपारी से अंतर फसलित और डायरी एवं मधुमक्खी पालन जैसे समान क्रियाकलापों से ₹1,33,562/एकड़ के निवल आय प्राप्त करने में सहायता मिली है। इसी तरह 8 एकड़ की धर्ती में कम प्रयोजित फलों के 342 काली मिर्च, 900 सुपारी से अंतर-फसलित रोबस्टा कॉफ़ी (9 x 9 फीट अंतराल पर रोपण) से ₹ 87,500/एकड़ के वार्षिक निवल आय प्राप्त हुआ है।

चिक्कमगलूरु के आल्दूर क्षेत्र में कॉफ़ी फार्मों की विविधता पर दूसरे अध्ययन ने यह संकेत दिया है कि अरेबिका कॉफ़ी (7.5 एकड़ में चन्द्रगिरि) तथा रोबस्टा कॉफ़ी (10 एकड़ में पुरानी रोबस्टा कॉफ़ी) के रोपण के साथ काली मिर्च (875 लताएँ), सुपारी (195 पेड़), शिकाकाई (अंटवाला - 24 पेड़)

जैसे अन्य फसलों तथा सुअर-पालन, कुत्ता-पालन, डायरी एवं मछली-पालन जैसी समरूपी क्रियाकलापों के साथ-साथ संपूर्ण अरेबिका एवं रोबस्टा कॉफ़ी के लिए ऑन लाइन रसन उर्वरीकरण (जल विलेयक उर्वरकों के प्रयोग के साथ सप्ताह में दो बार उर्वरीकरण अनुसूची) तथा रोबस्टा में बहु-तना प्रणाली के स्वीकरण से ₹3.0 लाख/एकड़ के वार्षिक निवल आय प्राप्त हुई है।

चिक्कमगलूरु के कोप्पा क्षेत्र के कॉफ़ी फार्मों की विविधता पर समरूपी अध्ययनों ने यह संकेत दिया है कि 2.5 एकड़ भूमि में पुष्पण एवं समर्थन बौच्छारों के स्थान पर छिड़काव सिंचाई, दो बार उर्वरकों का प्रयोग तथा सुपारी एवं काली मिर्च के लिए दो बार बी एम छिड़कने से 500 काली मिर्च, 125 सुपारी एवं 25 नारियल पेड के साथ अंतर-फसलित रोबस्टा कॉफ़ी (10 x 10 अंतरण के साथ पुराने रोबस्टा) के रोपण ने ₹ 1,58,000/एकड़ की वार्षिक निवल आय प्राप्त हुई है।

पूर्वोत्तर क्षेत्रों के 9 कॉफी फार्मों (मेघालय-2, मिज़ोरम 6 व असम-1) की विविधता पर एक और अध्ययन ने संकेत दिया है कि रोपक रोबस्टा कॉफ़ी के साथ-साथ अंतर-फसल के रुप में संतरा, सुपारी, लिची, काली मिर्च, पान लताएँ, अनानस, दालचीनी एवं उम्तामाला तथा अरेबिका के साथ लाल तेल ताड़, सुपारी, सिट्रस, संतरा, अमरुद और केला जैसे अंतर-फसल के साथ कॉफ़ी फार्मों में विविधीकरण का अनुसरण कर रहे हैं। अध्ययन किए गए विभिन्न कार्षिक प्रणाली में सिट्रस एवं अमरुद से अरेबिका के अंतर-फसलन ने ₹ 65,700/ एकड़ के उच्च निवल आय रिकार्ड की है जबकि रोबस्टा कॉफ़ी के साथ काली मिर्च और पान लता के अंतर-रोपण से ₹ 16,868/ एकड़ के उच्च निवल आय प्राप्त हुई है।

रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान 'पूर्वोत्तर क्षेत्र में जैविक कॉफ़ी उत्पादन के संवर्धन' पर योजना परियोजना के अधीन असम के दीमा हसाओ जिले के जैविक कॉफ़ी उपजकर्ताओं (23) के लाभ हेतु जैविक कॉफ़ी उत्पादन एवं प्रमाणीकरण के विभिन्न पहलुओं एवं जैविक कॉफ़ी एस्टेट में नाशीकीट तथा रोगों पर दो प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

कृषि रसायन प्रभाग

राष्ट्रीय मृदा सर्वेक्षण ब्यूरो एवं भूमि उपयोग योजना (एन बी एस एस एवं एल यू पी) बेंगलूरु के सहयोग से "कर्नाटक, केरल एवं तमिलनाडु के परंपरागत कॉफ़ी उपजने वाले क्षेत्रों में मृदा उर्वरता आकलन एवं मृदा स्वास्थ्य अनुवीक्षण" पर परियोजना के अंतर्गत 13 रासायनिक मापदंडों (पीएच, ओ सी, महत्वपूर्ण एवं सूक्ष्म पोषक तत्व) की जाँच के लिए कुल 6,556 मृदा प्रतिमानों का विश्लेषण किया गया। इसके अलावा, परंपरागत कॉफ़ी उपजने वाले राज्यों के 60 स्थाई मृदा अनुवीक्षण साइटों का विशिष्टीकरण पूरा किया गया। भारतीय सूचना प्रौदयोगिकी एव प्रबंध संस्थान - केरल - तिरूवनंरपुरम के सहयोग से कापी मृदा अनुवीक्षण एवं प्रबंधन (क्षेमम) (www.indiacoffeesoils.net) नामक वेब पोर्टल विकासित करते हुए निर्मोचित किया गया है, जिससे उपजकर्ता अपने एस्टेटों से संबद्ध मृदा स्वास्थ कार्ड का अभिगम कर सकते हैं।

2013-14 के दौरान प्रारंभित 'अरेबिका एवं रोबस्टा कॉफ़ी हेतु एकीकृत पोषक प्रबंधन' पर बहु - स्थानीय क्षेत्र परीक्षण पूर किए गए हैं। अध्ययन के परिणामों ने यह सुनिश्चित किया है कि जैव - टीकाओं से समृद्ध एफ़ वाई एम के एकीकृत प्रयोग से फसल एवं मृदा की पोषक स्थिति में अधिक कमी के बिना अनुशंसित उर्वरक की मात्रा 30% से 50% कम करना उचित होगा।

सी सी आर आई तथा सी आर एस एस, आर.वी.नगर के

अनुसंधान फार्मों में 2013-14 के दौरान प्रारंभित 'अरेबिका एवं रोबस्टा कॉफ़ी की मृदा संपत्ति, उपज तथा गुणता पर विभिन्न जैविक और अजैविक पोषक स्रोतों के प्रभाव' पर क्षेत्र परीक्षण जारी रखे गए। उर्वरक की अनुशंसित मात्रा एवं उर्वरक + 1.25 मे.ट/हे. की दर पर वर्मी कम्पोस्ट की अनुशंसित मात्रा के 50% के साथ किए गए उपचारों से अन्य उपचारों की तुलना में सार्थक रुप से उच्च फसल प्राप्त किए। अन्य उपचारों की तुलना में वर्मी कम्पोस्ट उपचारित पौधों में डीहाइड्रोजेनेस एवं एसिड फोसफोट्स के किण्वाणु क्रियाकलाप अधिक पाया गया था।

उपजकर्ताओं को सलाहकारी सेवा समर्थन के अंतर्गत, मृदा प्रतिक्रिया, जैविक कार्बन तथा उपलब्ध पी एवं के तत्वों की जाँच के लिए कुल 6,196 मृदा प्रतिमानों का विश्लेषण किया गया। मृदा के विश्लेषिक आँकडों एवं क्षेत्र सूचना के आधार पर, 1,040 उपजकर्ताओं को चूना एवं उर्वरक संस्तुतियाँ प्रदान की गई। सूक्ष्मं पोषक तत्वों (कैल्शियम, मेगनीश्यम, कॉप्पर, आइरन एवं मैंगनीस) की जाँच के लिए 20 उपजकर्ताओं से प्राप्त 200 मृदा प्रतिमानों का विश्लेषण किया गया। 317 उपजकर्ताओं से प्राप्त चूनाकरण सामग्री, स्प्रे-चूना, उर्वरक, जैविक खाद और कॉपर सल्फेट को सम्मिलित करते हुए कुल 561 कार्षिक रसायनों की शुद्धता के विश्लेषण के बाद संबंधित उपजकर्ताओं को उनके परिणाम से अवगत कराया गया।

16 उपजकर्ता ओं से प्राप्त कुल 475 पत्ता प्रतिमानों के पोषण की कमी का विशलेषण किया तथा संबंधित उपजकर्ताओं को कमी दुर करने के लिए अवश्यक सलाह दी।

पौधा कायिक प्रभाग

अध्ययन किए गए विभिन्न नएअरेबिका एवं रोबस्टा जेनोटाइपों में कोलंबियन काटीमोर x संकलन. 9, कोलंबियन काटीमोर x संकलन. 5बी, चन्द्रगिरि x पेड़ कॉफ़ी संकर तथा सी x आर एवं यूगांडा (1979) अनावृष्टि के प्रति सहिष्णुता की दृष्टि में बेहतर पाए गए।

सी सी आर आई के समीपस्थ स्थित एक निजी एस्टेट से संग्रहित विगत 100 वर्षों के मौसमी आँकडों के विश्लेषण ने यह संकेत दिया है कि विगत दशक (1995-2004) की तुलना में 2005-2014 दशक के दौरान वर्षापात की मात्रा में 410.7 मि.मी. अधिकता, औसत अधिकतम तापमान में 0.80 तथा निम्नतम तापमान में 0.90 का प्रवर्धन दर्शाया है।

2016-17 के मौसम के दौरान कोडगू जिले के विभिन्न स्थानों में अरेबिका कॉफ़ी की फल असामान्यताओं के मूल्यांकन ने दर्शाया कि वार्षिक वर्षापात में कमी के बावजूद विभिन्न विभेदों के त्रुटिपूर्ण फलियों का उत्पादन सामान्य श्रेणी के अंतर्गत है।

कोडगू जिला के विभिन्न संपर्क क्षेत्रों में अरेबिका एवं रोबस्टा कॉफ़ी के अपक्व फलों के पतन के अनुवीक्षण ने संकेत दिया है कि 2016 के दौरान अपक्व फलों का पतन 14% से 17% (अरेबिका 14%; रोबस्टा 17%) की श्रेणी में था। अन्य क्षेत्रों की तुलना में सुन्टीकोप्पा क्षेत्र में अधिकतम अपक्व फलों के पतन का रिकार्ड किया।

2016 के मौसम के दौरान, केरल के विभिन्न संपर्क क्षेत्रों के वार्षिक वर्षापात प्रकार के मूल्यांकन ने वर्षापात में 28.6% से 41.7% तक की श्रेणी में कमी दर्शाई है। इस संबंध में, मीनंगाडी में 41.65% की अधिकतम कमी पाई गई, उसके

बाद आर सी आर एस (41.5%), कल्पेट्टा (34.85%), मानंतवाडी (33.37%) तथा पुल्पल्ली (28.56%) की कमी पाई गई। वयनाड आँचल के अधिकतर बागानों में कम वर्षा के बावजूद समय पर पुष्पण तथा समर्थन सिंचाई प्राप्त होने के कारण फसल हानि कम पाई गई थी।

उप घटक 1.3: प्रमुख नाशिकीट एवं रोगों द्वारा नष्ट कम करने हेतु सुरक्षित पारिस्थितिक अंतरायणों का विकास

पौधा रोग विज्ञान प्रभाग

सी सी आर आई में नए एफ$_1$ एवं एफ$_2$ अरेबिका संकरों पर रिकार्ड किए गए किट्ट आक्रमण ने यह स्पष्ट किया है कि अधिकतम आक्रमण एस.4814 (4.2%) में तथा निम्नतम एस.5084 (0.25%) में थे। सी आर एस एस, चेट्टल्ली में, विभिन्न संकरों में किट्ट आपतन अन्य संकरों की तुलना में एस.4860 में अधिक था और रोबस्टा विभेद (एस.4864) में शून्य था।

कॉफ़ी पत्ती किट्ट के आक्रमण की जाँच हेतु परीक्षित 242 अरेबिका जनन द्रव्य संग्रहणों में से केवल 8 में किट्ट रोगजन के लिए प्रतिरोधक पाया गया। जबकि 79 रोबस्टा संग्रहणों में से 41 में किट्ट रोगजन के लिए प्रतिरोधक पाया गया।

कॉफ़ी किट्ट विभेदक तथा सी सी आर आई में 'ए' विभेद के पौधे स्थापित प्लॉटों ने यह संकेत दिया है कि 33 विभेदक एवं 2 'ए' विभेद के पौधे किट्ट से मुक्त थे।

नई फफूँदीनाशक अणु बी ए एस 703 02 एफ़ 500 एस सी (फ्लक्सापाइरोक्साइड 167 ग्रा./ली. + पाइराक्लोस्ट्रोबिन 333 ग्रा./ली.) के क्षेत्र मूल्याांकन ने यह संकेत दिया है कि अनुपचारित नियंत्रण (35.41%) की तुलना में 0.6 मि.ली/ली. की दर पर बी ए एस-703-02-एफ़-500 एस सी से उपचारित पौधों में 1.8% के निम्न.तम किट्ट आक्रमण पाया गया था।

कॉफ़ी पत्ती किट्ट के विरुद्ध डिस्कोन (वानस्पतिक आधिपत्य सूत्रीकरण) के क्षेत्र मूल्यांकन ने संकेत दिया है कि डिस्कोन उपचार कॉफ़ी पत्ती किट्ट पर प्रभावी नहीं है और हेक्सकोनाज़ोल (2.4%), कॉपर ऑक्सी क्लोराइड 50% डब्ल्यू वी जी (4.7%) जैसे संस्तुत फफूँदिनाशक तथा अनुपचारित नियंत्रण (3.4%) की तुलना में 2 मि.ली./ली. की दर पर डिस्कोन के उपचार से उच्चतम आक्रमण (20.82%) दर्शाया।

अरेबिका कॉफ़ी में सिकुडन तथा क्लोरोसिस रोगों के संभावी अनियत एजेन्ट के पृथक्कीकरण के प्रयास किए गए। प्राथमिक परिणाम ने यह स्पष्ट किया है कि संरोपण के 30 दिनों के बाद भी परीक्षित विभिन्न कार्षिक माध्यम पर ज़ाइलेल्ला फास्टियोडियोसा की बढ़त नहीं पाई गई। आकीर्णित पौधों के पत्तों से संग्रहित सार के सिरिंज तकनीक तथा कीट रोगवाहक संचरण विधि (बड़े टिड्डे) द्वारा स्वस्थं पौधों में किए गए यांत्रिकी संचरण ने टीकाकृत पौधों पर विकास के लक्षण नहीं दर्शाए। हालाँकि, आकीर्णित पौधों की शीर्ष कली और छोटे पत्तों के घन-सूक्ष्म दर्शी निरीक्षणों ने अणु, अंगूरी कीड़ों के डिंभक एवं बड़े टिड्डों की उपस्थिति दर्शाई है।

कीट विज्ञान प्रभाग

कर्नाटक एवं तमिलनाडु के विभिन्न प्रकार के जोतों, भिन्न-भिन्न उन्नतांश तथा छाया प्रणालियों के प्रतिनिधित्व करने वाले 23 एस्टेटों में सफेद तना छेदक (डब्ल्यू एस बी) के आक्रमण पर किए गए अध्ययनों ने यह संकेत दिया है कि आकीर्णन स्तर की दर, चिक्क्मगलूरु के चार एस्टेटों में 5-10 पौधा/एकड़,

कोडगु के 5 एस्टेटों में 4-6 से 8-6 तक पौधा/एकड़ तथा तमिलनाडु के एक एस्टेट में 5 पौधा/एकड़ की निम्नतम सीमा-रेखा (10 पौधे/एकड़ स्तर) से कम था। इन एस्टेटों ने सफेद तना छेदक के नियंत्रण के लिए उत्तम छाया का अनुरक्षण, नियमित अनुरेखण एवं जड़-उन्मूलन तथा समय पर नाशिकीटमार का प्रयोग जैसे संस्तुत प्रथा प्रणालियाँ अपनाई हैं।

आर सी आर एस, ताण्डीगुडी में सफेद तना छेदक के लार्वा के सुरंग बनाने की पद्धति पर किए गए अध्ययनों ने यह संकेत दिया है कि सफेद तना छेदक लार्वा सभी दिशाओं में सुरंग बनाता है तथा सुरंग बनाने की कोई विशिष्ट पद्धति नहीं है।

सी सी आर आई तथा अन्य अनुसंधान स्टेशनों में डब्ल्यू एस बी की पलायन अवधि के अनुवीक्षण पर रिकार्ड किए गए आँकडों ने यह संकेत दिया है कि व्यस्ततम उद्गमन अवधि में कोई महत्वपूर्ण परिवर्तन नहीं था, चूँकि, अप्रैल से मई तक की ग्रीष्म पलायन अवधि और सितंबर से जनवरी तक की शीतकालीन पलायन अवधि के दौरान वयस्क कीटों की संख्या अधिकतम थी।

तमिलनाडु एवं आर सी आर एस, आर.वी. नगर के अरेबिका एस्टेटों में सफेद तना छेदक संक्रमण से उत्पन्न फसल नष्ट पर किए गए परीक्षण अध्ययनों से रिकार्ड किए गए फसल आँकडों ने यह स्पष्ट किया है कि स्वस्थ पौधों की तुलना में संक्रमित पौधों में 10.6% से 16.54% तक का फसल नष्ट हुआ है।

सी सी आर आई में, एन बी ए आई आर, पी सी आई एवं टाटा रासायनिक नवीकरण केन्द्र के सहयोग से सफेद तना छेदक के नियंत्रण के लिए नए कीटनाशकों की स्क्रीनिंग का कार्य जारी रखा गया।

प्रभावित पौधों से सफेद तना छेदक के कीटों के निवारण के उद्देश्य से किए गए परीक्षण के अधीन बोरे या प्लास्टिक पट्टियों से मुख्य तना एवं प्राथमिक शाखाओं के आवरण के बाद क्लोर्पाइरिफोस 50+ साइपर्मेत्रिन 5 ईसी छिटकने से निकास छिद्र में वयस्क कीटों की मृत्यु दर अत्यधिक थी जो बोरे या प्लास्टिक पट्टियों से मुख्य तना एवं प्राथमिक शाखाओं के आवरण के बाद क्लोर्पाइरिफोस 50 ईसी के केवल जल के साथ छिटकने से या केवल प्लास्टिक पट्टियों से मुख्य तना एवं प्राथमिक शाखाओं के आवरण की तुलना में अधिक थी।

पर्यावरण हितैषी नाशिकीट प्रबंधन पद्धति का प्रयोग प्रोत्साहित करने के लिए सफेद तना छेदक के नियंत्रण हेतु वर्ष के दौरान कर्नाटक एवं तमिलनाडु के कॉफ़ी उपजकर्ताओं को लगभग 8500 क्रॉस वेइन फेरोमोन ट्रैप्स वितरित किए गए।

कॉफ़ी बेरी बोरर (सी बी बी) के नियंत्रण के लिए कर्नाटक एवं केरल के उपजकर्ताओं को चुग्गे के साथ कुल 54,185 बोका ट्रैप्स और लगभग 1.50 लाख चुग्गे सामग्रियाँ वितरित की गईं।

कॉफ़ी बेरी बोरर के विरुद्ध जैव नियंत्रण एजेंट के रूप में कीटरोगजनक फ़फूँदी बावेरिया बासियाना का प्रयोग ऑन-. फार्म उत्पादन के लिए प्रारंभिक कृषि के साथ-साथ कृषि के लिए तैयार आपूर्ति को लोकप्रिय बनाया गया। कॉफ़ी बेरी बोरर के प्रबंधन के लिए तमिलनाडु एवं केरल के उपजकर्ताओं को कुल 537 कि.ग्रा. (477 कि.ग्रा. बी.बासियाना चावल माध्यम पर एवं 60 ली.बी.बासियाना तरल संवर्धन) वितरित किए गए।

कॉफ़ी मिली बग संक्रमण के प्रबंधन हेतु केरल के वयनाड के उपजकर्ताओं को उनकी माँग के अनुसार 1,15,850 परजीव्याभ वितरित किए गए।

उप घटक 1.4: फसलोत्तर प्रौद्योगिकी एवं गुणता सुधारण

फसलोत्तर प्रौद्योगिकी प्रभाग

24 एस्टेटों में विभिन्न निर्माताओं के इकोपल्परों (नई पीढ़ी की पल्पिंग एवं वाशिंग मशीन जिसमें प्रसंस्करण के लिए कम पानी की आवश्यकता है तथा शून्य के समतुल्य अवशिष्ट उत्पन्न किया जाता है) के निष्पादन का मूल्यांकन किया गया। इससे यह पता चला कि अरेबिका के एक कि.ग्रा. पके फलों के प्रसंस्करण हेतु 0.4 से 1.0 ली./कि.ग्रा. और रोबस्टा के लिए 1.4 ली/कि.ग्रा. जल की आवश्यकता है।

कॉफ़ी के नमीयुक्त प्रसंस्करण से उत्पन्न कॉफ़ी अवशिष्ट के उपचार पर किए गए विभिन्न परीक्षणों के परिणामों ने यह संकेत दिया है कि उपचार के रासायनिक एवं जैविक विधियों की तुलना में भौतिक उपचार पद्धति, प्रदूषण भार (सीविंग, रेत परत छँटनी आदि) कम करने में अधिक प्रभावी है।

विभिन्न प्रदूषण मापदंडों (पीएच, बिजली संवाहिता, रसायनिक एवं जैविक ऑक्सीजन माँग) की जाँच हेतु रोपकों से प्राप्त कुल 12 कॉफ़ी अवशिष्ट प्रतिमानों तथा 3 जल प्रतिमानों का विश्लेषण किया गया। विश्लेषण परिणामों के आधार पर उपजकर्ताओं को सलाह दिए गए।

कॉफ़ी गुणता प्रभाग

भौतिक एवं कप गुणता मापदंडों की जाँच हेतु कुल 553 कॉफ़ी प्रतिमानों (वाणिज्यिक-330; अ व वि-223) का विश्लेषण किया गया।

विश्लेषिक प्रयोगशाला ने बी आई एस/एफ एस एस ए आई मापदंडों की जाँच हेतु 8 इंस्टेंट कॉफ़ी प्रतिमानों, कॉफ़ी तत्व की जाँच के लिए 4 आर व जी कॉफ़ी प्रतिमानों तथा नमी तत्व की जाँच के लिए 3 आर व जी कॉफ़ी प्रतिमानों का परीक्षण किया। इसके आगे, कॉफ़ी समुदाय से प्राप्त 108 नमी मापकों का व्यासमापन किया गया।

रोस्टिंग एवं ब्रूइंग पर पाँच कापी शास्त्र प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए तथा इनमें 103 लाभार्थियों ने भाग लिया।

आन्ध्र प्रदेश, अहमदाबाद एवं गुवाहाटी में कॉफ़ी उद्यमों पर तीन अल्पकालीन कार्यकारी कार्यक्रम (स्टेप) का आयोजन किया गया तथा इनके द्वारा कुल 32 लाभार्थियों को कॉफ़ी रोस्टिंग एकक की स्थापना और फुटकर व्यापार पर प्रशिक्षण दिया गया।

बारिस्टा निपुणता (एस्प्रेस्सो कॉफ़ी ब्रूइंग तकनीक) पर एक अल्पकालीन कार्यकारी कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा इसमें 16 सहभागी उपस्थित हुए।

कॉफ़ी गुणता प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम के 2015-16 बैच के दस (10) विद्यार्थियों ने सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूरा कर दिया है। 2016-17 के दौरान कुल बारह (12) विद्यार्थी इस पाठ्यक्रम में सम्मिलित हुए हैं तथा सी सी आर आई में इसका प्रथम तिमाही सत्र पूरा किया गया है और दूसरा तिमाही सत्र कॉफ़ी बोर्ड के मुख्य कार्यालय, बेंगलूरु में चल रहा है।

डबलिन, आयरलैंड में 23 से 25 जून 2016 तक आयोजित "एस सी ए ई कॉफ़ी सम्मेलन -2016" के दौरान अंतरराष्ट्रीय निर्णायकों के एक पैनल द्वारा फ़्लैवर ऑफ़ इंडिया - फ़ाइन कप पुरस्कार 2016" के कप्पिंग के अंतिम चरण के लिए चयनित प्रविष्टियों (39 प्रतिमान) का मूल्यांकन किया गया।

बोर्ड ने अक्तूबर 2016 के दौरान विश्व बारिस्ता प्रतियोगिता के निर्णायकों को नियम व विनियम समझाने के लिए 2 दिवसीय "एन बी एस निर्णायक प्रशिक्षण" कार्यशाला का आयोजन किया, जिसमें 24 चयनित सहभागियों ने भाग लिया।

राष्ट्रीय बारिस्ता प्रतियोगिता - 2017, दो चरणों में आयोजित की गई: इसका प्रथम चरण दिसंबर 2016 के दौरान नई दिल्ली में तथा जनवरी 2017 के दौरान बेंगलूरु में आयोजित किया गया। राष्ट्रीय बारिस्ता प्रतियोगिता के सेमी-फ़ाइनल व फ़ाइनल राउंड फरवरी 2017 के दौरान बेंगलूरु में आयोजित किए गए।

"मूल्य संवर्धन हेतु समर्थन" के अधीन उपदान प्रदान करने के लिए उद्योग/शेयरधारकों के स्वामित्वाधीन इकतालीस (41) रोस्टिंग एककों का निरीक्षण किया गया तथा लाइसेंस नवीकरण के लिए छह (6) क्यूरिंग वर्क्स का भी निरीक्षण किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम

वर्ष 201617 में सी सी आर आई में निम्नलिखित प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

सी सी आर आई में 17.10.2016 से 02.01.2017 तक कॉफ़ी गुणता प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा के प्रथम तिमाही सत्र का आयोजन किया गया तथा बारह प्रशिक्षार्थियों ने सफलतापूर्वक प्रथम तिमाही सत्र पूरा किया।

नव नियुक्त वैज्ञानिक एवं विस्तारण कार्मिकों के साथ-साथ कॉफ़ी उपजकर्ताओं के लिए प्रवेश/प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम के चार बैचों का आयोजन किया गया। इनमें कुल 08 वैज्ञानिक, 55 विस्तारण कार्मिक और तीन कॉफ़ी उपजकर्ताओं को कॉफ़ी कृषि की वैज्ञानिक पद्धतियों पर प्रशिक्षण दिया गया।

****

अध्याय V

विस्तारण तथा विकास

क) परंपरागत क्षेत्र

परंपरागत कॉफ़ी उगाने वाले क्षेत्र में तीन दक्षिणी राज्य अर्थात कर्नाटक, केरल एवं तमिलनाडु आते हैं। कॉफ़ी के परंपरागत क्षेत्र अधीन कुल क्षेत्र 3,66,262 हे. है जो देश के कुल कॉफ़ी अधीन क्षेत्र 4,49,288 हे. का 81% है। परंपरागत क्षेत्र में कुल जोतों की संख्या 1,74,812 है जोकि देश भर के 3,52,325 जोतों का लगभग 49% है।

परंपरागत क्षेत्र में कॉफ़ी के अधीन क्षेत्र

वर्ष 2016-17 के दौरान 3 परंपरागत कॉफ़ी उगाने वाले राज्यों में रोपित क्षेत्र,फलन क्षेत्र तथा जोतों की संख्या का विवरण निम्नानुसार है :-

राज्य	रोपित क्षेत्र (हे.)			फलन क्षेत्र (हे.)			जोतों की संख्या		
	अरेबिका	रोबस्टा	कुल	अरेबिका	रोबस्टा	कुल	<10 हे	>10 हे	कुल
कर्नाटक	108845	135940	244785	99719	126572	226291	76960	2201	79161
केरल	4228	81642	85870	3955	81021	84976	77370	275	77645
तमिलनाडु	29513	6094	35607	27754	5813	33567	17656	350	18006
परंपरागत क्षेत्र का योग	**142586**	**223676**	**366262**	**131428**	**213406**	**344834**	**171936**	**2826**	**174812**

2016-17 के दौरान मौसम परिस्थिति तथा फसल उत्पादन

वर्ष 2016 के दौरान केवल चिकमगलूरु क्षेत्र में ही संतोषजनक पुष्पण एवं समर्थन फुहार प्राप्त हुए। जबकि, परंपरागत क्षेत्रों के कॉफ़ी रोपण क्षेत्रों के अन्य भागों में पुष्पण एवं समर्थन फुहार पर्याप्त नहीं थे। हालाँकि, जिन उपजकर्ताओं के पास ऊपरी सिंचाई का प्रावधान उपलब्ध है, उन्होंने पुष्पण व समर्थन फुहार प्रदान किया। परंपरागत क्षेत्र के लगभग सभी क्षेत्रों में मानसून विलंब से प्राप्त हुआ तथा वर्षा भी औसतन थी। औसतन वर्षा से कॉफ़ी क्षेत्रों की नमी बनाए रखने में सहायता प्रदान करती है, परंतु अधिकांश क्षेत्रों में पर्याप्त मात्रा में प्राकृतिक वर्षा प्राप्त नहीं हुई । इसके परिणामस्वरूप एस्टेट स्तरों पर जल संग्रहण प्रणालियों का जलस्तर निम्न रहा।

इसके परिणामस्वरुप, 2016-17 सीज़न के लिए परंपरागत कॉफ़ी उपजाने वाले क्षेत्रों के मानसूनोत्तर अंतिम फसल प्राक्कलन 3,06,150 टन है, जिसमें 85,800 टन अरेबिका तथा 2,20,350 टन रोबस्टा सम्मिलित है। राज्यवार विवरण निम्नानुसार है -

(टनों में)

राज्य	उत्पादन प्राक्कलन		
	अरेबिका	रोबस्टा	कुल
कर्नाटक	71600	154700	**226300**
केरल	2140	61150	**63290**
तमिलनाडु	12060	4500	**16560**
परंपरागत क्षेत्र का योग	**85800**	**220350**	**306150**

नाशिकीट एवं रोग

निम्न वर्षापात एवं संक्रमण क्षेत्रों में अरेबिका पर आक्रमण करने वाले मुख्य नाशिकीट सफेद तना छेदक का आक्रमण मध्यम से ऊपरी स्तर तक था। कॉफ़ी उपजाने वाले अधिकांश क्षेत्रों में कॉफ़ी बेरी बोरर का आक्रमण भी कम था। सामान्यत: रोबस्टा पर शॉट होल बोरर जैसे अन्य नाशिकीट और चूषक नाशिकीट का आक्रमण भी निम्न स्तर पर था।

रोगों में, अरेबिका के एक प्रमुख रोग कॉफ़ी पत्ती किट्ट का आक्रमण, निम्न से मध्यम स्तर पर था। ब्लैक रॉट और स्टॉक रॉट का आक्रमण मानसून समय के दौरान उच्च उन्नतांश तथा अधिक वर्षापात के क्षेत्रों में स्थित कॉफ़ी बागानों में निम्न से मध्यम स्तर पर था।

विस्तारण तथा विकास संबंधी गतिविधियों का अनुवीक्षण एवं पुनरीक्षण

- परंपरागत कॉफ़ी उपजाने वाले क्षेत्रों में स्थित विस्तारण कार्यालय अनुसंधान निदेशक, कॉफ़ी बोर्ड के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन आते हैं।
- अनुसंधान निदेशक, कॉफ़ी बोर्ड, विकास समर्थन योजनाओं के कार्यान्वयन का पर्यवेक्षण करते हैं।
- हासन में कार्यरत संयुक्त निदेशक (विस्तारण), कर्नाटक के चार उप निदेशक (विस्तारण), सात वरिष्ठ संपर्क अधिकारी तथा सभी कनिष्ठ संपर्क अधिकारियों के विस्तारण/ विकास गतिविधियों का पर्यवेक्षण करते हैं।
- संयुक्त निदेशक (विस्तारण), कल्पेट्टा, दो उप निदेशक (विस्तारण), आठ वरिष्ठ संपर्क अधिकारी तथा केरल एवं तमिल नाडु के सभी कनिष्ठ संपर्क अधिकारियों के विस्तारण गतिविधियों का पर्यवेक्षण करते हैं।

विस्तारण गतिविधियाँ

कॉफ़ी कृषि के वैज्ञानिक पद्धतियों के ज्ञान एवं कुशलता में सुधार लाने के उद्देश्य से प्रौद्योगिकी के अंतरण हेतु बोर्ड के विस्तारण कार्मिकों ने कॉफ़ी उपजकर्ताओं के साथ आपसी संपर्क बनाए रखा। सामान्यत: उपजकर्ता तथा विशेषकर छोटे उपजकर्ताओं को प्रौद्योगिकी के अंतरण हेतु विविध व्यक्तिगत एवं सामूहिक विस्तारण दृष्टिकोण और साधनों का प्रयोग किया गया । इसके साथ-साथ कॉफ़ी के उत्पादन, उत्पादकता तथा गुणता के प्रोन्नयन के लिए विकास समर्थन भी प्रदान किए गए।

इस अवधि के दौरान कॉफ़ी उपजकर्ताओं एवं कामगारों के ज्ञान तथा दक्षता का स्तर सुधारने के लिए क्रियान्वित कार्यकलाप तथा ध्यानकेंद्रित संपर्क सिद्धांतों में व्यक्तिगत संपर्क, कॉफ़ी जोतों का दौरा, अनुवीक्षण एवं सुझावों के पुष्टीकरण हेतु सलाहकारी पत्र निर्मोचन, संक्रियाओं को प्रभावी रूप से निपटाने हेतु कुशलता में सुधारण के लिए पद्धति निरूपण/फार्म पर निरूपण का आयोजन, ग्राम स्तरीय/ सामूहिक बैठकें एवं सेमिनार, समूह संचार/संपर्क कार्यक्रम, मीडिया अभियान तथा अन्य उल्लेखनीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्मिलित हैं।

विस्तारण कार्मिकों ने फसल का सावधिक मूल्यांकन, नाशिकीट एवं रोगों के आक्रमण के अनुवीक्षण एवं प्रबंधन, कॉफ़ी बीज के प्रापण एवं वितरण आदि गतिविधियों का क्रियान्वयन भी किया।

वर्ष 2016-17 के दौरान क्रियान्वित विभिन्न विस्तारण गतिविधियों का विवरण निम्नलिखित है:

क्र. सं.	गतिविधियाँ	उपलब्धियाँ (सं.)
1.	एस्टेट दौरा	27,518
2.	क्षेत्र निदर्शन	7,740
3.	सलाहकारी पत्र	3,157
4.	सामूहिक बैठकें/सेमीनार/ग्राम स्तरीय बैठकें	97
5.	सामूहिक संचार/संपर्क कार्यक्रम	21
6.	मीडिया अभियान	106
7.	प्रौ.मू.केन्द्रों में कॉफ़ी की कृषि पर प्रशिक्षण कार्यक्रम	30
8.	महिला कामगारों/उपजकर्ताओं के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम	41

सामूहिक संचार कार्यक्रम

प्रमुख नाशिकीट तथा रोगों के एकीकृत प्रबंधन पर लघु कॉफ़ी उपजकर्ताओं को प्रशिक्षित करने के लिए पारंपरिक कॉफ़ी उपजाने वाले क्षेत्र के विभिन्न आंचलों के लगभग 887 लघु उपजकर्ताओं को समाहित करते हुए कुल 15 सामूहिक संचार कार्यक्रम आयोजित किए गए ।

सामूहिक संपर्क कार्यक्रम

परंपरागत क्षेत्र के विभिन्न कॉफ़ी उगाने वाले प्रदेशों में कॉफ़ी कृषि के सुधारित पद्धतियों के बारे में लघु उपजकर्ता समूह को प्रशिक्षित करने के लिए छः सामूहिक संपर्क कार्यक्रम आयोजित किए गए । इन कार्यक्रमों में विभिन्न एस्टेटों से मृदा प्रतिमान का संकलन, प्रतिमानों का विश्लेषण, मृदा विश्लेषण रिपोर्ट के आधार पर मृदा के सुधारण उपाय तथा खाद प्रयोग की मात्रा निर्धारण की योजना आदि बहुत से गतिविधियाँ सम्मिलित किए गए । इसके अलावा, वैज्ञानिकों एवं विस्तारण कर्ताओं की एक टीम ने एस्टेटों का दौरा किया तथा कॉफ़ी जोतों के समग्र प्रोन्नयन हेतु मूल्यांकन करते हुए परामर्श दिए। कार्यक्रम के एक भाग के रुप में उस क्षेत्र के उपजकर्ताओं के साथ संवादात्मक बैठक आयोजित की गई। इससे कुल 693 उपजकर्ता लाभान्वित हुए।

प्रौद्योगिकी मूल्यांकन केंद्र (टीईसी'स)

परंपरागत क्षेत्रों के विभिन्न कृषि जलवायवीय आँचलों में संस्थापित बोर्ड के दस प्रौद्योगिकी मूल्यांकन केंद्रों (टी ई सी) ने उत्पादन तथा उत्पादकता के प्रोन्नयन के लिए प्रत्येक टी ई सी के लिए बनाए गए वार्षिक कार्ययोजना के अनुसार समय पर सांस्कृतिक प्रचालन का प्रकार्य जारी रखा। ये प्रौद्योगिकी मूल्यांकन केंद्र (टी ई सी), क्षेत्र/स्थान विशिष्ट कार्षिक प्रणालियों द्वारा विभिन्न पौधा सामग्रियों के निष्पादन मूल्यांकन केंद्र, प्रशिक्षण केंद्र तथा बीज उत्पादन केन्द्रों के रूप में कार्य करते रहते हैं।

परंपरागत क्षेत्रों में कॉफ़ी के लिए विकास समर्थन

बोर्ड के विस्तारण कार्मिकों ने विकास समर्थन स्कीम के प्रभावी कार्यान्वयन हेतु उपदान आवेदन पत्रों/दावों के पंजीकरण, जाँच-पड़ताल, संसाधन तथा विकास समर्थन योजना के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए उपदान की प्रतिपूर्ति का कार्य किया। कॉफ़ी के उत्पादन, उत्पादकता और गुणता के प्रोन्नयन के लिए पुन:रोपण, विस्तारण, जल आवर्धन, गुणता प्रोन्नयन,

पर्यावरण-प्रामाणीकरण, प्रदूषण उपशमन कार्यों को संचालित करने की दिशा में पारंपरिक क्षेत्र के कॉफ़ी उपजकर्ताओं को उपदान दिए गए।

2016-17 के दौरान विभिन्न घटकों से संबंधित विवरण तथा उपदान का विवरण निम्नानुसार है :

1. पुन:रोपण एवं विस्तारण

निगमित तथा सहकारी जोतों को सम्मिलित करते हुए जोतों के आकार पर ध्यान दिए बिना उपदान के लिए पात्र कॉफ़ी उपजकर्ताओं को उपदान दिया गया। योजना के प्रयोजनार्थ विचार किए गए एकक लागत अरेबिका के मामले में ₹ 1,75,000/- प्रति हे. तथा रोबस्टा के मामले में ₹ 1,25,000/- प्रति हे. था। उपदान के लिए मानदंड जोत के आकार के अनुसार परिवर्तित हो जाता था; कॉफ़ी क्षेत्र के (i) 2 हे. तक के जोत आकार के उपजकर्ता को एकक लागत का 40% (ii) जोत का आकार 2 हे. से अधिक हो तथा 10 हे. तक हो तो उपजकर्ता को एकक लागत का 30% और (iii) 10 हे. से अधिक जोत के उपजकर्ता को एकक लागत का 25% देने का प्रावधान है।

2. जल प्रवर्धन

कॉफ़ी क्षेत्र के 20 हे. तक जोत के योग्य उपजकर्ता तथा साझेदारी फार्म को सम्मिलित करते हुए संयुक्त स्वामित्व वाले जोतों को जल प्रवर्धन उप घटक के तहत विभिन्नि कार्यों के लिए एकक लागत के 25% तक उपदान दिया जाता है। विभिन्न गतिविधियों के लिए निर्धारित एकक लागत, जोत के आकार के अनुसार परिवर्तित होती है तथा यह प्रति जोत ₹43,000/- से ₹ 10,00,000/- के बीच रहती है।

3. गुणता प्रोन्नयन

कॉफ़ी क्षेत्र के 20 हे. तक जोत के उपजकर्ता तथा उपदान के लिए पात्र उपजकर्ताओं और साझेदारी फर्मों को शामिल कर संयुक्त स्वामित्व वाले जोतों को गुणता प्रोन्नयन उप-घटक के अधीन विभिन्न कार्यों के लिए एकक लागत के 20% की दर से उपदान दिया जाता है। विभिन्न क्रिया कलापों के लिए निर्धारित की गई एकक लागत जोत के आकार के अनुसार परिवर्तित होती है और प्रति जोत ₹16,000/- से ₹12,50,000/- के बीच रहती है।

4. पर्यावरण प्रमाणीकरण

कॉफ़ी क्षेत्र के 20 हे. तक के स्वामित्व वाले उपजकर्ताओं तथा लघु उपजकर्ताओं के समूह (स्व स स, सामूहिक) जो विभिन्न धारणीयता एवं गुणता मानकों हेतु उनके बागानों के लिए प्रमाणीकरण प्राप्त करने पर उपदान दिया जाता है।

जैविक प्रमाणीकरण हेतु: प्रत्येक उपजकर्ता तथा उपजकर्ताओं के समूह, प्रमाणीकरण मूल्य के 50% के दर पर उपदान के पात्र हैं बशर्ते कि वह प्रति लाभार्थी/समूह के लिए अधिकतम सीमा ₹ 50,000/- है। योजना अवधि के दौरान एक वर्ष से अधिक अवधि के लिए ₹ 50,000/- का संपूर्ण समर्थन उपलब्ध होगा।

अन्य पर्यावरण प्रमाणीकरण हेतु : क) प्रत्येक उपजकर्ता, प्रमाणीकरण मूल्य के 50% की दर पर उपदान के पात्र हैं बशर्ते कि केवल एक वर्ष की अवधि के लिए वह अधिकतम ₹ 50,000/- हो। ख) लघु उपजकर्ताओं के समूह प्रमाणीकरण के 50% की दर पर उपदान के पात्र होगें बशर्ते कि प्रति समूह के लिए यह अधिकतम ₹ 50,000/- हो। योजना की अवधि के दौरान एक वर्ष से अधिक ताक की

अवधि के लिए ₹50,000/- का संपूर्ण समर्थन उपलब्ध होगा।

5. प्रदूषण उपशमन

पर्यावरण हितैषी गतिविधियों को अपनाते हुए एकक लागत के 40% की दर से 10 हे. और उससे अधिक जोतों के निगमित और सहकारिता को सम्मिलित करते हुए उपजकर्ता के सभी श्रेणियों को उपदान दिया गया है। विभिन्न गतिविधियों के लिए निर्धारित एकक लागत जोतों के आकार के अनुसार विभिन्न होती है तथा यह प्रति जोत ₹ 22,000/- से ₹15,20,000/- के बीच रहती है।

वर्ष 2016-17 के दौरान विभिन्न कार्यों के अधीन भौतिक उपलब्धियाँ (2015-16 के स्पिलोवर दावे सहित) निम्नानुसार हैं:

क्र. सं.	घटक/प्रकार्य	लाभार्थियों की सं. (एककों की सं.)	लाभान्वित क्षेत्र (हे.में)
1.	पुन:रोपण/ विस्तारण	2,649	2,388
2.	जल प्रवर्धन	2,263 (2,434)	4,875
3.	गुणता प्रोन्नयन	1,507 (1,699)	3,998
4.	प्रदूषण उपशमन	29 (29)	877

कॉफ़ी एस्टेट प्रचालनों के यंत्रीकरण हेतु समर्थन

कॉफ़ी उत्पाशकता के सुधारण तथा महत्वपूर्ण फार्म प्रचालनों में दक्षता प्राप्त करने हेतु विशेषकर फार्म श्रमिकों की कमी के समय फार्म मशीनरियों के प्रयोग को प्रोत्साहित करने के लिए कॉफ़ी उपजकर्ताओं को समर्थन देना इस योजना का उद्देश्य है। विभिन्न आकार के जोतों तथा स्वसस/उपजकर्ता समष्टियों के लिए प्रयोज्य उपदान के मानदंड निम्नानुसार हैं:

जोतों की श्रेणी	उपदान का मानदंड
20 हे. तक के उपज-कर्ता	2.00 लाख रूपयों की सीमा के साथ 50%
20 हे. से अधिक के उपजकर्ता	4.50 लाख रूपयों की सीमा के साथ 25%
स्व स स/उपजकर्ता समष्टि	5.00 लाख रूपयों की सीमा के साथ 50%

इस योजना के अधीन 2016-17 के दौरान, 3636 मशीनरियों के क्रय के लिए 3281 उपजकर्ताओं को समर्थन प्रदान किया है।

ख. गैर-परंपरागत क्षेत्र (एन टी ए) - (आंध्र प्रदेश एवं उडिशा)

आंध्र प्रदेश (एपी) एवं उडिशा राज्यों में कॉफ़ी कृषि के लिए उपयुक्त क्षेत्रों के विनिर्धारण के लिए 1950 के प्रारंभिक वर्षों में कॉफ़ी बोर्ड ने एक तकनीकी-साध्यता सर्वेक्षण आयोजित किया था। सर्वेक्षण रिपोर्ट की सिफारिशों के आधार पर, आंध्र प्रदेश के वन विभाग ने 1961 में विशाखपट्टनम के एजेंसी क्षेत्रों में प्रथम बार वाणिज्यिक कॉफ़ी की कृषि प्रारंभ की थी। बाद में, इन बागानों के समुचित अनुरक्षण हेतु आंध्र प्रदेश वन विकास निगम लि.(ए पी एफ डी सी) को सौंप दिया गया। 1976 में, एकीकृत जनजाति विकास अभिकरण (आई टी डी ए) ने 'पोडू' या अंतरण कृषि की प्रथा समाप्त करने के लिए वहाँ के जनजातीय समूह के विकास की पहल के रुप में कॉफ़ी कृषि की शुरुआत की। गैर-पारंपरिक क्षेत्र में कॉफ़ी फार्मिंग की संभाव्यता समझते हुए, कॉफ़ी बोर्ड ने IX वीं

पंचवर्षीय योजना से ही आंध्र प्रदेश तथा उडिशा में कॉफ़ी विकास के लिए अपना समर्थन प्रदान किया था।

गैर-परंपरागत क्षेत्र में वितरण :

आंध्र प्रदेश तथा उडिशा में कॉफ़ी के अधीन क्षेत्र एवं जोतों की संख्या का विवरण निम्नानुसार है:

संपर्क क्षेत्र	रोपित क्षेत्र (हे.)			फलन क्षेत्र (हे.)			जोतों की संख्या		
आंध्र प्रदेश	अरेबिका	रोबस्टा	कुल	अरेबिका	रोबस्टा	कुल	<10हे	>10हे	कुल
मिनुमुलूरू	30942.83	0.52	30943.35	25582.03	0.52	25582.55	81229	1	**81230**
चिंतापल्ली (पू)	12001.58	181.40	12182.98	9462.23	181.4	9643.63	24757	2	**24759**
चिंतापल्ली (प)	16636.33	85.29	16721.62	13434.69	85.29	13519.98	28771	2	**28773**
अरकूवैली	11508.00	0	11508.00	9378.0	0	9378	28589	1	**28590**
कुल	**71088.00**	**267.00**	**71355.95**	**57856.95**	**267.21**	**58124.16**	**163346**	**6**	**163352**
उडिशा	4238.73	0	4238.73	3934.59	0	3934.0	4024	20	**4044**
महायोग	**75327.47**	**267.21**	**75594.68**	**61791.54**	**267.21**	**62058.16**	**167370**	**26**	**167396**

मौसम परिस्थिति तथा फसल उत्पादन

2016-17 सीज़न के दौरान आंध्र प्रदेश में मौसम कॉफ़ी के विकास के लिए संतोषजनक तथा अनुकूल रहा है। फरवरी के अंतिम सप्ताह एवं मार्च 2016 के प्रथम सप्ताह के दौरान पुष्पण फुहार प्राप्त हुई तथा उसके बाद मार्च 2016 के अंतिम सप्ताह के दौरान समर्थन फुहारें भी हुई, जिससे संतोषजनक पुष्पण एवं फलों की सेटिंग हुई। जून 2016 में मानसून सेट हुआ और यह काफी सक्रिय रहा। संपूर्ण सीज़न के दौरान संतोषजनक मृदा नमी स्तर बनाए रखने के लिए संतोषजनक वर्षापात का वितरण प्राप्त हुआ था।

2016-17 सीजन के दौरान उडिशा में भी कॉफ़ी के विकास के लिए मौसम संतोषजनक एवं अनुकूल था। उडिशा के अधिकांश कॉफ़ी उपजाने वाले क्षेत्रों में मार्च 2016 के दौरान पुष्पण फुहार तथा मई 2016 के दौरान अनुवर्ती फुहार प्राप्त हुई। जून से सितंबर 2016 के तक मानसून सक्रिय रहा तथा पूरे सीजन में वर्षापात का वितरण संतोषजनक रहा था।

संपूर्ण परिस्थिति तथा फसल प्राप्ति पर विचार करें तो 2016-17 सीजन के दौरान गैर-परंपरागत क्षेत्र से संबंधित कॉफ़ी का अंतिम प्राक्कलन 10,450 मे.टन था, जिसमें 10,400 मे.टन अरेबिका तथा 50 मे.टन रोबस्टा सम्मिलित हैं।

नाशिकीट एवं रोग

वर्ष 2016-17 के दौरान नाशिकीट एवं रोग के किसी महत्वपूर्ण प्रकोप की रिपोर्ट नहीं की गई है। कावेरी (संकलन.12), संकलन.7, संकलन.4 (ए) जैसे किट्ट संवेदी श्रेणियों में आंशिक पतझड तथा टहनियों के नाश की घटनाएँ

पाई गई हैं। उडिशा में, कावेरी जैसे संवेदी श्रेणी में मध्यम स्तरीय पत्ती किट्ट का आक्रमण पाया गया है।

विस्तारण गतिविधियाँ

आंध्र प्रदेश तथा उडिशा के विस्तारण कार्मिकों द्वारा क्रियान्वित विस्तारण गतिविधियाँ, जनजाति क्षेत्र की कॉफ़ी के उत्पादन, उत्पादकता एवं गुणता में सुधारण के लिए आवश्यक संपर्क एवं कॉफ़ी जोतों के अनुवर्ती दौरों के माध्यम से प्रौद्योगिकी का अंतरण, क्षेत्र निदर्शन व्याख्यानों का आयोजन, सामूहिक विचार विमर्श, सलाहकारी पत्र निर्मोचन आदि कार्यों पर केंद्रित थीं।

वर्ष 2016-17 के दौरान गैर-परंपरागत क्षेत्र में क्रियान्वित विभिन्न विस्तारण गतिविधियों का विवरण निम्नानुसार है :

क्र. सं.	गतिविधियाँ	उपलब्धियां (सं)
1	एस्टेट दौरा (सं)	2,338
2	पद्धति निदर्शन (सं)	725
3	संसाधक व्यक्तियों के लिए टी ई सी मिनिमुलूरु में एक दिवसीय/ दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम	10 कार्यक्रम (आईटीडीए कार्मिकों से 481 लाभार्थी)
4	संबोधित सामूहिक बैठकें (सं)	111
5	गुणता जागरुकता अभियान (लाभार्थी)	17 कार्यक्रम (558 उपजकर्ता)

प्रौद्योगिकी मूल्यांकन केंद्र (टी ई सी)

गैर-परंपरागत क्षेत्र में दो प्रौद्योगिकी मूल्यांकन केंद्र कार्यरत हैं, एक मिनीमुलूरू (आंध्र प्रदेश) तथा दूसरा कोरापुट (उडिशा) में है। ये फार्म गुणतायुक्त कॉफ़ी बीज के उत्पादन केंद्रों के अलावा निदर्शन-सह प्रशिक्षण केंद्रों के रूप में कार्य कर रहे हैं।

मिनी कॉफ़ी क्यूरिंग वर्क्स

2004-05 के दौरान आंध्र प्रदेश के चिंतापल्ली में स्थापित मिनी कॉफ़ी क्यूरिंग वर्क्स ने आंध्र प्रदेश के जन जातीय उपजकर्ताओं के लिए का असंस्कृत कॉफ़ी के संसाधन का कार्य जारी रखा ।

गैर- परंपरागत क्षेत्र में कॉफ़ी का विकास कार्यक्रम

वर्ष 2016-17 के लिए गैर-परंपरागत क्षेत्र में कार्यान्वित विभिन्न उपदान उप-घटकों के अधीन भौतिक उपलब्धि का विवरण निम्नानुसार है :

गतिविधियाँ	क्षेत्र/एकक
कॉफ़ी विस्तारण / समेकन (क्षेत्र हे.में)	3.14 (4,000हे.) **
गुणता प्रोन्नयन	
क) ड्राइंग यार्ड (एककों की सं.)	1,355 *
ख) बेबी पल्पर्स (एककों की सं.)	240

* 2016-17 के दौरान निपटाए गए 2015-16 के दावे

** 2016-17 के दौरान आईटीडीए ने 4,000 हे. जनजातीय जोतों के विस्तारण का कार्य ले लिया, दावा आभी तक प्राप्त नहीं हुआ।

ग. पूर्वोत्तर क्षेत्र (एन ई आर)

वर्ष 1953 में असम के कचर जिले में कॉफ़ी कृषि का आरंभ किया गया। प्रारंभ में कॉफ़ी विस्तारण कार्यक्रम पूर्वोत्तर क्षेत्र के विभिन्न राज्यों के निगमों/विभागों द्वारा किया गया था। चूँकि

कॉफ़ी कृषि प्रोत्साहजनक पाया गया तो कॉफ़ी बोर्ड ने 1982-1990 के दौरान एक विस्तृत सर्वेक्षण आयोजित किया तथा पूर्वोत्तर क्षेत्र के विभिन्न राज्यों में कॉफ़ी कृषि हेतु उपयुक्त क्षेत्रों का विनिर्धारण किया। इसके बाद, IX वीं योजना की अवधि (1997-2002) से पूर्वोत्तर क्षेत्र के कॉफ़ी विकास कार्यक्रम का कार्यान्वयन सीधे बोर्ड से जुड़ गया।

वितरण क्षेत्र :

पूर्वोत्तर राज्यों में कॉफ़ी के अधीन क्षेत्र तथा जोतों की संख्या संबंधी विवरण निम्नानुसार है :

क्र. सं.	संपर्क क्षेत्र/राज्य	रोपित क्षेत्र (हे.)			फलन क्षेत्र (हे.)			जोतों की संख्या		
		अरेबिका	रोबस्टा	कुल	अरेबिका	रोबस्टा	कुल	<10 हे	>10 हे	कुल
1	अरूणाचल प्रदेश	13.00	314.9	**327.9**	0.00	153.50	**153.50**	291	2	**293**
2	असम	760.72	397.52	**1158.24**	387.75	323.07	**710.82**	1315	3	**1318**
3	मणिपुर	231.85	7.00	**238.85**	22.00	0.00	**22.00**	231	0	**231**
4	मेघालय	419.79	583.69	**1003.48**	281.65	259.85	**541.5**	1736	0	**1736**
5	मिजोरम	2339.32	3.50	**2342.82**	696.65	3.5	**700.15**	4171	3	**4174**
6	नागालैंड	1751.65	223.9	**1975.55**	600.00	50.00	**650.00**	1848	1	**1849**
7	त्रिपुरा	387.55	67.40	**454.95**	204.00	49.00	**253.00**	885	0	**885**
	कुल	**5903.88**	**1597.91**	**7501.79**	**2192.05**	**838.92**	**3030.97**	**10477**	**9**	**10486**

मौसम परिस्थिति एवं फसल उत्पादन

पूर्वोत्तर राज्यों में सामान्य मौसम अधिकतर अपनी विशेषताओं के साथ उष्णकटिबंधीय एवं उप- उष्णकटिबंधीय थी जिसमें लंबे दिन, उन्नत वर्षापात, दैनिक तापमान परिवर्तन इत्यादि अनुभूत होता है। तथापि, पूर्वोत्तर क्षेत्र में कॉफ़ी कृषि में वर्षा का सीमित प्रभाव ही पडता है।

नाशिकीट तथा रोग

सामान्यत: कुछ स्थानों में सफेद तना छेदक एवं पत्ती किट्ट के हल्के आक्रमण को छोडें तो पूर्वोत्तर क्षेत्र के कॉफ़ी एस्टेटों में किसी भी नाशिकीट एवं रोग का अधिक प्रकोप नहीं पाया गया।

विस्तारण गतिविधियाँ

क्र सं	गतिविधियाँ	उपलब्धियां (सं. में)
1	एस्टेट दौरा	2,803
2	क्षेत्र निदर्शन	1,923
3	संबोधित सामूहिक बैठकें	187
4	गुणता जागरुकता अभियान	56

प्रौद्योगिकी मूल्यांकन केंद्र (टी ई सी)

पूर्वोत्तर क्षेत्र में चार प्रौद्योगिकी मूल्यांकन केन्द्र कार्यरत हैं। ये दिओमाली (अरूणाचल प्रदेश), हफलांग

(एन.सी.हिल्स,असम), बुआलपुई (मिजोरम), तुलाकोना (अगरतला,त्रिपुरा) में स्थित हैं। टी ई सी, बुआलपुई, मिजोरम, कॉफ़ी बीज के उत्पादन केंद्र के साथ-साथ निदर्शन-सह प्रशिक्षण केंद्र के रूप में अपनी सेवाएं प्रदान करते आ रहे हैं।

पूर्वोत्तर क्षेत्र में कॉफ़ी विकास कार्यक्रम के अधीन समर्थन

वर्ष के दौरान, कॉफ़ी के उत्पादन एवं गुणता के सुधारण के समग्र उद्देश्य से बोर्ड ने पूर्वोत्तर क्षेत्र में कॉफ़ी विकास कार्यक्रम के अधीन कॉफ़ी विस्तारण, समेकन एवं गुणता प्रोन्नयन जैसी विभिन्न गतिविधियों के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की । वर्ष के दौरान पूर्वोत्तर क्षेत्र में विभिन्न गतिविधियों के लिए प्रदत्त समर्थन संबंधी भौतिक उपलब्धि का विवरण नीचे दिया गया है :

गतिविधियाँ	क्षेत्र/एकक
कॉफ़ी विस्तारण (हे.में)	481.81
कॉफ़ी का समेकन (हे.में)	40.73
समूह नर्सरी कार्यक्रम	30 नर्सरियाँ (8.9 लाख पौद)
गुणता प्रोन्नयन	
क. पल्पर्स (एककों की संख्या)	-
ख. ड्राइंग यार्ड /जल प्रवर्धन/ मशीनरी (एककों की संख्या)	144

उपरोक्त गतिविधियों के लिए प्रदत्त वित्तीय समर्थन के अलावा, कॉफ़ी विस्तारण एवं समेकन कार्यों को सहायता प्रदान करने के लिए समूह नर्सरियों के द्वारा कॉफ़ी पौदों तथा छाया वृक्ष के पौदों को उगाकर वितरित करने के लिए भी बोर्ड ने समर्थन दिया।

बोर्ड ने पूर्वोत्तलर क्षेत्र में उत्पादित कॉफ़ी से संबंधित जनजातीय उपजकर्ताओं से असंस्कृत कॉफ़ी का संग्रहण, संसाधन, परिवहन एवं निपटान आदि की लागत संबंधी वित्तीय समर्थन जारी रखा है।

मिनी कॉफ़ी क्यूरिंग वर्क्स

बोर्ड द्वारा बुआलपुई में स्थापित मिनी कॉफ़ी क्यूरिंग वर्क्स में मिजोरम तथा त्रिपुरा राज्यों के उपजकर्ताओं द्वारा पूल की गई असंस्कृत कॉफ़ी का संसाधन कार्य किया जा रहा है ।

घ. शेयरधारकों के लिए क्षमता निर्धारण

रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान, कॉफ़ी उद्योग के शेयरधारकों के क्षमता निर्धारण के एक भाग के रूप में आयोजित विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों का विवरण निम्नानुसार है:

- भारतीय बागान प्रबंधन संस्थान, बेंगलूरु के सहयोग से पूर्वोत्तर क्षेत्र के जोरहाट एवं कोलासिब के 35 कॉफ़ी उपजकर्ताओं के लिए 2 रीच-आउट प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन संपर्क कार्यक्रमों के अधीन लघु कॉफ़ी उपजकर्ताओं के लिए लाभकारिता व धारणीयता हेतु प्रमाणित कॉफ़ी विषय समनुयोजित किया गया।
- कॉफ़ी बोर्ड के प्रौद्योगिकी मूल्यांकन केंद्रों में 5,280 कॉफ़ी उपजकर्ताओं, एस्टेट कामगारों तथा पर्यवेक्षकीय स्टाफ के लाभ हेतु कॉफ़ी कृषि की विभिन्न पहलुओं पर प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्धारण कार्यक्रम आयोजित किए गए।

- कृषि विश्वविद्यालय/आई सी ए आर के कृषि विज्ञान केन्द्र के सहयोग से 1007 महिला उपजकर्ता/ कामगारों के लाभ हेतु व्यवसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए।
- कापी शास्त्र के छह प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा कॉफ़ी रोस्टिंग, ग्राइंडिंग एवं फुटकर विक्रय पर तीन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए जिनसे क्रमश: 119 तथा 32 लाभार्थी लाभान्वित हुए हैं।
- कार्य पूँजी ऋणों पर कॉफ़ी उपजकर्ताओं को ब्याज उपदान

कॉफ़ी की विकास समर्थन योजना के एक भाग के रुप में, बोर्ड ने निम्नलिखित शर्तों पर किसी वाणिज्यक बैंक, आर.आर.बी एवं सहकारी बैंकों से फसल ऋणों लेने हेतु 20 हे. तक के बागानों के स्वामित्व वाले उपजकर्ताओं को 5% तक सीमित समरूपी दर पर ब्याज उपदान दिया :

(i) प्रति अरेबिका कॉफ़ी उपजकर्ता को ₹ 80,000/- तथा प्रति रोबस्टा कॉफ़ी उपजकर्ता को ₹60,000/- की सीमा तक परिसीमित ब्याज उपदान दिया जाएगा।

(ii) ब्याज उपदान की स्वीकृति के बाद, ब्याज दर 4% से कम नहीं होनी चाहिए।

वर्ष के दौरान, 1,173 उपजकर्ताओं को ₹2.34 करोड तक के ब्याज उपदान का लाभ प्राप्त हुआ।

****

अध्याय - VI

बाज़ार विकास तथा संसाधन हेतु समर्थन

एक सशक्त एवं धारणीय स्वदेशी कॉफ़ी बाज़ार में स्वदेशी कॉफ़ी के उपभोग के संवर्धन तथा निम्न अंतरराष्ट्रीय मूल्यों की अवधियों में उपजकर्ताओं, विशेषतया लघु उपजकर्ताओं को अच्छा लाभ प्रदान करवाने की दृष्टि से और मूल्य संवर्धन के लिए अवसर प्रदान करने हेतु भारत सरकार ने निम्नलिखित दो घटकों को अनुमोदित किया है :

क. बाज़ार विकास

ख. मूल्य संवर्धन हेतु समर्थन

क) बाज़ार विकास

इस घटक के तीन उप-घटक हैं - यथा

i) बाज़ार अनुसंधान एवं आसूचना ii) स्वदेशी कॉफ़ी प्रोन्नयन एवं iii) लघु उपजकर्ता समूह/ स्व.स.स/कॉफ़ी विपणन हेतु सहकारी समितियों को समर्थन

(i) बाज़ार अनुसंधान तथा आसूचना

यह घटक उपजकर्ताओं को वेब के द्वारा बाज़ार प्रवृत्ति का विश्लेषण संकलन तथा बोर्ड के विस्तरण नेटवर्क के द्वारा इस विश्लेषण का मूल्यांकन करने पर ध्यान केंद्रित करता है ताकि उपजकर्ता बाज़ार से अच्छा मूल्य प्राप्त कर सकें। बाज़ार आसूचना एकक द्वारा किए गए कार्यों में वार्षिक फसल का प्राक्कलन करते हुए आपूर्ति प्राक्कलन, बाज़ार विश्लेषण, कॉफ़ी पर डेटा बेस का अनुरक्षण, स्वदेशी सूचकांक मूल्य रिपोर्ट, स्वदेशी उपभोग और मनोवृत्ति सर्वेक्षण एवं साथ ही आवधिक अनुसंधान रिपोर्ट प्रस्तुत करना भी सम्मिलित है।

(ii) स्वदेशी प्रोन्नयन

वर्ष 2016-17 के दौरान कॉफ़ी बोर्ड नियमित रूप से देश के विभिन्न भागों में आयोजित स्वदेशी प्रदर्शनियों में भाग लेते हुए प्रदर्शक सामग्रियों के द्वारा कॉफ़ी की विभिन्न श्रेणियों का प्रदर्शन एवं जनसाधारण में कॉफ़ी सेवन के लाभ के संबंध में जागरूकता उत्पन्न करता है। कॉफ़ी बोर्ड कॉफ़ी के क्षेत्र में सृजित कैरियर के अवसरों से भी आम जनता को जागरूक कराता है।

सावधिक अध्ययनों के द्वारा स्वदेशी कॉफ़ी उपभोग की माँग तथा प्रवृत्तियों का विश्लेषण किया जाता है जो विपणन कार्यनीति की रुपरेखा तैयार करने के लिए हमें उपयोगी इनपुट प्रदान करता है तथा बोर्ड इसके आधार पर ऐसे क्षेत्रों को विनिर्धारित करते हुए प्रदर्शनियों में भाग लेता है। वर्ष 2016-17 के दौरान बोर्ड ने कॉफ़ी सेवन के प्रोन्नयन के लिए उत्तर, पूर्व, पश्चिम एवं दक्षिण भारत जैसे संभाव्य क्षेत्रों के निर्धारण के बाद 28 प्रतिष्ठित प्रदर्शनियों में भाग लिया।

2016-17 के दौरान स्वदेशी कार्यक्रमों में बोर्ड की सहभागिता का विवरण निम्नलिखित है:

क्र.सं.	कार्यक्रमों का नाम व स्थान	स्थान	कार्यक्रम की तिथि
1	वार्षिक पुष्प प्रदर्शनी - 2016	ऊटी	15-17 मई 2016
2	होटल टेक एक्स्पो	कोचीन	22-24 मई 2016
3	ज्ञान डेगुला - प्रीमियर शिक्षा प्रदर्शनी	बेंगलूरु	28-29 मई 2016
4	14 वीं ग्रामीण मेला 2016	पुरी, उडीसा	04-08 जून 2016
5	अग्री-इंटेक्स व अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला 2016	कोयंबत्तूर	15-18 जुलाई 2016
6	5वीं विज्ञान एक्स्पो 2016	सोलान (हि.प्र)	18-20 जुलाई 2016
7	11 वाँ आहार टेक एक्पो 2016	नई दिल्ली	22-24 जुलाई 2016
8	भारत पर्व	नई दिल्ली	12-17 अगस्त 2016
9	13 भारतीय अतिथि-सत्कार एफ & बी प्रो एक्स्पो	गोवा	29-31 अगस्त 2016
10	15वाँ फूड टेक' 2016	कोलकाता	26-28 अगस्त 2016
11	8वाँ फूडेक्स 2016	बेंगलूरु	26-28 अगस्त 2016
12	फूड टेक एशिया' 2016	लखनऊ	01-04 सितंबर 2016
13	आहार' 2016 - फूड व अतिथि-सत्कार मेला	चेन्नै	15-17 सितंबर 2016
14	अन्नपूर्णा वर्ल्ड ऑफ फुड - एफ & बी एक्स्पो" 2016	मुंबई	22-24 सितंबर 2016
15	अंतरराष्ट्रीय सीफूड शो	विशाखपट्टनम	23-25 सितंबर 2016
16	यूपीएएसआई - केपीए - कॉफ़ी सम्मेलन	बेंगलूरु	14-15 अक्तूबर 2016
17	वाइब्रंट इंडिया 2015- मेरी दिल्ली उत्सव 2016	नई दिल्ली	14-16 अक्तूबर 2016
18	सीआईआई चंडीगढ़ मेला 2016 - उत्सव 2016	चंडीगढ़	21-24 अक्तूबर 2016
19	एक्सप्रेस फूड व अतिथि-सत्कार एक्सपो	गांगटोक	05-06 नवंबर 2016
20	बयो फ़ैक इंडिया 2016	नई दिल्ली	10-12 नवंबर 2016
21	आईटीपीओ- भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला 2016	नई दिल्ली	14-27 नवंबर 2016
22	थिंक बिग 2016	बेंगलूरु	14-15 नवंबर 2016
23	कॉफ़ी संते	बेंगलूरु	02-04 दिसंबर 2016
24	प्रवासी भारत दिवस 2017	बेंगलूरु	07-09 जनवरी 2017
25	फूड व अतिथि-सत्कार वर्ल्ड 2017	मुंबई	19-21 जनवरी 2017
26	भारत पर्व 2017	नई दिल्ली	26-31 जनवरी 2017
27	विशन जम्मू & कश्मीर	जम्मु	23-25 फरवरी 2017
28	आहार मेला 2017	नई दिल्ली	07-11 मार्च 2017

माध्यम कार्यनीति

कॉफ़ी सेवन के बारे में जागरुकता के द्वारा ही कॉफ़ी का उपभोग बढ़ाया जा सकता है तथा इसे टी.वी. परिचर्चा, पुस्तिका, जर्नल्स जैसे मुद्रण माध्यम अभियान, जैसे सामूहिक माध्यमों के सामान्य सामूहिक अभियान से ही कार्यान्वित किया जा सकता है तथा कॉफ़ी सेवन के संबंध में जागरूकता उत्पन्न करने के लिए इन अभियानों का प्रभावी प्रयोग किया जा रहा है। कॉफ़ी के क्षेत्र में कैरियर सृजन के लिए युवा पीढी का ध्यान आकर्षित करने के लिए बोर्ड ने विज्ञापन भी प्रकाशित किए हैं जिससे कप्पर, रोस्टर या बैरिस्ता से अधिकतम अवसर प्राप्त हो जाएँगे तथा सामान्य उपभोक्तां को कॉफ़ी की सकारात्मक पहलुओं के ज्ञान प्रदान करने के अलावा प्रतिष्ठित पत्रिकाओं द्वारा ऑक्सीकरण प्रतिरोधी, टाइप 2 डायबेटीज़ तथा अन्य स्वास्थ्यपरक संदेश संबंधी सन्देश भी प्रदान किए जाते हैं। मुद्रण माध्यम द्वारा दिए गए विज्ञापनों का विवरण निम्नानुसार है:

क्र.सं.	विवरण	पत्रिकाओं की संख्या
1	अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाएँ	04
2	राष्ट्रीय पत्रिकाएँ – नियमित/ विशेष विज्ञापन	26

अन्य कार्यक्रम

अंतरराष्ट्रीय कॉफ़ी दिवस 2016

01 अक्तूबर 2016 को कॉफ़ी बोर्ड, बेंगलूरु में द्वितीय अंतरराष्ट्रीय कॉफ़ी दिवस मनाया गया । इस अवसर पर कॉफ़ी रोस्टर्स, ट्रेडर्स, स्वयं सहायक समूह, युवा कॉफ़ी उद्यमियों के साथ कॉफ़ी निर्यातकों को अपने उत्पादों के प्रदर्शन हेतु मंच प्रदान करने के लिए एक प्रदर्शनी आयोजित की गई। सीसीएल प्रोडक्ट्स (इंडिया) लिमिटेड, अल्लनसंस लिमिटेड, क्लासिक सिनर्जी, एसएलएन कॉफ़ी, बयर्स कॉफ़ी, सूपर नेच्युरल कॉफ़ी , एस्पिंवाल कंपनी लिमिटेड, इंड कफ़े व मुद्रेमने कॉफ़ी क्यूरर्स के अलावा नवीन एंटरप्राज़ज़ जैसे 15 उद्यमियों ने इस कार्यक्रम का प्रायोजन करते हुए अंतरराष्ट्रीय कॉफ़ी दिवस का समर्थन किया। स्किट एवं कॉफ़ी ब्रूइंग निदर्शन के साथ पोस्टर रचना प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया।

गुणता नियंत्रण प्रभाग द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम

2016-17 के दौरान, कॉफ़ी बोर्ड ने बैरिस्ता कुशलता (एस्प्रेस्सो ब्रूइंग तकनीक) पर अल्पकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं कापी शास्त्र प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया तथा कॉफ़ी क्षेत्र के उद्यमों के विकास के लिए सीआईई-आईआईपीएम के सहयोग से विस्तारित कार्यक्रमों का अयोजन भी किया ।

बैरिस्ता कुशलता (एस्प्रेस्सो कॉफ़ी ब्रूइंग तकनीक) पर अल्पकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम

क्र.सं.	स्थान	विवरण	सहभागियों की सं.
1	मुख्य कार्यालय, बेंगलुरु	21 से 25 नवंबर 2016 तक पांच दिवस	16 (2 महिलाएँ सहित)

कापी शास्त्र प्रशिक्षण कार्यक्रम

क्र.सं.	स्थान	विवरण	सहभागियों की सं.
1	मुख्य कार्यालय, बेंगलूरु	16 से 20 मई 2016 तक पांच दिवस	21
2	मुख्य कार्यालय, बेंगलूरु	06 से 10 जून 2016 तक पांच दिवस	17
3	मुख्य कार्यालय, बेंगलूरु	11 से 15 जुलाई 2016 तक पांच दिवस	26
4	मुख्य कार्यालय, बेंगलूरु	03 से 07 अक्तूबर 2016 तक पांच दिवस	17 (2 महिला सहित)
5	मुख्य कार्यालय, बेंगलूरु	20 से 24 मार्च 2017 तक पांच दिवस	22 (5 महिला सहित)
		कुल	**103**

बाह्य सीआईई-आईआईपीएम प्रशिक्षण कार्यक्रम

क्र.सं.	स्थान	विवरण	सहभागियों की सं.
1	गिरिजन सहकारी निगम, ईस्ट पोइंट कॉलनी, बीच रोड, विशाखपट्टनम, आंध्र प्रदेश	03 से 05 जुलाई 2016 तक 3 दिवसीय स्टेप प्रशिक्षण कार्यक्रम	14
2	उद्यमिता विकास केंद्र, पीईडी परिसर, सम्राट के पास, नमटीन नरोडा, अहमदाबाद	20 से 22 दिसंबर 2016 तक 3 दिवसीय स्टेप प्रशिक्षण कार्यक्रम	04
3	गुवाहाटी	18 से 20 फरवरी 2017 तक 3 दिवसीय स्टेप प्रशिक्षण कार्यक्रम	14 (5 महिला सहित)
		कुल	**32**

(iii) कॉफ़ी विपणन के लिए लघु उपजकर्ता समष्टियों/ स्व .स.स/ सहकारी समितियों को समर्थन

कॉफ़ी बोर्ड ने समुदाय आधारित पद्धति द्वारा उत्पादित कॉफ़ी के विपणन के लिए समुचित वित्तीय सहायता प्रदान करते हुए लघु एवं अतिलघु उपजकर्ताओं की उपजकर्ता समष्टियों/ स्वयं सहायता समूहों/सहकारी समितियों के लिए XII योजना में एक नए उप-घटक का प्रारंभ किया है। यह न केवल कॉफ़ी की गुणता सुधारता है बल्कि उनके द्वारा उत्पादित तथा विपणित कॉफ़ी के लिए उत्तम मूल्य भी प्रदान करता है। यह योजना गुणता प्रोन्नयन के साथ-साथ समष्टिक मोल-भाव दोनों से उत्पन्न समूह के लिए उत्तम मूल्य प्राप्ति हेतु एक निश्चित प्रक्रिया प्रदान करता है। इस घटक के अंतर्गत भारतीय कॉफ़ी व्यापार संघ (आई सी टी ए) या प्रत्यक्ष निर्यात या मान्यता प्राप्त वस्तु विनिमय जैसे सार्वजनिक नीलामी मंच के द्वारा कॉफ़ी विपणन किया जाना चाहिए, जहाँ कॉफ़ी का भौतिक वितरण होता है वहँ से बाद में प्रतिपूर्ति के लिए बोर्ड के पास दावा प्रस्तुत की जाती है। कॉफ़ी बोर्ड द्वारा विपणित स्वच्छ कॉफ़ी के लिए ₹ 4.00 प्रति कि.ग्रा.की दर से उपदान प्रदान किया जाएगा।

ख) मूल्य संवर्धन हेतु समर्थन

मूल्य संवर्धन की दिशा में एक कदम

विश्व कॉफ़ी श्रृंखला में अर्थ व्यवस्था का 40% कॉफ़ी उत्पादक देशों के लिए है जबकि शेष 60% का अधिग्रहण उपभोक्ता देश कर लेते हैं। विगत कई वर्षों से उत्पादक देशों ने अंतस्थ उत्पाद के रुप में कॉफ़ी के प्रसंस्करण, विनिर्माण तथा विपणन का स्तर सुधारा है। कॉफ़ी मूल्य श्रृंखला एवं बाज़ार के निरंतर विकास के लिए रोस्टिंग, ग्राइंडिंग तथा पैकेजिंग के क्षेत्रों में आधुनिकतम प्रौद्योगिकी को स्वीकारना अति आवश्यक है। स्वदेशी बाज़ार में कॉफ़ी का प्रसंस्करण, पैकेजिंग तथा विपणन विशेषतया लघु एवं मध्यम उद्यमों के द्वारा रोजगार के अनेक अवसर प्रदान करेगा। चूँकि कॉफ़ी रोस्टिंग, ग्राइंडिंग तथा पैकेजिंग के क्षेत्रों में आधुनिक प्रौद्योगिकी पूँजी पर आधारित है और इससे लघु एवं मध्यम उद्यमियों (एस एम ई एस) को कॉफ़ी मूल्य संवर्धन गतिविधियों से पीछे हटने की प्रेरणा मिलती है। अत: उत्तम गुणता के कॉफ़ी पाउडर के तैयारीकरण एवं पैकेजिंग के लिए उपयोगी प्रौद्योगिकी स्वीकारने हेतु उद्यमियों को समुचित समर्थन देना आवश्यक पाया गया है।

कॉफ़ी बोर्ड ने XII वीं योजना स्कीम घटक 10: मूल्य संवर्धन हेतु समर्थन के अधीन उपदान देते हुए रोस्टिंग व ग्राइंडिंग एककों व कॉफ़ी क्यूरिंग एककों को समर्थन दिया है। इसका विवरण नीचे दिया गया है:

क) रोस्टिंग एवं ग्राइंडिंग एककों को समर्थन

इस योजना का मुख्य उद्देश्य कॉफ़ी रोस्टिंग, ग्राइंडिंग तथा पैकेजिंग के क्षेत्र में सुधारित प्रौद्योगिकी के समावेशन के द्वारा कॉफ़ी उत्पाद की गुणता का संवर्धन तथा मूल्य संवर्धन प्राप्त करना है जिससे कॉफ़ी क्षेत्र, विशेषतया गैर-परंपरागत क्षेत्रों में स्वदेशी कॉफ़ी के उपभोग एवं उद्यमों को प्रोत्साहन मिले। एकल एकक, सहभागी संस्था, स्वयं सहायक समूह (एस.एच.जी)/उपजकर्ता समष्टियां/ सहकारी समितियाँ तथा निगम जो कॉफ़ी भुनाई एकक की स्थापना के लिए इच्छुक हैं तथा जो वर्तमान एककों को स्वचालित/ऊर्जा संरक्षक/पर्यावरण हितैषी मशीनरी से आधुनिकीकृत करना चाहते हैं।

- 25 कि.ग्रा./बैच से अधिक की क्षमता वाले बडे रोस्टिंग एकक ₹ 50 लाख की सीमा के साथ मशीनरी मूल्य के 25% के उपदान सहायता के लिए हकदार है।
- 25 कि.ग्रा.से कम क्षमता के लघु रोस्टिंग एकक ₹ 50 लाख की अधिकतम सीमा के साथ मशीनरी मूल्य के 35 % उपदान की सहायता प्राप्त करने के लिए पात्र हैं।
- स्वम.स.स के महिला उद्यमी तथा अ.जा/अ.ज.जा लाभार्थी उपदान समर्थन की अधिकतम सीमा ₹ 50 लाख के साथ मशीनरी मूल्य के 40 % के लिए पात्र हैं।
- 10 कि.ग्रा. से कम क्षमता के लघु वाणिज्यिक गोर्मेट रोस्टिंग एकक ₹ 10 लाख प्रति एकक की अधिकतम सीमा के साथ मशीनरी मूल्य के 35 % उपदान समर्थन के लिए पात्र हैं।

उपदान के लिए पात्र घटक

नए एकक

निम्नलिखित संयोजनों के साथ कोई भी रोस्टिंग, ग्राइंडिंग तथा पैकेजिंग मशीनरी उपदान के लिए पात्र हैं

क) रोस्टिंग मशीन, ग्राइंडिंग मशीन एवं पैकेजिंग मशीन

ख) रोस्टिंग मशीन एवं पैकेजिंग मशीन

ग) ग्राइंडिंग मशीन एवं पैकेजिंग मशीन

वर्तमान एकक

गुणता सुधारने के लिए प्रौद्योगिकी प्रोन्नयन हेतु उपरोक्त संयोजनों में किसी एक या सभी मशीनरियों की पुन: स्थापना या प्रोन्नयन के लिए बशर्ते कि XI योजना के अंतर्गत एक ही एकक में उसी मशीन के लिए उपदान प्राप्त नहीं किया गया हो। पैकेजिंग मशीन पर तभी विचार किया जाएगा जब रोस्टिंग तथा ग्राइंडिंग मशीन पहले से ही एकक में उपलब्ध हो।

वर्ष के दौरान, इस घटक के अधीन निरीक्षण के बाद 18 रोस्टिंग व ग्राइंडिंग एककों को उपदान दिए गए।

ख) कॉफ़ी क्यूरिंग वर्क्स के लिए समर्थन

क्यूरिंग स्तर पर कॉफ़ी के संसाधन में आधुनिक प्रौद्योगिकी को स्वीकारते हुए कॉफ़ी उत्पाद की गुणता का प्रवर्धन तथा मूल्य संवर्धन एवं कार्य क्षमता सुधारण और रंग चयन, श्रेणीकरण एवं सुखाने जैसी संक्रियाओं के द्वारा निपुणता कमी का संवर्धन तथा स्थिरता का सुधारण इसका मुख्य उद्देश्य है।

भारतीय कॉफ़ी बोर्ड द्वारा निर्गमित वैध कॉफ़ी क्यूरिंग लाइसेंस प्राप्त सभी वर्तमान कॉफ़ी क्यूरिंग वर्क्स समर्थन के पात्र हैं चाहे उसका स्वामित्व किसी भी प्रकार का हो।

बशर्ते कि प्रति क्यूरिंग वर्क्स 50.00 लाख की अधिकतम सीमा के साथ क्रीत तथा स्थापित मशीनरी के मूल्य का 25% के लिए पात्र है। मशीनरी मूल्य के 25% की दर पर उपदान में मूल लागत, शुल्क, सरकारी करारोपण (मूल्य संवर्धित कर के बिना) पैकिंग, परिवहन, बीमा, स्थापना और कमीशनिंग प्रभार आदि सम्मिलित हैं।

क्यूरिंग वर्क्स की सुविधाओं के प्रोन्नयन हेतु उपदान के लिए योग्यताप्राप्त मशीनरी:

क्र. सं.	योग्यताप्राप्त मशीनरी
1.	प्री-क्लीनर / वाइब्रो क्लीनर
2.	डी-स्टोनर
3.	डी-स्टोनर के लिए वातशोषण प्रणाली
4.	हल्लर
5.	पीलर कम पॉलिशर
6.	कैस्केड वातशोषक
7.	वाईब्रो ग्रेडर
8.	ग्रेविटी विघटक
9.	ऑन-लाइन सिलो ग्रेडड कॉफ़ी हैंडलिंग सिस्टम
10.	केंद्रीय वातशोषण प्रणाली
11.	उपस्कर सहित रंग छँटनी मशीन
12.	कॉफ़ी ड्रायर
13.	हस्क सिलो
14.	तोलन व बैगिंग सिस्टम
15.	बल्किंग एवं कंटेनर लोडिंग सिस्टम
16.	आर्द्रता मापक

वर्ष के दौरान, 2 क्यूरिंग एककों का निरीक्षण किया गया तथा घटक के अधीन उपदान दिया गया।

कॉफ़ी बोर्ड डिजिटल अभियान

सामाजिक एवं डिजिटल माध्यम की बढती हुई अभिगम को ध्यान में रखते हुए, स्वदेशी तथा अंतरराष्ट्रीय बाज़ारों

में भारतीय कॉफी के प्रोन्नयन के उद्देश्य से कॉफ़ी बोर्ड ने डिजिटल माध्यम अभियान प्रारंभ किया है। यह अभियान 6 फरवरी 2016 को प्रारंभ किया है तथा 5 महिनों से प्रचालित हो रहा है।

फ़ेसबुक, ट्विटर व इंस्टाग्रम जैसे डिजिटल एवं सामाजिक माध्यम के मंच द्वारा कुल 10.5 करोड की उत्साहवर्धक पहुँच प्राप्त हुई है, जिससे 48.72 लाख इंटरनेट प्रयोक्ता बोर्ड से जुड गए हैं।

प्लाटफ़ोर्मवार निष्पादन अवलोकन

- फेसबुक द्वारा 31.77 लाख एवं ट्विटर द्वारा 12.93 लाख प्रयोक्ताओं के अत्यधिक प्रतिक्रिया प्रजनित हुई है।
- कुल प्रयोक्ता बेस 3.72 लाख थे, जिनमें से फेसबुक के 3.32 लाख एवं ट्विटर के 39.6 लाख सम्मिलित हैं।
- प्रमुख ममाचार वेबसाइट (थि हिदु, बिसिनस स्टैण्डर्ड, डीएनए इंडिया, फर्स्ट पोस्ट आदि) पर गूगल प्रदर्श नेटवर्क के साथ सर्वोत्तम संख्या पहुँच गई है।

प्लाटफोर्म / मेट्रिक्स	रीच *	परियुक्ति **	अनुपालनकर्ता
ट्विटर	3,0546,300	12,93,669	39,600
गूगल	6,14,45,257	1,79,912	-
फेसबुक	1,28,45,539	31,77,431	3,32,960
ईस्टाग्राम	4,92,526	2,21,536	-
कुल	10,53,29,622	48,72,548	3,72,560

*रीच में विषयवस्तु के अभिगम किए गए व्यक्तियों की संख्या दी गई है।

**परियुक्ति के अधीन सामाजिक माध्यम के प्लाटफोर्म पर पोस्ट क्लिक्स, लाइक्स, रीट्वीट्स, शेयर्स, उत्तर व अभिमत के रूप में प्रस्तुत क्रिया व प्रतिक्रियाएँ परिभाषित हैं।

****

अध्याय VII

निर्यात संवर्धन

कॉफ़ी निर्यात

निर्यातक पंजीकरण तथा नवीनीकरण

31 मार्च 2017 को यथास्थिति कॉफ़ी बोर्ड में पंजीकृत निर्यातकों की कुल संख्या 764 थी, जबकि 31 मार्च 2016 को यथास्थिति इनकी संख्या 686 थी। इसमें वर्ष 2016-2017 के 78 नए पंजीकरण सम्मिलित हैं।

निर्यात परमिट तथा आई सी ओ मूल प्रमाणपत्र

कॉफ़ी बोर्ड द्वारा कॉफ़ी अधिनियम की धारा 20 के अधीन कॉफ़ी निर्यात के लिए निर्यात परमिट जारी किया जाता है। अंतरराष्ट्रीय कॉफ़ी संगठन, लंदन के मानदंडों के अनुसार कॉफ़ी बोर्ड, कॉफ़ी के पंजीकृत निर्यातकों को उनके द्वारा विनिर्दिष्ट आवेदन पत्र में अनुरोध करने पर कॉफ़ी के निर्यात के लिए मूल प्रमाणपत्र भी जारी करता है।

निर्यात: ई- परमिट सिस्टम

www.indiacoffee.org/permit पर ऑन लाइन या व्यक्तिगत रूप से आवेदन प्रस्तुत करने वालों को निर्यात परमिट तथा आई सी ओ मूल प्रमाण पत्र जारी किया जा रहा है। ऑन लाइन द्वारा प्रयोगकर्ता आई डी एवं पासवर्ड के माध्यम से भारतीय व पुन:निर्यातित कॉफ़ी के लिए निर्यात परमिट का ऑनलाइन फ़ाइलिंग एवं निर्यात की पुष्टि के रिटर्न प्रस्तुत करने की सुविधा सभी पंजीकृत निर्यातकों को प्रदान की गई है।

वर्ष 2016-17 के दौरान कॉफ़ी के 193 पंजीकृत निर्यातकों को कुल 11,416 निर्यात परमिट तथा आई सी ओ मूल प्रमाण पत्र जारी किए गए जबकि 2015-16 के दौरान 11,051 निर्यात परमिट जारी किए गए थे । 11,416 परमिटों में से, 9,745 परमिट भारतीय मूल कॉफ़ी के निर्यात के लिए और 1,671 परमिट कॉफ़ी के पुन: निर्यात के लिए जारी किए गए।

निर्यातकों के साथ संवाद

वर्ष के दौरान कॉफ़ी निर्यातकों तथा निर्यातक संघ/विशिष्ट कॉफ़ी संघ के साथ बैठकें आयोजित की गईं। बैठकों में निर्यात संवर्धन योजना, अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों, व्यापार मेलाओं में सहभागिता, गुणता संबंधी मामले, वित्तीय सहायता आदि से संबद्ध विभिन्न शेयरधारकों से संबंधित विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। सभी संबंधित विषयों पर समुचित हस्तक्षेप एवं समर्थन हेतु मंत्रालय को प्रस्तुत किया गया है।

रिपोर्ट एवं विवरणियाँ

निर्यातक समुदाय को उनकी गतिविधियों में सहायता प्रदान करने के लिए सूचना के प्रसार के अलावा, कॉफ़ी निर्यात के बारे में मंत्रालय तथा अंतरराष्ट्रीय कॉफ़ी संगठन को भेजने के लिए सावधिक रिपार्ट एवं विवरणी तैयार करके प्रस्तुत की हैं। रिपोर्ट की अवधि के दौरान सृजित प्रमुख रिपोर्ट एवं विवरणियों का विवरण निम्नानुसार है :-

- बोर्ड की वेबसाईट तथा बोर्ड के अधिकारियों के निर्यात निष्पादन पर दैनिक रिपोर्ट
- गंतव्य-वार निर्यातों पर मंत्रालय को मासिक रिपोर्ट
- कॉफ़ी के प्राथमिक निर्यात पर अंतरराष्ट्रीय कॉफ़ी

संगठन (आई सी ओ) को गंतव्य-स्थान के अनुसार मात्रा तथा मूल्य के आधार पर मासिक रिपोर्ट

- भारत से निर्यातित कॉफ़ी से संबंधित आई सी ओ द्वारा निर्गमित मूल प्रमाणपत्र के बारे में उपलब्ध सांख्यिकीय आँकडों का मासिक आधार पर अंतरराष्ट्रीय कॉफ़ी संगठन को प्रेषण

उपरोक्त रिपोर्टों के अलावा, निर्यात-निर्यातकवार, देशवार, प्रकार एवं श्रेणीवार निर्यात इत्यादि की रिपोर्टें भी तैयार की गई हैं।

कॉफ़ी के निर्यातयोग्य प्रकार तथा श्रेणियाँ

अंतरराष्ट्रीय कॉफ़ी संगठन (आई सी ओ) के कॉफ़ी गुणता सुधार कार्यक्रम के अनुसार संकल्प संख्या 420 तथा परिपत्र सं.विप/निर्यात/33.बी/2010-10/790 दि: 18.08.2010 के अधीन परिचालित मानसूनीकृत कॉफ़ी के विद्यमान मानकों में तदनुरूप संशोधन के अंतर्गत कॉफ़ी बोर्ड द्वारा निर्धारित कॉफ़ी के निर्यातयोग्य प्रकार व श्रेणियों का विवरण निम्नानुसार है:

कॉफ़ी के निर्यातयोग्य प्रकार तथा श्रेणियाँ

प्रकार	प्रीमियम श्रेणी	व्यावसायिक श्रेणी	विशिष्ट कॉफ़ी
हरी कॉफ़ी अरेबिका पार्चमेंट (प्लांटेशन) (धुली अरेबिका)	पीबी बोल्ड ए ए	पीबी, ए,बी, सी* बल्क	मैसूर नग्गेट्स ईबी
अरेबिका चेरी (अनधुली अरेबिका)	पीबी बोल्ड एए, ए	पीबी, एबी, सी** बल्क***	मानसूनीकृत मलबार ए.ए मानसूनीकृत बसनल्ली अरेबिका ट्रियेज #
रोबस्टा पार्चमेंट (धुली रोबस्टा)	पीबी बोल्ड ए	पीबी, एबी, सी, बल्क	रोबस्टा कापी रोयाल
रोबस्टा चेरी (अनधुली रोबस्टा)	पी ब बोल्ड एएए, एए, ए	पीबी, एबी, सी, बल्क, क्लीन बल्क	मानसूनीकृत मलबार रोबस्टा - ए.ए मानसूनीकृत मलबार रोबस्टा ट्रियेज
विविध श्रेणी लिबेरिया एक्सलसिया		बल्क ## बल्क ##	
इंस्टेंट कॉफ़ी			
रोस्टेड कॉफ़ी बीज			
रोस्टेड एवं ग्राउंड कॉफ़ी			

* प्लांटेशन -सी के लिए अपवाद-आई सी ओ के संकल्प 407/420 के पाद टिप्पणी में वर्णित समतुल्य में सूचित के अनुसार

* * अरेबिका चेरी 'सी' को ब्लैक्स, ब्राउन्स एवं बिट्स रहित होना चाहिए

*** अरेबिका चेरी बल्क में 10% से कम ब्लैक्स, ब्राउन्स एवं बिट्स होना चाहिए

मानसूनीकृत अरेबिका ट्रिएज व मानसूनीकृत रोबस्टा ट्रिएज में ब्लैक्स, ब्राउन्स व बिट्स रहित होना चाहिए

रोबस्टा की तरह समान त्रुटि संख्या में

टिप्पणी: मानसूनीकृत कॉफ़ी के लिए नमी स्तर 13.0-14.5% है।

कॉफ़ी का निर्यात

2016-17 के दौरान 3,56,020 मे.ट. (पुन:निर्यात के 78,044 मे.ट.सम्मिलित) के परिमाण के लिए निर्यात परमिट जारी किए गए। इसका मूल्य ₹ 5,642 करोड है जो 842 यू.एस मिलियन डॉलर्स के समतुल्य है तथा इसका एकक मूल्य ₹ 1,58.474 प्रति मे.ट है। वर्ष 2015-16 के दौरान, 3,18,238 मे.ट कॉफ़ी के निर्यात के लिए निर्यात प्रीमियम जारी किए गए थे जिसका मूल्य ₹ 5,179 करोड था, जो 792.21 यू.एस मिलियन डालर्स के समतुल्य थे तथा इसका एकक मूल्य ₹1,62.737 प्रति मे.ट था।

2016-17 के दौरान 113 देशों को कॉफ़ी के निर्यात के लिए निर्यात परमिट जारी किए गए जो विगत वर्ष 108 देशों के लिए जारी किया गया था जिनमें से इटली, जर्मनी, रुस संघ, बेल्जियम एवं तुर्की 5 प्रमुख आयातक देश थे ।

निर्यातित कॉफ़ी के प्रकार 2015-16

कॉफ़ी के प्रकार	परिमाण (मेट्रिक टन में)	कुल निर्यात का प्रतिशत
अरेबिका पार्चमेंट	34,156	9.59
अरेबिका चेरी	14,188	3.99
रोबस्टा पार्चमेंट	28,194	7.92
रोबस्टा चेरी	1,71,671	48.22
रोस्टड कॉफ़ी बीन्स जीबीई में	61	0.02
ग्राउंड कॉफ़ी जीबीई में	401	0.11
इंस्टेंट/घुलनशील कॉफ़ी जीबीई में *	1,07,349	30.15
कुल	**3,56,020**	**100.00**

* ग्रीन बीन के समतुल्य

टिप्पणी: निर्गमित निर्यात परमिट के आधार पर

कॉफ़ी के निर्यातों का श्रेणीवार विवरण - 2016-17 (अनंतिम)

क्र. सं.	श्रेणी	परिमाण टन में	भारतीय ₹ (लाख में)	यू एस डालर (लाख में)	एकक मूल्य	
					₹ / प्रति टन	यूएसडी/ टन
1	अरेबिका चेरी - ए	154.89	242.03	3.62	156255	2337
2	अरेबिका चेरी - ए ए	182.96	398.74	5.98	217938	3268
3	अरेबिका चेरी - ए बी	4969.07	7941.97	118.90	159828	2393
4	अरेबिका चेरी - बल्क	251.30	411.03	6.18	163561	2459
5	अरेबिका चेरी - सी	1351.30	1775.91	26.57	131422	1966
6	अरेबिका चेरी - पी बी	85.93	139.91	2.10	162828	2444
7	इंस्टेंट कॉफ़ी	107349.40	184220.17	2746.13	171608	2558
8	लिबेरिया बल्क	386.70	605.37	9.02	156548	2333
9	मानसूंड मलबार अरे- ट्रिएज	218.70	304.25	4.55	139118	2080
10	मानसूंड मलबार अरे- ए	414.85	1062.73	15.83	256172	3816
11	मानसूंड मलबार अरे- एए	6559.93	17785.36	263.96	271121	4024
12	मानसूंड मलबार रोब.-ट्रिएज	40.50	86.50	1.27	213580	3136
13	मानसूंड मलबार रोब.-एए	799.50	1545.60	22.91	193321	2866
14	मैसूर नग्गेटस - ईबी	1662.52	4247.04	63.50	255458	3820
15	प्लांटेशन - ए	12794.50	30635.77	458.10	239445	3580
16	प्लांटेशन - एए	7866.65	20406.88	305.56	259410	3884
17	प्लांटेशन - बी	6359.04	13194.92	197.05	207499	3099
18	प्लांटेशन - बल्क ए	1937.55	4896.47	73.37	252715	3787
19	प्लांटेशन - सी	2821.54	4683.61	70.21	165995	2488
20	प्लांटेशन - पी बी	713.77	1459.98	21.90	204545	3068
21	रोस्टड व ग्राऊंड कॉफ़ी	400.51	1451.52	21.64	362421	5403
22	रोस्टड कॉफ़ी बीज	61.03	206.98	3.08	339139	5047
23	रोबस्टा चेरी एएए	4889.25	6504.46	97.20	133036	1988
24	रोबस्टा चेरी ए	34823.36	45743.00	682.87	131357	1961
25	रोबस्टा चेरी एए	25108.65	35348.59	527.79	140783	2102
26	रोबस्टा चेरी एबी	78434.31	100585.71	1501.77	128242	1915
27	रोबस्टा चेरी बल्क	4233.03	5325.81	79.88	125816	1887
28	रोबस्टा चेरी - सी	133.40	169.45	2.52	127024	1889
29	रोबस्टा चेरी - पी बी	19055.88	23323.97	348.31	122398	1828
30	रोबस्टा चेरी क्लीन बल्क	6903.44	11325.28	169.07	164053	2449
31	रोबस्टा कापी रोयाल	442.20	746.76	11.08	168876	2506
32	रोबस्टा पार्चमेंट - ए	12471.37	19885.70	296.78	159451	2380
33	रोबस्टा पार्चमेंट - एबी	1114.32	1529.34	22.87	137245	2052
34	रोबस्टा पार्चमेंट - सी	1213.62	1876.10	28.00	154587	2307
35	रोबस्टा पार्चमेंट - पीबी	6010.35	8915.21	133.31	148331	2218
36	रोबस्टा पार्चमेंट बल्क	38.40	63.79	0.95	166120	2474
37	रोबस्टा पार्चमेंट - पीबी बोल्ड	19055.88	23323.97	348.31	122398	1828
	कुल	**356019.60**	**564237.05**	**8421.27**	**158485**	**2365**

2016-2017 के दौरान कॉफ़ी निर्यात का देशवार विवरण

(भारतीय व पुन:निर्यातित कॉफ़ी दोनों)(अनंतिम)

क्र. सं.	देश	परिमाण (मे.टन में)	मूल्य (₹ लाखों में)
1	इटली	83821.5	115845.9
2	जर्मनी	34932.9	54978.1
3	रुस संघ	29087.3	50759.4
4	बेल्जियम	20046.1	36771.1
5	तुर्की	17230.4	28096.3
6	पोलैंड	11138.5	17229.9
7	स्लोवेनिया	10289.0	12340.2
8	स्पेन	9630.9	12725.3
9	ग्रीस	7789.6	10347.3
10	यू एस ए	7382.5	13124.7
11	जोर्डन	6971.8	13455.4
12	मलेशिया	6514.9	9723.4
13	लिबिया	6466.4	9246.1
14	आस्ट्रेलिया	5620.8	10123.7
15	इंडोनेशिया	5240.7	7059.1
16	यूक्रेन	5106.6	8354.9
17	कुवैत	5036.7	11054.3
18	दक्षिण कोरिया गणराज्य	4513.2	6588.7
19	सिरिया	4132.4	5738.8
20	पुर्तगल	3862.6	5184.9
21	सउदी अरब	3550.5	7382.8
22	इस्त्रायेल	3337.7	7415.6
23	फ़िनलैंड	3182.0	6013.5
24	यू.के (इंग्लैंड)	3074.4	5568.8
25	टुनीशिया	2946.5	3332.3
26	ताइवान	2910.5	4156.1
27	फ्रांस	2764.8	4855.1
28	नीदरलैंड्स	2459.5	4377.0
29	संयुक्त अरब अमीरात	2395.7	5488.7
30	स्विटज़रलैंड	2247.7	4441.9
31	अलजीरिया	2169.5	2726.0
32	क्रोएशिया	1904.3	2463.4
33	माली	1788.2	3466.8
34	रोमानिया	1771.3	2437.6
35	सेनेगल	1598.0	3160.1
36	मोंटेनेग्रो	1486.2	1809.2
37	सिंगपुर	1475.6	2894.7
38	अलबेनिया	1459.2	1906.1
39	अरजेंटीना	1439.0	1848.3
40	डेनमार्क	1422.0	1891.7
41	मिस्र	1372.1	2070.6
42	बेनिन	1298.1	2695.1
43	नाइगर	1231.7	2662.6
44	म्यांमार	1194.4	1509.7
45	कनाडा	1179.7	1759.3
46	बुरकिना फासो	1143.9	2501.3
47	ओमान सल्तसनत	986.5	1729.9
48	मौरिटानिया	973.4	2071.5
49	बेलारूस	958.9	1523.8
50	वियतनाम	949.4	1371.5

क्र सं	देश	परिमाण (मे.टन में)	मूल्य (₹ लाखों में)
51	टोगो	935.3	1867.1
52	ईरान इस्लामी गणराज्य	866.4	1427.2
53	जापान	835.6	1769.5
54	लात्विया	830.7	1420.9
55	मोरोक्को	821.2	1786.9
56	बंगलादेश	796.2	1561.2
57	एस्टोनिया	783.3	1237.3
58	आइवरी कोस्ट	727.6	1379.7
59	नाइजीरिया	679.5	1394.2
60	चीन	589.6	889.5
61	नेपाल	428.1	1520.1
62	हंगरी	406.2	547.1
63	लिथुआनिया	405.5	731.1
64	कोंगो	402.2	890.7
65	न्यूज़ीलैंड	354.2	660.5
66	जार्जिया	352.7	585.7
67	ईराख	337.5	595.7
68	उत्तर कोरिया जन गणराज्य	323.9	502.9
69	कज़ाखस्तान	313.7	561.1
70	कैमरुन	290.4	606.8
71	स्वीडन	286.8	416.1
72	उजबेकिस्तान	271.5	405.8
73	गिनीया	252.2	559.6
74	स्वीडन	234.2	577.3
75	केनिया	229.6	443.1
76	घाना	182.0	393.6

क्र सं	देश	परिमाण (मे.टन में)	मूल्य (₹ लाखों में)
77	स्लोवाकिया	172.8	224.0
78	खत्तर	148.7	412.5
79	अरमेनिया	146.4	248.7
80	दुबई	144.0	221.7
81	दक्षिण ओका	92.4	162.7
82	बलगेरिया	91.9	134.6
83	नोर्वे	91.5	290.6
84	तुर्कमेनिस्तान	89.9	196.7
85	श्रीलंका	89.4	199.2
86	गांबिया	81.7	185.5
87	ताहिती	56.2	109.5
88	चाड़	40.5	99.5
89	बोसनिया व हर्जेगोविना	38.4	43.2
90	बहरीन	38.3	95.3
91	मेक्सिको	27.0	72.1
92	मोल्डोवा	24.3	67.4
93	आयरलैंड	22.3	45.4
94	मंगोलिया	20.3	34.5
95	स्वाज़ीलैंड	19.2	26.3
96	न्यू कलेडोनिया	19.2	33.9
97	गैबॉन	18.8	47.1
98	अमेरिकन समोवा	18.7	30.5
99	पेरू	12.0	24.2
100	ताजिकिस्तान	11.6	19.0
101	पापुआ न्यू गिनिया	10.8	20.8

क्र. सं.	देश	परिमाण (मे.टन में)	मूल्य (₹ लाखों में)
102	अज़ोरिस व मडेरा	10.0	19.1
103	तानज़ानिया	9.6	30.0
104	मध्य आफ्रिका गण राज्य	9.5	21.8
105	सियारा लियोन	9.4	25.6
106	हाँगकोंग	9.0	16.0
107	चेक गणराज्य	8.0	29.0
108	उगांडा	6.5	18.8
109	सुडान	4.4	9.2
110	मालडीव्स	4.0	11.0
111	आस्ट्रिया	0.6	1.3
112	तायलैंड	0.5	1.3
113	सीशेल्स	0.1	0.8
	कुल	**356019.6**	**564237.0**

2016-2017 के दौरान कॉफ़ी निर्यात का देशवार विवरण

(पुन:निर्यातित कॉफ़ी) (अनंतिम)

क्र. सं.	देश	परिमाण (मे. टन में)	मूल्य (₹ लाखों में)
1	रूसी संघ	20992.6	37912.7
2	तुर्की	14982.7	24755.5
3	पोलैंड	7018.2	11473.3
4	इंडोनेशिया	5124.9	6858.0
5	मलेशिया	4430.4	6462.6
6	यू एस ए	4385.8	6989.8
7	यूक्रेन	1718.2	3621.2
8	फिनलैंड	1551.4	3055.7
9	ताइवान	1456.3	2190.9
10	म्यांमार	1194.4	1509.7
11	सिंगपुर	1059.8	1810.2
12	जर्मनी	1042.9	1447.4
13	फ्रांस	977.6	1908.5
14	सिरिया	961.1	1413.7
15	बेलारूस	890.2	1437.4
16	लात्विया	719.2	1218.4
17	इंग्लैंड	688.9	1202.1
18	माली	593.3	1206.0
19	इटली	574.5	1389.7
20	आइवरी कोस्ट	509.4	887.3
21	मौरिटानिया	499.0	1147.9
22	रोमानिया	493.0	730.1
23	नाइगर	476.6	1053.5
24	कोरिया जन गणराज्य – दक्षिण	409.4	748.8
25	जापान	360.6	733.8
26	बेनिन	335.2	743.9
27	इराख	323.6	556.9
28	बेलजियम	300.8	542.7
29	साऊदी अरब	300.6	540.8
30	बुरकिना फासो	280.9	617.7
31	कैमरुन	279.8	586.5
32	सेनगल	272.6	518.5
33	टोगो	242.0	511.1
34	वियतनाम	221.9	340.9
35	नीदरलैंड्स	192.5	273.2

क्र. सं.	देश	परिमाण (मे. टन में)	मूल्य (₹ लाखों में)
36	ईरान इस्लांम गणराज्यी	168.1	282.2
37	कांगो	166.8	352.0
38	चीन जन गणराज्य	147.4	230.8
39	गिनिया	138.1	320.6
40	स्पेन	135.7	249.2
41	नाइजीरिया	130.9	267.4
42	कज़ाखस्तान	106.0	184.4
43	ग्रीस	103.4	158.6
44	आस्ट्रेलिया	92.1	232.1
45	जार्जिया	91.3	151.3
46	बलगेरिया	72.7	109.4
47	लिथुआनिया	65.7	99.5
48	एस्तोनिया	64.9	102.6
49	हंगरी	63.9	82.8
50	ताहिती	56.2	109.5
51	टुनीशिया	54.4	122.4
52	दक्षिण अफ्रीका	49.9	85.8
53	केनिया	49.4	83.2
54	घाना	42.7	90.5
55	उज़बेकिस्तायन	38.0	49.0
56	संयुक्त अरब अमीरात	34.7	70.1
57	दुबई	26.0	40.6
58	लिबिया	24.2	51.1
59	बांगलादेश	23.4	35.6
60	अरमेनिया	20.3	19.9
61	मंगोलिया	20.3	34.5
62	उत्तर कोरिया गणराज्या	20.0	31.0
63	स्विटज़रलैंड	19.5	42.0
64	गांबिया	19.3	39.2
65	गाबोन	18.8	47.1
66	अमेरिकन समोवा	18.7	30.5
67	तुर्कमेनिस्तान	18.6	44.8
68	अलजीरिया	17.9	45.4
69	क्रोएशिया	17.9	32.2
70	मिस्र	15.6	29.8
71	मध्य आफ्रिका गण राज्य	9.5	21.8
72	सियारा लियोन	9.4	25.6
73	हाँगकोंग	8.7	15.1
74	ताजिकिस्तान	1.3	2.1
75	श्रीलंका	0.8	1.8
76	थाइलैंड	0.5	1.3
	कुल	**78043.6**	**132420.8**

विशिष्ट एवं मूल्य संवर्धित कॉफ़ी का निर्यात 2016-17

(भारतीय व पुन:निर्यातित कॉफ़ी दोनों)(अनंतिम)

क्र. सं.	कॉफ़ी के प्रकार	परिमाण (मे. टन में)	मूल्य (₹ लाखों में)
1	विशिष्ट ग्रीन कॉफ़ी	16599.44	36356.76
2	घुलनशील, रोसड व ग्राउंड कॉफ़ी	107810.94	185878.67
3	ग्रीन कॉफ़ी	231609.22	342001.62
	कुल	**356019.60**	**564237.05**

2016-17 के दौरान प्रमुख 10 निर्यातकों द्वारा कॉफ़ी निर्यात

(भारतीय व पुनःनिर्यातित कॉफ़ी दोनों) (अनंतिम)

क्र. सं.	निर्यातक का नाम	परिमाण (मे.ट.में)	मूल्य (₹ लाखों में)	मूल्य ($ लाखों में)
1	सी सी एल प्रोडक्टस् (इंडिया) लि.	37170.3	65590.4	977.7
2	अल्लानासन्स प्राइवेट लिमिटेड	34967.7	57669.4	861.1
3	एन.के.जी इंडिया कॉफ़ी प्रा.लि.	27908.8	37023.4	553.6
4	टाटा कॉफ़ी लि.	26208.0	46973.7	701.0
5	एस.एल.एन कॉफ़ी प्रा. लि.	25381.5	38223.5	570.2
6	एनईडी कमोडिटीस प्राइवट लि.	22856.9	28884.2	430.6
7	ओलम एग्रो इंडिया प्राइवेट लिमिटेड	19210.1	27306.2	407.3
8	कॉफ़ी डे ग्लोबल लिमिटेड	17169.8	27518.6	411.0
9	ईएमआईएल ट्रेडर्स प्राइवट लि.	14038.2	18073.5	269.5
10	नेस्ले इंडिया लिमिटेड	13834.4	23074.8	343.8
11	अन्य	117273.9	193899.4	2595.5
	कुल	**356019.6**	**564237.1**	**8421.3**

निर्यात प्रोत्साहन

XII योजना अवधि (2012-17) के 'समेकीकृत कॉफ़ी विकास परियोजना' स्कीम के अंतर्गत 'निर्यात संवर्धन योजना' घटक के अधीन उत्तम मूल्य कॉफ़ी एवं मूल्य संवर्धित कॉफ़ी के निर्यात हेतु निर्यात प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए भारत सरकार ने पत्र सं 04/01/2013 - प्लांट-बी दिनांक 18.12.2014 के अधीन अनुमोदन की सूचना प्रदान की गई है।

महत्वपूर्ण उत्तम मूल्याधिष्ठित अंतरराष्ट्रीय बाज़ारों में मूल्य संवर्धित कॉफ़ी तथा उत्तम मूल्य विभेदीकृत कॉफ़ी बाज़ार के शेयर संवर्धन से निर्यात अर्जन का प्रवर्धन इस योजना का उद्देश्य है।

यह XI वीं योजना की अवधि के दौरान प्रारंभित नैरंतरिक योजना है तथा XII वीं योजना की संशोधित प्रणाली के अनुक्रम के साथ इसे बोर्ड की वेबसाइट में उपलब्ध कराया गया है।

प्रोत्साहन के मानदंड

i) 'इंडिया ब्रैंड' के रुप में निर्यातित रीटेल उपभोक्ता पैक में मूल्य संवर्धित कॉफ़ी के निर्यात के लिए प्रति कि.ग्रा. ₹ 3/- इंस्टेंट/घुलनशील कॉफ़ी के लिए 2.6 कि.ग्रा. तथा रोस्टड कॉफ़ी बीज एवं रोस्टड व ग्राइंडेड कॉफ़ी के लिए 1.19 कि.ग्रा. की अधिकतम दर पर उसके निर्माण/तैयारीकरण के लिए प्रयुक्त ग्रीन कॉफ़ी पर अनुमानित किया जाता है।

ii) सं रा अ, कनाडा, जापान, आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, दक्षिण कोरिया, फिनलैंड तथा नार्वे जैसे दूरवर्ती उत्तम मूल्य बाज़ारों को उत्तम मूल्य ग्रीन कॉफ़ी के निर्यात के लिए प्रति किलो ₹ 2/- का निर्यात प्रोत्सोहन प्रदान किया जा रहा है।

वर्ष 2016-17 के दौरान उपरोक्त गतिविधियों के अधीन प्राप्त भौतिक एवं वित्तीय उपलब्धियों का विवरण निम्नलिखित है :

क्र. सं.	घटक	परिमाण (मे. टन में)	मूल्य (₹ लाखों में)
1.	दूरवर्ती बाज़ारों पर उत्तम मूल्य की ग्रीन कॉफ़ी के निर्यात के लिए प्रदत्त प्रोत्साहन	8664.07	169.99
2.	'इंडिया ब्रैंड' के रुप में रिटेल पैक में मूल्य संवर्धित कॉफ़ी के निर्यात के लिए प्रदत्त प्रोत्साहन	6580.67	197.44
	कुल	**15244.74**	**367.43**

भारतीय कॉफ़ी के ब्रैंडिंग के लिए लॉगो

भारतीय कॉफ़ी बोर्ड, इंडिया ब्रैंड्स के रुप में मूल्य संवर्धित कॉफ़ी के निर्यात के प्रवर्धन तथा छाया में उगती, धारणीय व चमकीली भारतीय कॉफ़ी चित्रित कॉफ़ीज़ ऑफ़ इंडिया लॉगो के द्वारा भारतीय कॉफ़ी की पहचान के सशक्तीकरण का कार्य कर रहा है। इससे प्रतीकात्मक रुप से यह सत्य प्रतिपादित किया जाता है कि भारतीय कॉफ़ी छाया में उगाई जाती है तथा भारत के कॉफ़ी क्षेत्र संसार के 25 जैव-विविधतायुक्त महत्वपूर्ण क्षेत्रों में से एक है और भारत की वैविध्यपूर्ण कॉफ़ी की झाँकी भी प्रस्तुत की जाती है।

फ्लैवर ऑफ़ इंडिया कप्पिंग प्रतियोगिता

